R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -247 | ग्वालियर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेतागण 16 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नामांकन में शामिल होंगे






दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

शिवपुरी, लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व गुना-शिवपुरी के प्रवास पर रहेंगे। 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुना, शिवपुरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा गुना, शिवपुरी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान गुना, शिवपुरी, केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना व शिवपुरी, पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा शिवपुरी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सुरेश पचौरी शिवपुरी व ईसागढ़ प्रवास पर रहेंगे। सभी नेताद्वय केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नामांकन में शामिल होंगे एवं जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 अप्रैल को गुना, शिवपुरी एवं छिंदवाडा जिले के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. यादव दोपहर 1.45 बजे शिवपुरी कलेक्ट्रेट कार्यालय में केन्द्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नामांकन दाखिल कराने के पश्चात दोपहर 2.30 बजे पोलो ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा 16 अप्रैल को गुना, शिवपुरी प्रवास पर रहेंगे। श्री शर्मा प्रातः 11.10 बजे गुना के हनुमान टेकरी में पूजन अर्चन करेंगे। दोपहर 1.45 बजे शिवपुरी कलेक्टर कार्यालय में केन्द्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नामांकन दाखिल कराने के पश्चात दोपहर 2.30 बजे पोलो ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

- पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 16 अप्रैल को गुना और शिवपुरी जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री चौहान दोपहर 1.45 बजे शिवपुरी कलेक्टर कार्यालय में केन्द्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नामांकन दाखिल कराने के पश्चात दोपहर 2.30 बजे गुना के पोलो ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

- केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 16 अप्रैल को गुना में प्रातः 9.30 बजे हनुमान टेकरी मंदिर में दर्शन करने के पश्चात् प्रातः 1.45 बजे शिवपुरी पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे एवं दोपहर 2.30 बजे पोलो ग्राउन्ड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

- पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा शिवपुरी प्रवास पर रहेंगे एवं नामांकन व जनसभा में शामिल होंगे।

- पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सुरेश पचौरी 16 अप्रैल को गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। आप दोपहर 1.45 बजे शिवपुरी पहुंचकर केंद्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नामांकन पत्र दाखिल कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसके पश्चात् जनसंपर्क करेंगे। आप सायं 5 बजे ईसागढ़ के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। (राजलखन सिंह) संभागीय मीडिया प्रभारी ग्वालियर-चम्बल संभाग



# ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में सोमवार को 4 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे

### नामांकन के लिये अब तीन दिन शेष

ग्वालियर ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में सोमवार को 4 उम्मीदवारों द्वारा अपनी नामजदगी के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए। इन प्रत्याशियों ने कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान को अपने ङ्क अपने नाम निर्देशन पत्र सौंपे। ज्ञात हो गत 12 अप्रैल को निर्वाचन की सूचना जारी होने के बाद एक उम्मीदवार द्वारा नामांकन भरा गया था। इस प्रकार ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में अब तक कुल 5 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरे जा चुके हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार 15 अप्रैल को ग्वालियर जिले के ग्राम दंगियापुरा निवासी श्री भारत सिंह कुशवाह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। इनके अलावा मस्जिद रोड़ शताब्दीपुरम ग्वालियर निवासी श्री राम प्रकाश सिंह पाल ने राष्ट्रीय उदय पार्टी, रिसाला बाजार मुरार निवासी श्री चंदन राठौर ने परिवर्तन समाज पार्टी एवं श्रीराम कॉलोनी झाँसी रोड़ ग्वालियर निवासी डॉ. पी डी अग्रवाल ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरे।

नामांकन के लिए अब तीन दिन शेष बचे हैं। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक अब 16, 18 व 19 अप्रैल को प्रात॰ 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें।

शासकीय अवकाश होने की वजह से 17 अप्रैल को नामांकन का सिलसिला बंद रहेगा। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी। 22 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सभी दिवसों में प्रात॰ 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक यह कार्यवाही संपादित होगी। ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी। ज्ञात हो ग्वालियर कलेक्ट्रेट में कलेक्टर न्यायालय कक्ष में बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।



# बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता पर्ची वितरण प्रारंभ

### पर्ची प्राप्त कर मतदाता हुए खुश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास

नर्मदापुरम/सिवनी मालवा-ः आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 दिनांक 26 अप्रैल 2024 को संपन्न होना है विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के मतदान केंद्र क्रमांक 1 से 318 तक के मतदाताओं को बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य किया जा रहा है मतदान क्रमांक 1 से 192 तक के बीएलओ को निर्वाचन कार्यालय सिवनी मालवा से निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया गया वही मतदान केंद्र क्रमांक 193 से 218 तक निर्वाचन कार्यालय डोलरिया निर्वाचन कार्यालय प्रभारी श्रीमती कंचन पिथलानी द्वारा किया गया मतदान केंद्र क्रमांक 219 से 318 तक निर्वाचन कार्यालय इटारसी से नायब तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी द्वारा मतदाता पर्चियो का वितरण किया गया सेक्टर क्रमांक 14 मतदान केंद्र क्रमांक 168 के बीएलओ लोकेश कुमार गौर, मतदान केंद्र क्रमांक 162 भडग चिकली के बीएलओ प्रदीप कुमार गौर, मतदान केंद्र क्रमांक 124 मोर घाट के बीएलओ राजेश रघुवंशी द्वारा बताया गया कि निर्वाचन कार्यालय से मतदाता पर्ची प्राप्त हुई थी सभी मतदाताओं को समय सीमा में रहकर मतदाता पर्चियो का वितरण किया जा चुका है तथा वितरण की सूचना निर्वाचन कार्यालय में दी जा चुकी है आगामी 26 अप्रैल 2024 को मतदाताओं को मतदाता पर्ची लेकर मतदान केंद्र पर जाना है।

# अंबाह सिविल अस्पताल में 100 बिस्तर का नया अस्पताल बनेगा, मिलेगी आधुनिक चिकित्सा की सुविधाएं




अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अंबाह । सिविल अस्पताल अम्बाह में साढ़े चौबीस करोड़ की लागत से नया सिविल अस्पताल भवन का प्रथम दौरा निर्माण शुरू हो गया है। इससे पहले ब्रिटिश काल के पुराने भवन को तोड़ने का कार्य किया गया। भवन तोड़ने काम दो महीने में पूरा हो पाया। यहां बता दें कि अंबाह में 100 बिस्तर का नया अस्पताल बनाया जा रहा है। इस अस्पताल का भवन बनाने के लिए नगर के बाहर भी जमीन की तलाश की गई थी। लेकिन इनानकी गांव के अलावा अन्य किसी जगह 8 से 10 हेक्टयेर जमीन उपलब्ध नहीं हुई। लेकिन उक्त जमीन नगर से काफी दूर होने के कारण यहां अस्पताल बनाना उचित नहीं समझा गया। इसके बाद चंबल कॉलोनी के पीछे जमीन चिन्हित की गई। लेकिन जरूरत के मुताबिक जमीन यहां भी नहीं मिलने से यहां अस्पताल नहीं बन पाया। इसके ब्रिटिश काल के पुराने अस्पताल भवन को तोड़कर नया भवन निर्माण युद्ध स्तर से शुरू हुआ है ,

सिविल अस्पताल में वर्तमान में एक साल में 4 हजार मरीज ही भर्ती रह पाते हैं। जिनमें तीन हजार प्रसूता महिलाएं व 250 बच्चे एनआरसी में भर्ती रहते हैं। लेकिन अब नए अस्पताल में साल भर में 12 हजार मरीज भर्ती रह सकेंगे। यहां बताना जरूरी है कि सिविल अस्पताल में अप्रैल से जून तक प्रतिदिन 14 से 15 प्रसव कराए जाते हैं। जुलाई से लेकर अगस्त के बीच यह संख्या बढ़कर 25 से अधिक हो जाती है। लेकिन नए अस्पताल में अब प्रसूताओं को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। हालांकि अस्पताल की सुविधा के लिए लोगों को एक साल का इंतजार करना होगा।एक साल में 12 हजार मरीजों को भर्ती हो सकेंगे

### पुराने भवन को तोड़ने के बाद शुरू हुआ नया भवन बनाने का काम एक छत के नीचे सभी आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं

योजना के मुताबिक सिविल अस्पताल के नए भवन का निर्माण लगभग एक साल में पूरा हो जाएगा। अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध हो सकें। इसलिए अस्पताल परिसर में उनके रहने के लिए क्वार्टर भी बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में नया अस्पताल भवन बनाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। बताया गया है कि निर्धारित समय में अस्पताल भवन बनने के बाद यहां आने वाले मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सकेंगी।

पुराने भवन को तोड़ने के बाद सिविल अस्पताल का नया भवन बाने के लिए प्रथम चरण का काम शुरू हो गया गया है है। 24.5 करोड़ की लागत से आधुनिक अस्पताल बनाया जा रहा है। अस्पताल बनाने का कार्य लगभग एक साल में पूरा हो जाएगा। इसके बाद यहां हमेशा 100 मरीज को भर्ती रखा जा सकेगा।

### इनका कहना है कि

सिविल अस्पताल में नया भवन बनने से बेड की संख्या 100 हो जाएगी , बेड संख्या बढ़ने से स्टाफ एवं डॉक्टर के पद भी बढ़ जाएंगे जिससे मरीजों को और अच्छी सुविधाये मिल सकेंगी ,

*प्रमोद शर्मा बीएमओ सिविल अस्पताल अंबाह*








# मुरैना श्योपुर तक जाने वाली रथ यात्रा का आज पोरसा चौराहा अम्बाह पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अम्बाह के द्वारा यात्रा में पैदल चल रहे लोगो का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अम्बाह । मुरैना श्योपुर जाने वाली रथयात्रा मे पैदल चल रहे अम्बाह पोरसा चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ने फूल माला पिहनाकर स्वागत किया, स्वागत करने वालों में भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अखलेश उर्फ कल्ला शर्मा ,वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह तोमर जी बच्चू लाल गुप्ता जी, जिनेश जैन, कविंद्र सिंह तोमर जी ,खेमसिंह भदोरिया जी, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश सखवार जी, उमेश जैन जी विजय गुप्ता जी ,योगेश सिंह चौहान बंटी ,गिर्राज तिवारी जी, संतोष वर्मा जी संजीव जैन बिल्लू टिल्लू तोमर जी ,लाला अग्रवाल जी, राजेश कपासिया जी रामू गुर्जर जी भीम तोमर जी, विकास गुप्ता जी, गौरव तोमर जी, सत्यवान तोमर जी, लवकुश चौधरी ओमवीर तोमर जी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सबलगढ, रामपुर टेटरा,ग़ामीण क्षेत्रों में प्रत्यासी ने किया जनसम्पर्क

सबलगढ़ विधानसभा में व्यापारियों ने नव वर्ष मिलन समारोह मनाया।।

सबलगढ़।।सबलगढ विधानसभा में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत2081 के उपलक्ष्य में जनमंच सबलगढ द्वारा मिलन समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत रामपुर, टेंटरा,गाजीखेड़ा एवं शहर की राधा कृष्ण धर्मशाला में ब्यापारी मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें मुख्यातिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर जी रहे उनके साथ में भारतीय जनता पार्टी मुरैना श्योपुर लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर जी व भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता डॉ मनु शर्मा जिला उपाध्यक्ष अशोक पाराशर बनवारी लाल धाकड़ सोनेराम केवट धीरेंद्र जादौन महाराज सिंह रावत रामदयाल रावत जिला जनपद सदस्य सबलगढ़ की विधायक श्रीमती सरला विजेंद्र रावत जी मुरैना श्योपुर लोकसभा के संयोजक अनूप सिंह भदौरिया जी व पूर्व जिलाध्यक्ष केदार सिंह यादव बाबूजी दर्शन सोनी श्रीनिवास त्यागी अरविंद मंगल राजेश गॉड अशोक गौड़ नगर मंडल अध्यक्ष अवधेश गोयल प्रमोद सिंह जादौन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजब सिंह सिकरवार राजेंद्र मारिया जी सहित पार्टी के बरिष्ठ कनिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश एवं शोभा यात्रा निकाली गई

### *जिसका जगह–जगह हुआ स्वागत में स्वल्पहार ठंडाई शरबत वह ठंडा जल सभी शोभायात्रा में शामिल लोगों को दिया गया*

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

पोरसा। आज समाजसेवी श्रीमती मंजू उमाशंकर गुप्ता के द्वारा श्री नागाजी सरोवर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कराया गया ,,,,कथा की शुभारंभ से पूर्व श्री नागाजी मंदिर से 108 कलशो के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा में सबसे आगे उमाशंकर गुप्ता अपने सर पर पोथी रखकर चल रहे थे, उनके पीछे 108 महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर के चल रही थी उसके पीछे बग्गी में कथा वाचक पंडित कुंडल कृष्ण शास्त्री चल रहे थे ,उसके पीछे वाली बग्गी में नागजी सरकार के महामंडलेश्वर महंत राम लखन दास महाराज एवं पुजारी संजू दास महाराज चल रहे थे ,उसके पीछे बगगी में यज्ञाचार्य पंडित शंभू दयाल शास्त्री मानपुर वाले एवं नागजी गौशाला के संचालक संत बृजकिशोर पागल दास बाबा चल रहे थे शोभा यात्रा बेंड बाजों के साथ श्री नागाजी मंदिर से शुरू हुई जो पुराने थाने नई बस्ती पंडित पुत्तुराम स्कूल वाली गली बंसी वाले मंदिर सब्जी मंडी रोड होते हुए सदर बाजार पहुंची जहां पर नत्थीलाल गंगिल ,अनिल कुमार गांगिल, सूरत राम गुप्ता, चिरंजी लाल गुप्ता, भरे गुप्ता, मुकेश गोयल ,कमल गांगिल, राधा कृष्ण गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता आदि लोगों ने शोभायात्रा में चल रहे लोगों को भक्तों को स्वल्पहार कराया तथा ठंडाई पिलाई एवं मीठा शरबत भी दिया गया इसके बाद शोभा यात्रा अम्बाह रोड़ होते हुए श्री नागाजी सरोवर में पहुंची जहां पर आज श्रीमद् भागवत कथा सुनने के महत्व परपंडित कुंडल कृष्ण शास्त्री ने विस्तार से लोगों को समझाया।



# भाजपा के घोषणा पत्र में महिला, युवा, गरीब और किसान पर फोकसः श्यामबिहारी जायसवाल

## विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी साबित होगी मील का पत्थर, भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

कोरिया। जिस तरह विधानसभा चुनाव 2023 के लिए जारी मोदी की गारंटी जो 100 दिन के छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के कार्यकाल में सफलता पूर्वक पूरी हुई और मोदी की गारंटी पर लोगों का विश्वास हुआ अटल । आज उसी की तर्ज पर लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आगामी 5 वर्षों में पूरी की जाने वाली मोदी की गारंटी और भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया गया है जिस संबंध में आज दिनांक 15 अप्रैल को कोरिया जिले के बैकुंठपुर भाजपा कार्यालय में प्रदेश के स्वास्थ मंत्री माननीय श्याम बिहारी जायसवाल ने भाजपा के संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 के विषय में प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया की भाजपा का संकल्प - मोदी की गारंटी 2024। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र 76 पन्नों का है। घोषणा-पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं। इसमें नमो एप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले हैं । संकल्प पत्र को 24 समूहों में बाँटा है। 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा, मध्यम वर्ग, मछुआरे, वंचित वर्ग, सीनियर सिटीजन, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग शामिल हैं। वहीं, गवर्नेस को 14 सेक्टर में बाँटा गया है । इनमें भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज ऑफ लिविंग, विरासत का विकास, गुड गवर्नेंस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टर्स का विकास, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा है । पूरे देश ने इस बात को माना है कि ÷मोदी की गारंटी, यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। भाजपा जो कहती है, उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती है लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं, तो उसे भी पूरा करके दिखाती है । आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पेश किए जाने वाला संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है तो यह पूरा होकर रहेगा । आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 और 2019 में प्राप्त पूर्ण बहुमत को गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा और किसान को समर्पित किया। उनके शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है । डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1952 में जिस विचार को साझा किया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने आगे बढ़ाया, भारतीय जनता पार्टी का








%संकल्प पत्र% उसी वैचारिक अधिष्ठान का पर्याय है । भाजपा का संकल्प पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है । ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मज़बूत स्तंभ- युवा शक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब, सभी को सशक्त करता है, भारत से अवैध रूप से ले जाई गई भारतीय मूर्तियों और कलाकृतियों को वापस लाया जाएगा, विश्व के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में शास्त्रीय भारतीय भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था । भारत की सांस्कृतिक विरासत का विकास । भारतीय सभ्यता के स्मारकों को पुनर्जीवित किया जाएगा, भारतीय सभ्यता के स्थलों और स्मारकों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए अन्य देशों के साथ सहयोग किया जाएगा। भगवान राम की विरासत का संरक्षण और प्रचार किया जाएगा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के स्मरणमें दुनिया भर में उत्साह के साथ रामायण उत्सव मनाया जाएगा।

### मुद्रा ऋण के तहत ऋण सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख 3 करोड़ महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी, राष्ट्रीय सहकारिता नीति

2025 में जनजातीय गौरव दिवस।विश्वभर में संत तिरुवल्लुवर केंद्र ।तमिल भाषा को बढ़ावा दिया जाएगा, मोदी की गारंटी और भाजपा के संकल्प पत्र 2024 के प्रेसवार्ता में स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू,जिला संवाद प्रमुख विमल कांत गुप्ता,अरशद खान सहित पत्रकार गण शामिल रहे ।



# अपना हक पार्टी प्रत्याशी मोहित यादव के चुनाव प्रचार ने पकड़ा जोर

***गांव गांव जाकर वोट मांग रहे अपना हक पार्टी प्रत्याशी।***

***अतिशीघ्र दोनों जनपद के पत्रकार अपने पत्रकार साथी के चुनाव की बागडोर सँभालेंगे।***

***विपक्षियों में मची खलबली।***

(यूपी हैड देवेंद्र शर्मा देवू की कलम से)

लोकसभा चुनाव 2024 की तिथियां ज्यो ज्यों नज़दीक आती आ जा रही,सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रत्यासी उतनी ही तेजी से अपने अपने समर्थकों सहित चुनाव प्रचार में जुट गए हैं।जहाँ भाजपा के दो बार के सांसद मुकेश राजपूत हैट्रिक लगाने की तैयारी में नजर आ रहे हैं।और आये भी क्यो न उनको स्वयं की जाति के अलावा भाजपा का परम्परागत वोट तो मिलेगा ही अपितु केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी लाभ मिलेगा।वही सपा प्रत्यासी डॉ0नवल किशोर शाक्य भी अपने सजातियों के साथ सपा के पारंपरिक यादवों के बलबूते पर अन्य जातियों के वोट की ताकत पर चुनाव जीतने की बात करते नजर आ रहे हैं।वही अपना हक पार्टी ने यादव समाज के पत्रकार मोहित यादव को अपना प्रत्यासी घोषित कर सपा की नींद हराम कर दी है।सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि अतिशीघ्र ही एटा जनपद और फर्रुखाबाद जनपद के पत्रकार अपने पत्रकार साथी को चुनाव लड़ाने के लिए एकजुट होकर मैदान में उतरने वाले हैं।अगर ऐसा हुआ तो सपा प्रत्यासी की मुश्किलें बढ़ती नजर आएगी।सपा प्रत्यासी ने एक मुलाकात के दौरान बताया कि शीघ्र ही हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय यादव फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र का भृमण कर अपना हक पार्टी के प्रचार में समय देंगे।बातों ही बातों में मोहित यादव ने बताया कि सपा द्वारा यादवों की उपेक्षा से फर्रुखाबाद लोकसभा सभा का यादव समाज अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है।जिसका लाभ यादव होने के नाते मुझे मिल रहा है।मोहित यादव ने बड़ी ही गर्मजोशी के साथ बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के आते ही चुनाव का दृष्टिकोण ही बदल जायेगा अंत मे उन्होंने लोकसभा40 के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आप क्षेत्र की तरक्की और खुशहाली के लिए नौजवान प्रत्यासी को चुनकर भेजें तभी क्षेत्र का विकास सम्भव है।अब देखना यह है, कि मतदान के उपरांत जब परिणाम आयेंगे तो किसका भाग्य चमकता है।

# मैं विधायक बनकर खुश, मुझे कोई पद की लालसा नहींः रेणुका सिंह

**लोस चुनाव के बाद मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर लगाए जा रहे अटकलों के बीच विधायक रेणुका सिंह का बयान आया सामने**

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

मनेन्द्रगढ़। मैं विधायक बनकर खुश हूं। मेरा काम जनता की सेवा करना है। मैंने गांव के लोगो की तकलीफ को देखा है। उन तकलीफों को मुझे दूर करना है। मैं तय कर ली हु की मुझे सिर्फ जनता की सेवा करना है। मैं विधायक के रूप में सांसद के रूप में रह चुकी हूं, मैं दोनों सरकार में मंत्री रह चुकी हूं अब मेरा जीवन सिर्फ जनता की सेवा के लिए है। यह बातें पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने मीडियाकर्मियों से




चर्चा के दौरान कही। मीडियाकर्मियों ने जब विधायक रेणुका सिंह से सवाल किया कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश के मंत्रिमंडल में फेरबदल होता है और आपको मंत्रीमंडल में जगह मिलती है तो क्या करेंगी। इस सवाल के जवाब में विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि,

पार्टी मुझे जब जब जो जिम्मेदारी देती है मैं उसका पालन करती हूं। मण्डल अध्यक्ष से लेकर केंद्रीय मंत्री तक रह चुकी हूं। ट्राइबल मोर्चा के विभिन पदों पर काम मैंने किया है। जब जब पार्टी जो जिम्मेदारी देगी मैं उसे बखूबी निभाऊंगी। पत्रकारों ने जब विधायक रेणुका सिंह से पूछा कि क्षेत्र की समस्या को दूर कैसे किया जाएगा के सवाल के जवाब में रेणुका सिंह ने कहा कि, मैं लगातार भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रही हु। लोगो से मिल रही हु उनकी दुख तकलीफें जान रही हु। इस पर कार्ययोजना बनाकर मैं काम कर रही हु जल्द ही इसका परिणाम आप सबके सामने होगा।

### मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल था नाम

गौरतलब है कि विधायक रेणुका सिंह का नाम मुख्यमंत्री की दौड़ में भी खूब आगे चल रहा था। केंद्र सरकार मे केंद्रीय राज्यमंत्री रहते हुए रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा से चुनाव लड़ा और कठिन सीट समझे जाने वाली सीट पर भाजपा का परचम लहराया। छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार में इकलौती मंत्री होने के कारण रेणुका सिंह का नाम सीएम पद की रेस में भी खूब चला।

# लोकसभा चुनाव को लेकर अपना दल एस की समन्वय बैठक हुई संपन्न

*केसरिया हिंदुस्तान सलमान अहमद ब्यूरो फर्रुखाबाद*

फर्रुखाबाद,आवास विकास स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपना दल एस की चुनाव के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश सरकार में सदस्य प्राविधिक शिक्षा बोर्ड उत्तर प्रदेश ब अपना दल एस फर्रूखाबाद लोक सभा के प्रभारी जे एन कटियार का अपना दल एस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने माल्यार्पण कर स्वागत किया इसके बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया सबसे पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ब डा.सोने लाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए,उन्होंने अपना दल एस के सभी कार्यकर्ताओं से गठबंधन प्रत्याशी मुकेश राजपूत को अधिक से अधिक मतों से विजई बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए,उन्होंने कहा कि पिछली बार सांसद जी ढाई लाख वोटो से लोक सभा चुनाव जीते थे। इस बार यह आंकड़ा हमें 5 लाख का करना है।इसके लिए हम सबको तत्काल प्रभाव से चुनाव में जुट जाना है और मोदी जी को पुनः



प्रधानमंत्री बनाना है।वहीं एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने कहा कि जिस किसी कार्यकर्ता को प्रचार सामग्री एवं प्रचार में उपयोग किए जाने वाले संसाधनों की आवश्यकता हो वह लोकसभा चुनाव कार्यालय से प्राप्त कर ले,अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी पार्टी का एक विधायक है। उस विधानसभा में जिले की सारी विधानसभा से ज्यादा वोट दिलवाने का कार्य किया जाएगा यह उनका वादा है,इस दौरान अपना दल एस के युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव सुरजीत कटियार अपना दल एस के प्रदेश मीडिया प्रभारी विश्व प्रकाश चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार,युवा मंच जिलाध्यक्ष अजीत पटेल,महिला मंच जिलाध्यक्ष मधु गंगवार,ललित पटेल,विधान सभा अध्यक्ष वीरेंद्र राजपूत,अंतराष्ट्रीय शूटर अनिल पाल,वतन गंगवार,संदीप कुर्मी,अबिनेंद्र सिंह,प्रधान हरिदत्त शाक्य,साकेत गंगवार,सुमित गंगवार,मुकेश यादव, शायद दो सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



# सरोज पांडेय ने साधा ज्योत्सना महंत पर निशाना, कहा गलती करने वालों को मिलेगी सजा, दो दो कलेक्टर इस वक्त जेल में हैं भ्रष्टाचार की जानकारी होने के बाद भी ज्योत्सना महंत ने कोई कार्रवाई नहीं की?

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

एमसीबी। कोरबा लोकसभा सीट पर 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होना है. कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों चुनाव प्रचार में जीन जान से जुटे हैं. भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा है कि गलती करने वालों को जरुर सजा मिलेगा. जिले के दो दो कलेक्टर जेल में हैं बावजूद इसके ज्योत्सना महंत ने कोई कार्रवाई करने से मना कर दिया. सरोज पांडेय ने कहा कि वक्त का इंतजार करिए. सरोज पांडेय के ताजा बयान के बाद प्रदेश का सियासी पारा गर्माने वाला है।

सरोज पांडेय ने कांग्रेस की सरकार के दौरान कोरबा में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वक्त का इंतजार जिसने भी गड़बड़ी की है उसको तो सजा मिलनी ही है. कोरबा में हुए भ्रष्टाचार का सीधा सीधा समर्थन सांसद ज्योत्सना महंत का रहा है. सरोज पांडेय ने आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार पर मौन समर्थन करना और कार्रवाई से इंकार करना कई सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि वक्त का इंतजार करिए. सबका नंबर आने वाला है. दो कलेक्टर जेल में हैं उनकी जमानत नहीं हुई है. भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है. कोरबा के मामले पर ज्योत्सना महंत चुप रहीं. पांच साल में उन्होने कोई काम नहीं किया।

सरोज पांडेय ने कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा पर तो हमला बोला ही साथ ही साथ राहुल गांधी पर भी जवाबी हमला बोला. सरोज पांडेय ने कहा कि कोरबा विकास से अछूता इसलिए रहा क्योंकि यहां दस सालों में कोई विकास का काम नहीं हुआ. पांच सालों में ज्योत्सना महंत ने यहां कोई काम नहीं कराया।

# नगीना धूमधाम से मनाई बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

धन केसरी हिंदुस्तान जिला रिपोर्टर बिजनौर मनोज टंडन



कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक सतीश गौतम एवं समिति के पदाधिकारी ने किया, शोभा यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां एवं बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही।शोभा यात्रा में महिलाओं बच्चों नौजवानों एवं बुजुर्गों ने प्रतिभाग किया,शोभायात्रा देवता मंदिर मोहल्ला चौधराना से प्रारंभ होकर जामा मस्जिद बड़ा मंदिर मंडी मालगंज नगर पालिका नगीना गांधी मूर्ति से होती हुई अंबेडकर स्मारक स्टेशन रोड नगीना पर विचार गोष्ठी में परिवर्तित हो गई।कार्यक्रमों में विभिन्न दलों के प्रत्याशी एवं विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यतः पूर्व विधायक सतीश गौतम,विधायक मनोज पारस, विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार, पूर्व मंत्री ओमवती देवी,अनूप वाल्मीकि,रोहित कुमार रवि, बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह, बृजपाल सिंह, आजाद समाज पार्टी प्रत्याशी चंद्रशेखर, नगर पालिका अध्यक्ष पुत्र सिराज खलील,क्षेत्रीय प्रबंधक ओरिएंटल इंश्योरेंस एस पी सिंह, पूर्व श्रम उपायुक्त रोशन लाल,गोपाल सिंह,राजकुमार सिंह,रामदयाल सिंह, भूरे सिंह,चंदेल सिंह,आदि राठौर,नीरज बिश्रोई ,डा .भूपेश, पंडित सचिन शर्मा, मास्टर धर्मवीर सिंह,आलोक प्रधान, सुगम प्रधान, बलराम एडवोकेट, चंद्रपाल सिंह ,राजेंद्र सिंह,डॉ रविकांत, रामचंद्र सिंह, रचित कुमार, बाबूराम,सीताराम, हरि सिंह,रमन कुमार,अविनाश कुमार, धर्मेंद्र पारस,ऋषिपाल,लवी मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, अमन सिंह,संदीप कुमार,रवि निमला, डॉ मनोज,डॉक्टर अशोक एवं महिलाओं समेत तकरीबन 1500 श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# यह आम चुनाव भारत के महान संविधान को बचाने का चुनाव है - अजय सिंह








## सीधी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की चुनावी सभाएं हुई।

## कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने के लिए प्रदेश के नेताओं की सभाएं हुई।

सीधी ब्यूरो

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने आज सीधी, सिंगरौली और शहडोल क्षेत्रों में पहुंचकर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हुये कहा कि यह चुनाव भारत के महान संविधान को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशिसों की जीत ही संविधान को बचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि क्यों प्रधानमंत्री मोदी जी पूरे देश में चार सौ पार सीटें जीतने का ढ़िढ़ोरा पीट रहे हैं। वे इसलिये बोल रहे हैं कि तीन चैथाई बहुमत के आधार पर बाबा साहेब अम्बेडकर के बनाये संविधान को मिटा दें और अपने अनुरूप नियम कानून बनाये। लेकिन ऐसा होगा नहीं यह केवल भाजपा का भ्रम और सपना है। उनके इस भ्रम को तोड़ने के लिये आपका सहयोग का साथ बहुत जरूरी है। नहीं तो यह जानिये कि सब कुछ हांथ से निकल जायेगा। इस मायने में यह आम चुनाव बहुत लोकतंत्र को बचाने के लिये सबसे महत्वपूर्ण अजय सिंह ने कहा कि मोदी जी ने तो 2014 और 2019 में भी बड़े-बड़े वादे जनता से किये थे। वे गारंटियाँ तो पूरी हुई नहीं और अब नई गारंटियाँ देने लगे। कहा था कि हर साल दो करोड़ रोजगार देंगे, मिला क्या ? हर आदमी की जेब में 15-15 लाख आ जायेंगे, आये क्या ? हमारे किसान उनकी गारंटियों को सच मानकर अपनी खेती-किसानी को सुधारने का सपना देखने लगे, लेकिन उन्हें बाद में पता चला कि यह केवल धोखा था। इसलिये अब सभी से आग्रह है कि इस बार उनकी बातों में बिलकुल नहीं आना है और कांग्रेस को जिता कर देश को बचाना है। श्री सिंह ने कहा कि 2014 में गुजरात से आकर मोदी जी देश से सिर्फ वायदे ही वायदे किये है। आप सभी स्वयं देख लें कि 10-15 सालों से इस क्षेत्र में भाजपा के सांसद हैं। एक ने भी ऐसा कोई बड़ा काम नहीं किया जिसे जनता देख सके। दिखाने को प्लेटफार्म का सिलान्यास तो कर दिया लेकिन सीधी-सिंगरौली रेल लाइन का काम ठप्प है। ऐसे बहुत सारे काम जो रूके हुए हैं, और आपके सामने हैं। एक समय था जब आदरणीय अर्जुन सिंह दाऊ साहब विंध्य क्षेत्र की पहचान थे। उस समय सबके काम हो जाया करते थे। याद करिये उस समय को, जब उनसे मिलकर कोई भी आदमी खाली नहीं लौटता था। इसलिये आप सभी जनता से विनम्र आग्रह है कि विन्ध्य क्षेत्र से लोकसभा के सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जितायें और राहुल गांधी जी के हांथ मजबूत करें।

### भाजपा ने चंदे को धंधा बनाया - जीतू पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पद का दुरुपयोग करते हुए संवैधानिक एजेंसियों से पहले औद्योगिक घरानों के यहां छापा डलवाया फिर उनसे मोटी रकम चंदे के रूप में वसूली। इस प्रकार काले धन को संग्रहित किया।जनता के सामने भाजपा का चाल, चरित्र व चेहरा सामने आ गया है। श्री पटवारी आज सीधी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी श्री कमलेश्वर पटेल के समर्थन में सीधी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरम बाबा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने आगे कहा कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा तरहङ्कतरह के हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने जनता से जो वायदे दो करोड़ लोगों को प्रति वर्ष नौकरी देने, देश के बाहर गया काला धन को वापस लाने, महंगाई को कम करने व किसान की खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं बताई थी जो एक भी अमल में नहीं आई है। भाजपा ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है।

### कांग्रेस अधिकारों को देने का कार्य करती है, भाजपा अधिकारों को छीनती है- कमलेश्वर पटेल

कांग्रेस पार्टी ने देश को आजादी दिलाई,सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए वंचितों, पीड़ितों व शोषितों को न्याय देने के साथ उन्हें अधिकारों को देने का कार्य कांग्रेस पार्टी ने किया है। वंही भाजपा नफरत और हिंसा की राजनीति कर आपसी भाईचारे को नष्ट कर समाज में नफरत फैला कर असली मुद्दों से ध्यान भटका रही है। उक्त विचार सीधी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल ने आज कांग्रेस के समर्थन में सीधी विधानसभा क्षेत्र के बरमबाबा में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर, क्षेत्र के आधार पर, देश को बांट रही है। श्री पटेल ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आपकी सेवा के लिए मुझे प्रत्याशी बनाया है। मेरे परिवार का जनसेवा से वर्षों पुराना नाता रहा है। मेरे पूज्य पिताजी व पूर्व मंत्री स्व.श्री इंद्रजीत कुमार जी आप सभी के आशीर्वाद से चुने जाते रहे है। उन्होंने आजीवन जन सेवा के संकल्प को निभाया है ।

श्री पटेल ने आगे कहा कि भाजपा सरकार शिक्षित युवाओं का भविष्य चौपट कर रही है। सीधी एवं सिंगरौली जिले से कई हजार स्कूलों को बंद करने का कार्य भाजपा ने किया है।आज किसान,नौजवान, आमजन व महिला परेशान है।

श्री पटेल ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने जो वायदे दस वर्ष पूर्व किए थे । जिसमें प्रतिवर्ष दो करोड लोगों को रोजगार देने का, प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15 लख रुपए जमा करने का, महंगाई को कम करने का, किसान की आय को दुगनी करने का उसमें से किसी को भी पूरा नहीं किया। यह चुनाव देश के भविष्य को तय करेगा।

श्री पटेल ने आगे कहा कि हालत बहुत खराब हो चुकी है। युवा, किसान, महिला व मजदूर सबके हालत खराब है। बदलाव के लिए कांग्रेस नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार केन्द्र में बनने जा रही है। श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश का भ्रमण कर नागरिकों के साथ हो रहे अत्याचार, शोषण एवं अनीति के विरुद्ध शंखनाथ कर जनजागरण का कार्य कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी पंच न्याय को लागू कर युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय व श्रमिक न्याय के लिए कार्य करेगी। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अरुण यादव ने आज कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में अलग-अलग स्थानों पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे केंद्र की भाजपा सरकार हो या प्रदेश की भाजपा सरकार, हर वर्ग के साथ अन्याय कर रही है। चाहे युवा हो, महिला हो, किसान हो सभी परेशान हैं। प्रदेश सकार द्वारा लगातार कर्ज लेने के बाद भी लाड़ली बहनों को 3000 रू. प्रतिमाह क्यों नहीं दिए जा रहे हैं? मोदी की गारंटी के बाद भी गेहूं/धान का घोषित समर्थन मूल्य 2700 और 3100 रू. क्यों नहीं दिया जा रहा? 450 रू. का सिलेण्डर किस परिवार को नही मिल रहा।जनसभा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष श्री ज्ञान सिंह,ज्ञानेंद्र द्विवेदी,अरविन्द चंदेल, प्रीती पटेल इंडिया गठबंधन के नेता आम आदमी से आनंदमंगल सिंह समाजवादी नेता रामप्रताप यादव,आनंद सिंह शेर,आकाश सिंह रिंकू,श्यामवाती सिंह सहित स्थानीय वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जय सिंह ने संचालित किया नि:शुल्क सार्वजनिक प्याऊ




सीधी ब्यूरो प्रमुख

शहर में जिला न्यायालय के प्रवेश द्वार -2 के सामने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जय सिंह राजू ने आज से निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से केशव द्विवेदी , विवेक गुप्ता ,मनमोहन गुप्ता, पप्पू जायसवाल और शिवेंद्र द्विवेदी सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में न्यायालय में आने वाले लोगों के साथ ही राहगीरों को शीतल पेय जल आसानी से उपलब्ध रहेगा। अभी पेयजल के लिए लोग होटलों में भटकते थे।वहां उन्हें गर्म पानी मिलता था जिससे सूखे कंठों की प्यास नहीं बुझ पाती थी। इसको देखते हुए उनके द्वारा निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ संचालित करने का छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से इस बार नगर पालिका द्वारा निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ संचालित नहीं कराया जा रहा है। इस वजह से राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। अगर स्वयंसेवी संस्थाएं, समाजसेवी ,व्यापारी संघ एवं सिंधी समाज द्वारा बाजार क्षेत्र, अस्पताल तिराहा, सम्राट चौक, सोनांचल बस सूटैण्ड ,न्यू बस स्टैण्ड आदि में निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ संचालित करने की पहल की जाये तो जरूरत मंदों को आसानी से गर्मी के दिनों में शीतल पेय जल उपलब्ध होने लगेगा।









केसरिया हिन्दुस्तान

# भाजपा की जीत सामाजिक विकास और समृद्धि की जीत होगी - भूपेन्द्र सिंह दांगी

राजीव राय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

## दांगी क्षत्रिय समाज संगठन का स्वागत समारोह

मुंगावली। यह चुनाव विकास का यज्ञ है। हमारी समाज को समझदारी से विकास के लिए वोट करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और सिंधिया देश के और क्षेत्र के विकास के लिए सहयोगी बनेंगे।

हमें उनका आगे बढ़ कर साथ देना है यह बात दांगी क्षत्रिय समाज संगठन के स्वागत कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह दांगी ने कही।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि सिंधिया तो जीत ही रहे हैं, यहां बात हार जीत के बजाए जीत का रिकार्ड बनाने की है जिसमें समाज को इकतरफा सहयोग भाजपा को करना है।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हमें लोकतंत्र के इस यज्ञ में समझदारी से अपनी वोट देना चाहिए। हम याद रखें कि सिर्फ विकास से ही समृद्धि आती है और समृद्धि का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना, सिंधिया का यहां से चुनाव जीत कर बड़े विभाग का मंत्री बनना ही हमारे समाज के विकास की गारंटी की है।




पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि दांगी क्षत्रिय समाज कृषि आधारित, मुख्यतः गांवों में निवास करने वाली समाज है। हमारे लिए बड़ी सिंचाई परियोजनाएं, हाईवे सड़कें, पर्याप्त और सस्ती बिजली, किसान सम्मान निधि, स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत योजना, हर घर नल से जल जैसी योजनाओं से ही हमारी समाज में खुशहाली आएगी।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हमें कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का शासन भी याद रखना चाहिए जब हमारे गांव, कस्बों से लेकर प्रदेश भर में न बिजली बची थी न सड़कें बची थीं, श्री सिंह ने कहा कि सिंधिया को हमारी समाज के बड़े समर्थन से हमारी समाज का भी सम्मान बढ़ेगा। सिंधिया जीतेंगे तो यह हमारे लिए विकास के अवसर की तरह होगा। सिंधिया देश और प्रदेश में बड़े कद के नेता हैं। दिल्ली और भोपाल के स्तर पर उनका प्रभाव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं सिंधिया को बहुत स्नेह करते हैं।

पूर्व मंत्री सिंह ने दांगी क्षत्रिय समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें रामराज्य की संकल्पना के आधार पर देश को आगे बढ़ाना है। इसके लिए भारत की संस्कृति, सम्मान और स्वाभिमान आवश्यक है। मुगल हमारे लाखों मंदिर तोड़ कर भी हमारे विश्वास और आस्था को नहीं डिगा सके।

देश में भगवान राम का मंदिर सबसे ज्यादा भव्यता से फिर खड़ा हो गया। हमारे संस्कृति की सुरक्षा में ही समारी सुरक्षा है। संस्कृति की रक्षा के लिए भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में लिखा है यदि हमारा राजा त्यागी और तपस्वी हो तो उसका लाभ पूरी समाज को मिलता है। आज प्रधानमंत्री मोदी त्याग और तपस्या के साथ पूरा जीवन देश को समर्पित कर रहे हैं। उनके प्रभाव के कारण ही भारत दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों की पंक्ति में खड़ा है।

उन्होंने कहा कि हमारे आपस के छोटे मोटे विवादों का असर इन बड़े चुनावों पर नहीं पड़ना चाहिए।

स्वागत समारोह को सागर सांसद राजबहादुर सिंह दांगी, पूर्व मंत्री विधायक बिजेंद्र सिंह यादव, प्रद्युम्न सिंह दांगी, मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह दांगी ने भी संबोधित किया। आभार गब्बर सिंह दांगी ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में शमशाबाद के पूर्व विधायक रुद्रप्रताप सिंह,गंजबासौदा नपा उपाध्यक्ष संदीप सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र जैन, अरविंद सिंह कुकावली, शिवराजसिंह बिलहरू, रामकिशन सिंह दांगी खजुरिया, मोहन सिंह बिलहरू, विक्रम सिंह ओंड़ेर, कुलवंत सिंह कुकावली, चंद्रभान सिंह प्यासी, राघवेन्द्र सिंह घाटबमुरिया, दांगी समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह दांगी, अर्जुन सिंह कुकावली, भीकम सिंह पूर्व सरपंच, संतोष सिंह नानोटी, तूफान सिंह, पुष्पेंद्र सिंह एड,हजारी लाल, सलकन सिंह ओंड़ेर, जितेंद्र सिंह बड़खेरा, राममिलन सिंह सहित दांगी क्षत्रिय समाज के सैकड़ों प्रतिष्ठित जनों ने हिस्सा लिया।



# 7 मई को सत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

पोरसा। आज सब्जी मंडी व फरूट मंडी में आशीष सिंह तोमर समाजसेवी ने लोगों को एकत्रित करके सत प्रतिसत मतदान करने के लिए प्रेरित कर सभी को शपथ दिलाई शपथ में खुद मतदान करेंगे तथा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे जो लोग मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाए उनको मतदान केंद्र तक ले जाकर मतदान कराने की शपथ ली आज पोरसा वार्ड क्रमांक 5 में मतदाताओं को किया जागरूक,,, समाज सेवी आशीष सिंह तोमर नंद का पुरा वाले ने वार्ड क्रमांक 5 पोरसा की फरूट मंडी में घर घर जाकर लोगो को मतदान अधिक से अधिक करने की अपील की ,अपील करने वालो में समाज सेवी आशीष सिंह तोमर नंद का पुरा,योगेश सिंह तोमर,प्रदीप तोमर,अर्जुन तोमर,लवकुश तोमर, आदित्य गुर्जर ,आशीष जाटव,कुंजबिहारी ,अभिषेक धोर्रा ,शेरा तोमर, आदित्य तोमर,अनुज तोमर, राधे।तोमर,अंकेश सिंह,गौरव तोमर,लोकेंद्र तोमर , अंकित तोमर , विकाश तोमर, विवेक साठो, आदि लोग उपस्थित हुए, सभी उपस्थित जनों ने घर-घर जाकर की मतदान का महत्व लोगों को समझाया तथा शत प्रतिशत मतदान कर अपने बोट से चुनाव करने का अधिकार जो संविधान में दिया है उसका उपयोग करें और शत प्रतिशत मतदान करें ,,शपथ में कहा गया कि जो लोग मतदाता सूची में है और मतदान नहीं करते उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा खुद वोट डालेंगे और साथियों से वोट डलवाएंगे वह परिवारियो से वोट डलवाएंगे।

# रैली, शपथ दिलाकर दिया मतदाताओ को जागरुकता का सन्देश




केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता, राकेश लोधी पिछोर, 9589655424*

पिछोर (शिवपुरी)सहायक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी जेपी गुप्ता द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए शासन स्तर पर विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है इस क्रम में आज पिछोर छत्रसाल महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति उनका कर्तव्य दिलाते हुऐ शपथ दिलाई गई तथा रैली निकाली गई ।इस मौके पर कार्यक्रम में तहसीलदार एसएस गुर्जर, नायब तहसीलदार निशिकांत जैन, प्रोफेसर तथा स्वीप प्रभारी डॉ.अरविंद यादव, पंचायत इंस्पेक्टर रामकिशन टेंगर, हरीदास त्रिपाठी, आनंद लिटोरिया सहित कर्मचारी तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

एसडीएम द्वारा सभी छात्र छात्राओं को संदेश देते हुऐ कहा कि किसी भी देश की नीब उसके लोकतंत्र पर उसकी शासन व्यवस्था पर निर्भर करती है हम लोग सौभाग्यशाली हैं जो कि भारत जैसे देश में है जो लोकतांत्रिक देश है हम सभी की भागीदारी से ही संविधान बनाया उसी के अंतर्गत हम सब कार्य कर रहे हैं,मत डालने में सभी का बराबर का अधिकार इसमें न कोई छोटा होता न कोई बड़ा।आपके एक एक मत की कीमत है एक मत भी कभी कभी प्रत्याशी का फैसला कर देता है पिछले विधानसभा चुनाव में पिछोर में 85त्न मतदान हुआ था इस बार के लोकसभा चुनाव में हमारे यहां शत प्रतिशत मतदान हो । शासन द्वारा भी कई तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं जैसे 85 वर्ष से ऊपर के मतदाता, विकलांग मतदाता, दिव्यांग मतदाता, हैं उन लोगों के घर हमारा मतदान दल जायेगा और वोट डलबाएगा। आप के मत का चुना हुआ प्रत्याशी 5 वर्ष के लिए चुना जाता है इसलिए आप लोग मतदान अवश्य करें कोई भी छात्र/छात्रा मतदान से वंचित नहीं रहना चाहिए।

# चिकित्सा प्रकोष्ठ के सम्मेलन में मंत्री सिलावट ने डॉक्टरों को नल,नील का दर्जा दिया

केसरिया हिंदुस्तान

गुना ब्यूरो राकेश किरारऔर कहा कि मैं ऐसे डॉक्टरों को प्रणाम करता हूं रविवार 14 तारीख को गुना की एक निजी होटल में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर से मंत्री तुलसी सिलावट रूबरू हुए मंत्री तुलसी सिलावट ने चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर के साथ एक निजी होटल में फैमिली की तरह 2 घंटे व्यक्तित् किया और साथ में भोजन किया और कहा कि मैं आपके साथ आपके सहयोग में सदैव तत्पर रहूंगा

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के सम्मेलन में मंत्री तुलसी सिलावट उपस्थित रहे और चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर को नल ,नील का दर्जा दिया और कहा कि अपने आपदा के समय कोरोना के समय जो काम किया है जो हिम्मत दिखाइए वह सरायनी है और आपकी वजह से जनता की जान बची है एक डॉक्टर 100 फैमिली से संपर्क रखता है और वह फैमिली डॉक्टर कहा जाता है और आप डॉक्टर की वजह से गांव सुखी जीवन जी रहा है मंत्री सिलावट ने कहा कि इस बार मोदी जी के सपने को सहकार बनाने के लिए सिंधिया को जीतने के लिए अगर गिलहरी जैसा भी योगदान रहा तो इस बार भाजपा 400 पर होगी भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ और अखिल भारतीय चिकित्सा संघ के संयुक्त तत्वाधान में गुना जिले में लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में चिकित्सकों का सम्मेलन आयोजित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री, तुलसी सिलावट उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य और ग्वालियर के संगठन प्रभारी अरुण चतुर्वेदी, विधानसभा के संयोजक आलोक विजयवर्गी ,कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और गुना शिवपुरी लोकसभा के प्रभारी डॉ सचेत व्यास ने की! कार्यक्रम का संचालन भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिले संयोजक डॉक्टर भूपेंद्र धाकडे ने किया कार्यक्रम में चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष डॉ अजीत गोयल ने चिकित्सकों के समक्ष अपने विचार रखें, कार्यक्रम में सैकड़ो चिकित्सकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉक्टर घनश्याम शर्मा ने किया इस आयोजन में 100 से अधिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर उपस्थित रहे




# अनुपयोगी एवं खुले नलकूप-बोरवेल को भरकर सुरक्षित करने के लिए समितियाँ गठित

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दिए 10 के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

ग्वालियर अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों व बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने की घटनाओं को रोकने के लिए जिले में नगर निगम ग्वालियर सहित जिले के सभी नगरीय निकाय व जनपद पंचायत स्तर पर समितियाँ गठित की गई हैं। इन समितियों का गठन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी की गई गाईडलाइन के संदर्भ में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा किया गया है। उन्होंने समिति में शामिल अधिकारियों को 10 दिन के भीतर इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं कि उनके क्षेत्र में कोई भी खुला नलकूप बिना भराव के शेष नहीं है।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी संबंधित अधिकारियों को अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों व बोरवेल को पुख्ता ढंग से सुरक्षित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे अप्रिय घटना की संभावना न रहे। उन्होंने जनपद पंचायत, नगरीय निकाय व नगर निगम के लिये गठित समिति में शामिल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अधीनस्थ अमले के माध्यम से सर्वे कराकर खुले पड़े नलकूप व बोरवेल की जानकारी संकलित करें। साथ ही उन्हें अधीनस्थ अमले मसलन सचिव ग्राम पंचायत, वार्ड प्रभारी, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, हैंडपम्प मैकेनिक, उपयंत्री पीएचई इत्यादि के माध्यम से मिट्टी, बालू, बोल्डर व गिट्टी से भरवाएँ। ड्रिल कटिंग से पूर्ण गहराई में सतह तक भराव कराने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में जनपद पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी व सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को शामिल किया है। इसी तरह नगर पालिका व नगर पंचायत स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में गठित की गई समितियों में संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी कृषि व सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

ग्वालियर नगर निगम के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में गठित की गई समिति में अपर आयुक्त नगर निगम, अनुविभागीय अधिकारी कृषि, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड क्र.-1 व नगर निगम के संबंधित क्षेत्राधिकारी को शामिल किया गया है।

## भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए भाजपा को वोट दें : तौमर

सबलगढ़/भारत को विश्वगुरु

बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। यह बात मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेन्द्रसिंह तोमर ने राधाकृष्ण धर्मशाला सबलगढ़ में आयोजित हिंदू नववर्ष मिलन समारोह में आयोजित व्यवसायियों की बैठक में बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी जी ने दुनिया मे भारत का नाम रोशन किया है तौमर ने मुरैना जिले में भाजपा द्वारा कराए गए विकास कार्य लोगों को याद दिलाते हुए कहाकि अटार पुल, नेपरी व सिकरौदा पुल, बड़ी रेल लाइन, नेशनलहाईवे 552 सब भाजपा की देन है। उन्होंने कहाकि शीघ्र ही एनएच 552 फोरलेन बनेगा। श्री तौमर ने कहाकि मुरैना में 600 बिस्तर का अस्पताल, डायलिसिस, ब्लड स्टोरेज भाजपा के कार्यकाल में ही हुए तौमर ने भाजपाउम्मीदवार शिवमंगल तौमर के लिए व्यवसायियों से न केवल वोट मांगे बल्कि कहाकि रोज दो घण्टे का समय भाजपा का प्रचार करने के लिए निकालें। मुरैना लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह, सबलगढ़ विधायक सरला रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप सिंह भदौरिया, केदार सिंह, वरिष्ठनेता राजेंद्र मरैया, कैलाश मित्तल, अजबसिंह, जिला कोषाध्यक्ष बसन्त बंसल, मण्डल अध्यक्ष अवधेश गोयल मंचासीन रहे। सबलगढ़ से पूर्व रामपुर, टेंटरा व गाजीखेड़ा में भी समारोह आयोजित किये गए

# बाइको की आमने-सामने की टक्कर में दो बाइक सवार घायल

नगीना= दो बाइको की आमने सामने की हुई भिडंत मे दोनों बाइक चालक गंभीर रूप का घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए यहां सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया घटना से परिजनों का कोहराम मचा है। सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम बूंदकी निवासी निजाम पुत्र यामीन 35 वर्ष सोमवार की 5=30 बजे हरगनपुर बाजार से वापस अपने गांव जा रहा था जब निजाम थोड़ी दूर पहुंचा और इस समय सामने से बाइक से आ रहा दीपक कुमार पुत्र संतराम 30 वर्ष निवासी ग्राम समसपुर





नसीब की दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिडंत हो गई निजाम वे दीपक दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए हरगनपुर निवासी कार्मेंद्र सिंह जो खेल कूद के लिए जा रहा था ने दोनों घायलो को अपनी डस्टर कर में डालकर उपचार के लिए यहां सीएचसी पहुंचा जहां चिकित्सा डॉक्टर जुबेर अहमद ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया घटना की सूचना दोनों घायलों के परिजनों को दी सूचना पाते ही परिजन सीएससी पहुंच गए थे।

# वर्ष की शुरुआत डा. सिमरप्रीत संधू की अध्यक्षता में 'आगाज'

*दैनिक केसरिया, कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब*

एक नई सुबह% के कार्यक्रम के साथ की। कार्यक्रम को महिला सशक्तीकरण व सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हुए फ्लो के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में भारतीय मनोरंजन उद्योग की जानी-मानी हस्ती गेस्ट आफ आनर नेहा धूपिया विशेष रूप से पहुंची।

फ्लो चैप्टर की नवनियुक्त चेयरपर्सन डा. सिमरप्रीत संधू को पूर्व चेयरपर्सन गौरी बंसल, अरुशी वर्मा, मीता मेहरा, मनजोत ढिल्लों और हिमानी अरोड़ा ने नेहा धूपिया को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में नेहा धूपिया और ग्रामीण पहल टीम द्वारा ग्रामीण आजीविका पहल का अनावरण भी किया गया, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर ग्रामीण महिलाओं के साथ महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक भलाई में सुधार करना है।




डॉ. सिमरप्रीत संधू ने कहा कि इस साल पलो राउंडटेबल 2024-2025 के साथ ही शुरुआत कर रहे हैं, जिसमें गोलमेज बातचीत होगी, जहां फ्लो महिलाएं मेहमानों के साथ इंटरेक्टिव चर्चा में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में नगमा खन्ना सहित एक शैक्षिक उद्यमी शिरीन कुमार, एक शिक्षक टीना भिंडर, ट्रंक शो क्यूरेटर और मनोचिकित्सक निष्ठा गुप्ता, नेहा धूपिया के साथ बातचीत की। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में फ्लो ने ग्रामीण आजीविका में महिलाओं को सशक्त बनाने में उनके उत्कृष्ट समर्पण और योगदान के लिए पांच महिलाओं को सम्मानित भी किया।

नवशांत चिन्ना सहित प्रभजोत वडाला, गुरविंदर कौर, सविंदर कौर और खुशविंदर कौर को ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के उत्थान और उनके जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने और उन्हें अपने समुदायों में आत्मनिर्भर, लचीला और सक्रिय भागीदार बनने में सक्षम बनाने के लिए उनकी निरंतर प्रतिवद्धता के लिए सम्मानित किया भी गया। डा. सिमरप्रीत संधू ने सम्मानित महिलाओं के नेतृत्व, करुणा और अथक प्रयासों ने न केवल व्यक्तिगत जीवन को बदल दिया बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के सतत विकास में भी योगदान दिया है।

# शासकीय जमीन में सुगंधा सिटी ? कलेक्टर से हुई लिखित शिकायत

कोरबा ~ कोरबा जिला के विल्डर्स विजय बुधिया के रामपुर स्थित सुगंधा विहार शुरुआत से ही विवादों में रहा है जिला न्यायालय में दर्ज प्रकरण में सुगंधा विहार के विरुद्ध निर्णय आने के बाद शिकायतकर्ता ने विजय बुधिया और अनुपम चक्रवर्ती के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की लिखित शिकायत की गई है!

## सुगंधा विहार का क्या है विवाद..

कोरबा तहसील में ग्राम रामपुर स्थित है और कोरबा जिला के सभी प्रमुख मुख्यालय के कार्यालय और उसके आवासीय परिसर भी रामपुर में ही है इसके कारण यहाँ की जमीन बेशकीमती है जमीन दलालों और माफिया यहाँ की सरकारी जमीनों पर गिद्ध की तरह नजर जमाये बैठे हैं!

रामपुर पूर्व में मसाहती गाँव रहा है जमीन दलाल और माफिया लोग राजस्व कर्मचारियों से मिलीभगत कर जमकर फायदा उठाया गया है विजय बुधिया और अनुपम चक्रवर्ती भी मसाहती गाँव का फायदा उठाते हुए रिसदी स्थित भूमि को रामपुर में सेट किया गया जिसका खसरा नंबर 92,93,98,142,143 एवं 162,181,201 रकबा क्रमशः 2.69,1.35 एकड़ भूमि को वर्ष 2005 में रजिस्ट्री कराकर तत्कालीन राजस्व कर्मचारियों से सांठगांठ करके सरकारी योजनाओं के लिए आबंटित शासकीय जमीन खसरा नंबर 203/2 जो पूर्व में वन भूमि रहा है जिसे वर्ष 1981 में शासकीय प्रयोजन के लिए राजस्व भूमि में विधिवत् अंतरित किया गया है उस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया और राजस्व कर्मचारियों से मिलीभगत करके उसी जमीन का फर्जी सीमांकन भी करवा




लिया गया इसकी शिकायत होने पर कलेक्टर कोरबा के द्वारा जांच करवाई गई जांच में शिकायत सही पाई गई और तत्कालीन राजस्व निरीक्षक और पटवारी द्वारा विजय बुधिया और अनुपम चक्रवर्ती को आर्थिक रूप से फायदा पहुंचाने की नियत से कागजात बनाया गया है शिकायत और जांच प्रतिवेदन के आधार पर नजूल तहसीलदार ने शासकीय जमीन से विजय बुधिया और अनुपम चक्रवर्ती का नाम अवैध कब्जा हटाने के लिए धारा 248 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया और हटाने की आदेश पारित कर दिया गया इसके विरुद्ध में विजय बुधिया और अनुपम चक्रवर्ती कलेक्टर कोरबा के न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया यहाँ भी इनके विरुद्ध में फैसला पारित किया गया!

विजय बुधिया और अन्य लोगों के द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा में एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया जिस पर न्यायालय के द्वारा सुनवाई कर दिनाँक 13/02/2024 को आदेश पारित करते आवेदन को खारिज कर दिया गया है!

## राजस्व निरीक्षक और पटवारी खा चुके हैं जेल की हवा....

इसी मामले में शिकायत होने पर कलेक्टर कोरबा के द्वारा जांच करवाई गई थी जिस पर जांच दल द्वारा अपने जांच प्रतिवेदन में तत्कालीन राजस्व निरीक्षक आर जी गोभिल और पटवारी इंद्रपाल सिंह तंवर के विरुद्ध अपराध दर्ज करवाई गई थी जिस पर जेल जाना पड़ा था!

## सुगंधा विहार कालोनी होगी खाली?

न्यायालय के आदेश के बाद शिकायतकर्ता ने कलेक्टर कोरबा और अनुविभागिय अधिकारी कोरबा को अपने शिकायत में विजय बुधिया और अनुपम चक्रवर्ती के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने को लिखा गया है! सुगंधा विहार कालोनी रामपुर के बेशकीमती जमीनों में है सुगंधा विहार कालोनी के पास तहसील एवं एसडीएम कार्यालय, पंजीयक, आरटीओ, राजस्व कालोनी, हाऊसिंग बोर्ड, न्यू वेरा स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल तथा अन्य प्रशासनिक कार्यालय से लगी हुई जमीन है यह जमीन प्रशासन के लिए उपयोगी व बेशकीमती जमीन है!

इस बेसकीमती शासकीय भूमि को जल्द से जल्द शासकीय खाते में वापसी होने पर कई तरह के कार्यालयों के लिए जमीन उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही कड़ी कार्रवाई होने से सरकारी भूमि में कूटरचना करने वालो पर कानूनी कार्रवाई का भय भी व्याप्त रहेगा।

शिकायतकर्ता के शिकायत पर किस तरह की कारवाई होती यह तो समय के गर्त में है या अन्य शिकायतों की तरह इस शिकायत पर भी ग्रहण लग जायेगा!

# राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा तहसील नगीना में दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन



## दिव्यांग,वृद्ध, विधवा घर से बाहर निकल कर सबसे पहले मतदान करें फिर जलपान करें-- एम आर पाशा

*नगीना।* राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा सोमवार को दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली अभियान तहसील नगीना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका नगीना में राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के हजारों की संख्या पदाधिकारी गण इकट्ठा हुए। जिसमें उप जिलाधिकारी नगीना अवनीश कुमार, राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष /सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 (स्वीप आईकॉन ब्रांड एंबेसडर) एमआर पाशा आदि ने मतदाता जागरूकता रैली को नगर पालिका नगीना से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हरी झंडी दिखाकर ब्रांड एंबेसडर एम आर पाशा के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली के साथ पैदल एसडीएम कोर्ट नगीना तक चले।

उप जिलाधिकारी नगीना अवनीश कुमार ने कहा कि एमआर पाशा द्वारा अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह बहुत सराहनीय कार्य है। ओर कार्यक्रम की बधाई दी।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सामान्य लोकसभा निर्वाचन चुनाव 2024 के ब्रांड एंबेसडर एम आर पाशा ने कहा कि दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली अभियान हमारे संगठन के द्वारा लगातार जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालयों पर डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा है। रैली निकालने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग,वृद्ध विधवा आदि शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करना और मतदान केंद्र पर जाकर शत प्रतिशत मतदान करन के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पहले मतदान फिर जलपान।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली में नारे लगाए गए ,सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, जाति पे न धर्म पर वोट पड़ेगा कर्म पर, आदि के नारे लगाते हुए एसडीएम कोर्ट नगीना पहुंचे। उप जिलाधिकारी नगीना अवनीश कुमार ने अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी नगीना अवनीश कुमार,राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष /सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 ब्रांड एंबेसडर एम आर पाशा आदि मौजूद रहे।

# रविदास धाम गुरु गद्दी द्वारा बाबा साहेब की जयंती पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

हरिद्वार/ भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविदास धाम गुरु गद्दी ट्रस्ट अंबुवाला में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में *बहुजन समाज को शिक्षित करना एवं बहुजन शिक्षण संस्थानों की स्थापना करना* बिंदु पर विचार विमर्श किया गया गोष्ठी में विचार रखते हुए रविदास धाम गुरु गद्दी ट्रस्ट के संस्थापक डॉ राकेश कुमार नंद ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो संघर्ष करो संगठित रहो बहुजन समाज संघर्ष कर रहा है संगठित हो रहा है लेकिन शिक्षा से अभी भी कोसों दूर है बहुजन समाज को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए बहुजन शिक्षण संस्थानों की स्थापना करना अतिआवश्यक है ताकि बहुजन समाज की आने वाली पीढ़ी शिक्षित होकर पीसीएस आईएएस न्यायाधीश डॉक्टर इंजीनियर बन सके और एक शिक्षित एवं उन्नत बहुजन समाज की स्थापना हो सके बहुजन समाज को शिक्षित करने के लिए शिक्षण संस्थानो का होना आवश्यक है।देश भर में प्राथमिक विद्यालय से लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज स्थापना करना रविदास धाम का उद्देश्य है।



बुलंदशहर उत्तर प्रदेश से आए प्रेमचंद सागर ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि जीवन लंबा होने की बजाय महान होना चाहिए और बहुजन समाज का जीवन तभी महान हो सकता है जब बहुजन समाज शिक्षित होकर अपने शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर अपने हक अधिकार की बात करेगा। डॉ कदम बालियान राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित जागरण मंच ने कहा कि बहुजन समाज की आर्थिक एवं सामाजिक तरक्की के लिए शिक्षित होना अतिआवश्यक है बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा शिक्षित व्यक्ति को अपने हक अधिकार का ज्ञान होता है एवं शिक्षा से सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति आती है छत्तीसगढ़ से आई राष्ट्रीय दलित जागरण मंच महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा झा ने कहा कि बहुजन समाज की महिलाओं के सशक्तिकरण की आवश्यकता है बहुजन समाज की महिलाओं को शिक्षित कर रोजगार से जोड़कर उन्नत बनाना होगा जब एक महिला शिक्षित होती है तो उसके साथ एक पीढ़ी शिक्षित होती है इसलिए बहुजन महिलाओं का शिक्षा की ओर रुझान होना आवश्यक है। जितेन्द्र तलवार जी राष्ट्रिय महासचिव दलित जागरण मंच ने भी बाबा साहेब के विचारो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघर्ष और संगठन तो बहुजन समाज में दिख रहा है लेकिन शिक्षा की काफी कमी समाज में है। बहुजन शिक्षण संस्थानों को स्थापित करने के लिए रविदास धाम की मुहिम को पूरी तरह से सहयोग करेंगे। रफलपाल सिंह वरिष्ठ कर्मचारी नेता ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि रविधाम धाम द्वारा बहुजन शिक्षण संस्थान स्थापित करने की महिम बहुत ही प्रशंसनीय एवं बहुजन समाज में क्रांति लाने का काम करेगी।रविदास धाम द्वारा चलाई जा रही शिक्षण संस्थान स्थापित करने की इस मुहिम को पूर्ण समर्थन करते हैं एवं आर्थिक रूप से भी सहयोग करने की बात कही। सतीश कुमार ने भी बहुजन समाज में शिक्षा की कमी को दूर करने एवम शिक्षित बहुजन समाज स्थापित करने पर जोर दिया। विचार गोष्ठी में शिवकुमार नंद सचिन कुमार विनोद कुमार अनुज कुमार राधा नंद दीप्ति वर्मा अमित नंद सुबोध कुमार बिजनौर पूजा सुमित रोहित प्रध्युम गोपी अर्जुन पंकज आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन में विदाई समारोह आयोजित

नगीना 15 अप्रैल बार एसोसिएशन नगीना की ओर से नगीना के न्यायिक अधिकारी अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश मनमोहन सिंह व अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आमोद कंठ का विदाई समारोह आयोजित किया गया ।

यहां बार एसोसिएशन के वीके लाहौटी मेमोरियल हॉल में बार अध्यक्ष दीपक कुमार विश्नोई की अध्यक्षता व महासचिव फरीद अहमद ख़ान के संचालन में आयोजित इस विदाई समारोह में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना मनमोहन सिंह व अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आमोद कंठ को भावभीनी विदाई दी गई। न्यायिक अधिकारी मनमोहन सिंह का हरदोई व आमोद कंठ राय बरेली ट्रांसफर हुआ है।इस अवसर पर बार एसोसिएशन की ओर से वक्ताओं ने दोनो न्यायिक अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना व प्रशंसा की ओर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जबकि दोनो न्यायिक अधिकारियों मनमोहन सिंह व आमोद कंठ ने नगीना बार की तारीफ करते हुए कहा कि नगीना के अधिवक्ता वाकई नगीना है और वह कभी नगीना को भूल नहीं पायेंगे। कार्यक्रम के अंत में बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष दीपक विश्नोई ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनमोहन




सिंह व महासचिव फरीद अहमद ख़ान ने अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आमोद कंठ को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम को सिविल जज विपुल यादव,सहायक अभियोजन अधिकारी सुनील कुमार,सहायक शासकीय अधिवक्ता पंकज कुमार,वरिष्ठ अधिवक्ता मौ आरिफ़ ख़ान,टीकम सिंह,दिनेश थापन,अशोक कुमार त्यागी,बलराम सिंह,जहीर अहमद खान, निशात अहमद,मौ नईम,अरशद जावेद,शहजाद अहमद,प्रेम कुमार शर्मा,दीपक सक्सेना,जयकिशन शर्मा, नवेद इकराम,महबूब हसन,मौ शाकिर,हरेंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व दीपक कुमार विश्नोई,फरीद अहमद ख़ान,सुरेंद्र कुमार,मौ शादमान,अमीचंद,प्रशांत गहलोत,मौ शफीक,मौ अहसान आदि ने न्यायिक अधिकारियों का माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी विदाई दी।

# भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने ग्राम पंचायतों में किया जनसंपर्क



श्याम पाराशर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो जयपुर (9887033412)

चौमूँ। भारतीय जनता पार्टी सीकर से लोकसभा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में सोमवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ग्रामों और ढाणियो तक कार्यकर्ताओं और आमजन से जनसंपर्क किया। कार्यकर्ताओं ने रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि साल 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। मोदी सरकार बनने के बाद 10 सालों में हालात बदल गए। अब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने अपना बूथ सबसे मज़बूत के विजन को लेकर कार्य करने की अपील की। जनसंपर्क कार्यक्रम अनुसार जेतपूरा के अहीरों की ढाणी, डोडवाडियो की ढाणी, निठारवालों की ढाणी, अनन्तपुरा के बड़कोलाई में, मोरिजा में गोलयावाला, तेजाजी की ढाणी, खातियो की ढाणी, गोगोरियों की ढाणी चीथवाड़ी, रामदेव जी का मंदिर समरपुरा, ठाकुर जीका मंदिर जाटावाली, शिव मंदिर स्कूल के पास झींडा, माताजी का मंदिर डेहरा, शिव मंदिर डेयरी शिम्भुपुरा, ठाकुर जी का मंदिर सुल्तानपुरा, शिव मंदिर पड़ासोलाई भोपावास, मुख्य चौक चिमनपूरा, मुख्य चौक चारणवास धोबलाई, शिव मंदिर नाडिया, शेषावतार मंदिर सिंगोदकला, मेघसिंह की ढाणी सिंगोदकलां, रावो की ढाणी, सती माता मंदिर छोटागुढ़ा, किरत सिंह का बास, नांगल गोविंद के रणजीतपुरा, सिरसा, बगड़ी, राय सिंह का बास और शिव मंदिर बलेखन में जनसंपर्क कर सुमेधानंद सरस्वती को अधिक से अधिक मतो से विजय बनाने के लिए अपील की। इस दौरान कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, गोविन्दगढ़ मण्डल उपाध्यक्ष गोपाल डेनवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहें।

# पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर जेसीआई ने सौपा यूपी के उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन



## महाराष्ट्र व छत्तीसगढ की तरह उत्तर प्रदेश मे भी लागू हो पत्रकार सुरक्षा कानून

दैनिक हिंदुस्तान केसरिया ब्यूरो चीफ सत्य नारायन गुप्ता

**बाराबंकी ।** पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर 14 अप्रैल 24 को जेसीआई ने वरिष्ठ पत्रकारों के नेतृत्व में एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सौंपा।

पत्रकार समाज और शासन के बीच की मजबूत कड़ी है निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से ही स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित होता है ऐसे मे लगातार देखा जा रहा है कि भृष्ट लोग सच्चाई उजागर करने पर पत्रकार को ही निशाना बनाते है और उन पर झूठे मुकदमे लिखा देते है मुकदमा दर्ज होते ही पत्रकार समाज मे अपना सम्मान खो देता है ऐसे मे आवश्यक है कि कोई भी आपराधिक मुकदमा दर्ज करने से पूर्व प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाये और दोषी पाये जाने पर ही मुकदमा दर्ज हो।ऐसे मे अब आवश्यक है कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ की तरह अब उत्तर प्रदेश मे भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो जिसमे मान्यताप्राप्त व श्रमजीवी पत्रकारो के साथ ही गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों को भी शामिल किया जाए।

बता दे कि आज 29 धौरहरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रेखा अरुण वर्मा जी की लोकसभा में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी संबोधित करने आये थे। इस दौरान जेसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अनुराग सक्सेना व मंडल संयोजक राघवेंद्र त्रिपाठी के निर्देश पर एक ज्ञापन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के बैनर तले माननीय उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी को प्रदेश में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार राठौर, दिनेश सिंह सोमवंशी, शिवेंद्र सिंह सोमवंशी, सुनीत राठौर, राम जी, बासिद अली सहित तमाम पत्रकारों ने मिलकर दिया। जिस पर सरकार की ओर से विचार करने के लिए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी ने उपस्थित पत्रकारों को आश्वस्त किया।

# कांग्रेस को मिला राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी का समर्थन, कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह रावत के कंधो को मिली मज़बूती

*अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

लक्सर/ जहां लोकसभा चुनाव के चलते सत्ताधारी पार्टी के प्रत्यशियों को अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलता नज़र आ रहा है। वही आज लक्सर में भी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी वीरेंद्र रावत को राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी का समर्थन मिला है। जिससे कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र रावत के कंधों को भी मजबूती मिलती नज़र आई है। आपको बतादें की आज पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने सैंकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के कई गांवो में जनसंपर्क किया। जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के लोगो का भी सैलाब देखने को मिला है। इस दौरान हरीश रावत जब लक्सर शिव चौक पर पहुंचे तो राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेर सिंह राणा ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ हरीश रावत को अपना समर्थन दिया। इस मौके पर शेर सिंह राणा ने कहा कि राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी कई वर्षों से जिस मुद्दे पर आंदोलन कर रही थी। वह मुद्दे उत्तराखंड के मूल निवासियों को 80 परसेंट रोजगार हरिद्वार की फैक्ट्रीयों में दिलाना था और इसको लेकर वह कई वर्षों से प्रयास कर रहे थे। उन्होंने सभी पार्टियों को लेटर भी भेजे लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र रावत ने उन्हें आश्वासन दिया कि अगर वह सांसद बनते हैं तो हर परिवार में एक रोजगार देंगे। उन्होंने कहा कि जो 80 परसेंट का कानून बना हुआ है उसको लागू करने का काम करेंगे। इसीलिए राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी ने हरिद्वार प्रत्याशी वीरेंद्र रावत को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी अपने द्वारा दिए गए आश्वासन से बिल्कुल भी पीछे नही हटेगी।

# कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी विरेन्द्र रावत ने दर्जनों गाँव मे निकाला भव्य रोड-शो, भारी संख्या में लोगो का समर्थन मिलता देख विपक्षियों के बौखला उठे इरादे

अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

लक्सर/ क्षेत्र में आज फिर एक बार कांग्रेस के पक्ष चुनावी माहौल बनता नज़र आया है। जिसमें हरिद्वार लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र रावत ने द्वारा दर्जनों गांव में निकले गए रोड- शो में भारी संख्या में लोगो का समर्थन मिलता मिलता नज़र आया है। जिसके चलतें कांग्रेस में लोगो को सदस्यता लेते व जनता का भारी समर्थन मिलते देख विपक्षियों के इरादें बोखलातें नज़र आ रहे है।

आपको बतादें की आज लक्सर विधानसभा क्षेत्र के सुल्तानपुर आदमपुर सहित अन्य दर्जनों गाँव मे कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र रावत ने अपने चुनावी प्रचार-प्रसार अभियान को तेज करते हुए रोड-शो निकाला है। जिसके चलतें कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र रावत के साथ जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी सहित लक्सर



विधानसभा क्षेत्र के डॉ. उमादत्त शर्मा, संजय सैनी, देवेश चौधरी, वरिष्ठ पूर्व विधायक हाजी तसलीम अहमद, बाबू ताहिर हसन, सनव्वर राजा, इमरान हसन, मोनू, शमशाद सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए है। वही इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र रावत ने अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ सुल्तानपुर आदमपुर मैन रोड से गंगदासपुर तक रोड- शौ को निकलते हुए। कांग्रेस के प्रति जनता में जोश का संचार किया और कांग्रेस के चुनाव चिन्ह को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। इसके चलते कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र रावत ने क्षेत्र में स्थानीय लोगो से मिलते हुए कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। वही इस दौरान रोड-शो के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र रावत ने जनसंपर्क अभियान चलातें हुए लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र रावत ने वर्तमान सांसद की विफलताओं को जनता के सामने रखते हुए सभी के सामने अपने विचार रखें। वही कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र रावत ने कहा कि जनता को भाजपा द्वारा दिए जाने वाले 400 पार के नारे को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा का इरादा संविधान को बदलकर नए कानून लागू करना है। उन्होंने जनता से कांग्रेस को अपना वोट देकर संविधान को बदलने से रोकने व देश को बचाने की अपील की है। उन्होंने प्रदेश से गुंडाराज खात्म कर सामंतवादियों से निजात दिलाकर दलित, मुसलमानों व सर्वसमाज के हित संरक्षण और विकास के लिये कांग्रेस को वोट देने की अपील की।

# जल, जंगल और जमीन सुरक्षित नहीं तो हम भी सुरक्षित नहीं -- डॉ. आनंद



पै दल



**नर्मदा पैदल परिक्रमा कर लौटे डॉ. आनंद पदीदार का नर्मदा मंदिर में आत्मीय सम्मान किया गया।**

इंदौर संभाग ब्यूरो (भगवान मुजाल्दा) -जब हमारी नदियां, हमारे जंगल और हमारी जमीनों की हम पर्यावरणीय सुरक्षा नहीं देंगे तो हम कैसे सुरक्षित रह सकेंगे। यह बात कुक्षी गायत्री भक्त डॉ. आनंद पाटीदार ने अपने सम्मान समारोह में कही। पानी की आपूर्ति, मिट्टी के कटाव को रोकना और पर्यावरण की सुरक्षा केवल वृक्षारोपण से ही हो सकती है। वृक्षा रोपण को आंदोलन बनाना होगा वरना संकट निश्चित आना है और यदि हम अभी भी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या जवाब देंगे। डॉ. पाटीदार ने प्रज्ञा मनीषी श्रीराम शर्मा के हम सुधरेंगे जग सुधरेगा और हम बदलेंगे युग बदलेगा के सिद्धांत का अनुसरण करने का सभी से आव्हान किया।

उन्होंने 27 नवम्बर 23 से 8 अप्रेल तक की 135 दिन में पर्यावरण योद्धा पूज्य दादा गुरु के सानिध्य में की मां नर्मदा की परिक्रमा के अनुभव, संस्मरण सुनाते हुए सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

इससे पुर्व खंडवा बड़ौदा हाइवे पर स्थित मां नर्मदा के तट पर मां नर्मदा मंदिर में यह सम्मान समारोह आयोजित किया। यहां डॉ. आनंद पाटीदार परिवार द्वारा कन्या पूजन और भोज नर्मदा पूजन एवं आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया ।

स्वागत , सम्मान करने वालों में म.प्र.पाटीदार समाज की ओर से जिलाध्यक्ष रामनारायण मोदी, कुक्षी पादीदार समाज की ओर से महेश गंगाजलिया, दिनेश कालसरा, मां नर्मदा मंदिर समिति के अध्यक्ष सीताराम पाटीदार एवं पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह, शॉल श्री फल,पुष्प माला आदि से तथा गणमान्य नागरिको की ओर से महेंद्र गुप्ता मुन्ना सेठ, सेठ मोहन लाल सोनी, लूणकरण गुप्ता ,पं. मनोहर मंडलोई, बालकृष्ण परसाई, कैलाश गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता आदि ने , गायत्री परिवार की ओर से श्रीमती शारदा कृष्णकांत भावसार, एस. एस. गुप्ता, जगदीश वर्मा आदि के साथ जगदीश मामा, कैलाश कालू भोलू, रामेश्वर खिरनीवाला, कैलाश जाटपुरिया, जयगोपाल पाटीदार ,राजेश चोपड़िया, विधायक प्रतिनिधी शंकर भायल ,शांतीलाल पाटीदार, तहसील अध्यक्ष देवराम पाटीदार, पाटीदार छात्रावास अध्यक्ष देवराम पाटीदार, मां नर्मदा मंदिर अध्यक्ष सीताराम पाटीदार रामेश्वर पाटीदार, मोतीलाल पाटीदार, सुरेश पाटीदार डॉ. मयंक जी, डॉ. लखन जी, सुरेश पटेल बड़वानी, गन्नू दरबार, बाबू जी गेहलोत, बड़ौदा से हितेश जी, शिवा भाई पाटीदार, जगदीश जिराती, भगवान पाटीदार, सुरेश पाटीदार, सीताराम पाटीदार, डोंगर पाटीदार, कमल पाटीदार संदीप जी मलवाडा, सत्यजीत जी इन्दौर, डॉ. शांतिलाल पाटीदार सहित कुक्षी, सुसारी, कोलगाव , मांडवी, डोंगरगांव बड़वानी, अंजड़ सहित विभिन्न स्थानों से आए पाटीदार समाज के वरिष्ठ जनों ने भी डॉ. आनंद पाटीदार सहित उपस्थित नर्मदा परिक्रमा वासियों का सम्मान किया कार्यक्रम का प्रभावी संचालन महेन्द्र भाई पाटीदार मांडवी ने किया।

# यह लोकसभा चुनाव भारत के भविष्य का चुनाव है: बंसल

## नगर व ग्रामीण मंडल के शक्तिकेन्द्रों की बैठक संपन्न



जिला ब्यूरो धार /मो. 9424075866

बदनावर। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नगर एवं ग्रामीण मंडल की बैठक संपन्न हुई। यहां लोकसभा कार्यालय पर नगर के तीन शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा संगठन के प्रभारी श्याम बंसल, प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री एवं विधानसभा प्रभारी दिलीप पाटौंदिया, विधानसभा विस्तारक सुनील शुक्ला, विधानसभा संयोजक मोहनसिंह चौहान, सहसंयोजक शिवराम सिंह रघुवंशी के आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर श्याम बंसल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने बुथो को प्रचंड बहुमत से जिताने की रणनीति में जुट जाएं। यह लोकसभा चुनाव भारत के भविष्य का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत पूरी दुनिया में एक शक्तिशाली व विकाससील देश बनकर उभरा है। विधानसभा प्रभारी दिलीप पाटौंदीया ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले हुए हैं। जिन्हें कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर भाजपा ने काम किया है। जनकल्याणकारी योजना के माध्यम से शहर से लेकर गांव के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक के जीवन में नई खुशियां लाने का काम बीजेपी ने किया है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी पूरे विश्व में जाने जानी लगी है। बैठक को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। नगर भाजपा अध्यक्ष प्रीतेशसिंह पवार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मंडी बोर्ड के पूर्व सदस्य राजेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष मीना यादव, नप उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रजेंद्र भट्ट व अक्षय शर्मा, पूर्व नप अध्यक्ष प्रेमचंद परमार, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष धोका व कार्यालय प्रभारी राजेंद्र सराफ समेत शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उधर इसी तरह यहां बदनावर ग्रामीण मण्डल के तीन तीन शक्तिकेन्द्र की बैठक संपन्न हुई। ढोलाना, काछिबदौडा व मुलथान केंद्र की बैठक मुलथान में हुई। वही बोरदा, खेड़ा व तिलगारा शक्तिकेन्द्र की बैठक संदला महल में हुई। बैठक में उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा संगठन के प्रभारी श्याम बंसल, प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री एवं विधानसभा प्रभारी दिलीप पाटौंदीया, विधानसभा विस्तारक सुनील शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कुलदीप सिंह पीपलीपाडा, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य दिनेश गिरवाल व विधानसभा सहसंयोजक शिवरामसिंह रघुवंशी अतिथि रूप में उपस्थित थे। ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र मोदी ने अतिथियो का स्वागत किया। इस मौके पर अतिथियों ने मण्डल के अंतर्गत आने वाले बुथो पर भाजपा की प्रचंड जीत के लिए वोट प्रतिशत बढ़ाने की अपील की व कार्यकर्ताओं से चुनावी अभियान में सक्रियता से जुटने का आव्हान किया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी भाजपा के विधानसभा मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी ने दी।

43

## इंदौर समाचार परिसर मे इंदौर कांग्रेस प्रत्याशी डा अक्षय कान्ति बम जी के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया

दैनिक केसरिया जिला ब्यूरो हमीद कुरैशी

इस मीटिंग मे मुख्य रूप से अक्षय बम एवं कान्ति बम जी उपस्थित हुए कार्यक्रम कि अध्यक्षता पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल जी ने कि कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन युवा नेता राहुल निहोरे जी ने किया कार्यक्रम मे विशेष रूप से पूर्व पार्षद रमेश घाटे जी कर्मचारी नेता महेश गोहर जी स्वदेशी मिल झांकी समिति अध्यक्ष कन्हैया लाल मरमट जी मालवा मिल संस्था अध्यक्ष कैलाश कुशवाह जी हरी मरमट जी



अजय सितलानी जी आनद कसलीवाल जी चम्पालाल जी राधा पवार जी संतोष वर्मा जी मनोहर रघुवंशी जी रुपेश लोदवाल जी सुलेमान मंसूरी जी सुखदेव खड़ब्दीकर जी जानकीलाल पटेरिया जी फारूक मंसूरी जी सद्दाम मंसूरी जी सतीश बाबा सगीर खान चेतन लस्करी सुनील झींझोरिया जी सबनम खान जी विनय ढोरिया जी आदि बड़ी संख्या मे समाजसेवी उपस्थित हुए कार्यक्रम मे सभी वरिष्ठ जनो ने कांग्रेस को जिताने हेतु अपने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर डा अक्षय बम लोकसभा जिताओ समिति का गठन किया गया एवं कमेटी मे संरक्षक दिलीप राजपाल जी सलाहकार कांतिलाल बम एवं समिति का सयोजक युवा नेता राहुल निहोरे जी को बनाया गया डा अक्षय बम एवं दिलीप राजपाल जी ने बताया कि यह कमेटी पुरे लोकसभा एरिये मे वार्ड एवं बूथ स्तर तक कार्य करेगी एवं अधिक से अधिक आम जन को कांग्रेस विचार धारा से जोड़ने का कार्य करेगी

## नागरिक सी-विजिल एप के माध्यम से सीधे कर सकते हैं आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

रायसेन(मदन राजपूत ब्यूरो चीफ केसरिया हिंदुस्तान)लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खास तौर पर तैयार किए गए सी-विजिल सिटीजन एप पर कोई भी व्यक्ति यदि उसे कहीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नजर आता है तो अपने मोबाइल से फोटो या वीडियो केप्चर कर इसकी शिकायत कर सकता है।नागरिक यदि निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा,इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने कार्यवाही की जाएगी।उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है,इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री,कपड़े,जेवरात आदि का वितरण करने,मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने,किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकता है।

44

## अंबेडकर जयंती पर विधायक शर्मा ने किया निःशुल्क पुस्तकालय का शुभारंभ

ओमप्रकाश परमार/ देवास। अंबेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम थूरिया मे गायत्री देवी सेवा समिति के द्वारा निःशुल्क पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया द्य सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्य अर्पण किया गया द्य मुख्य अतिथि विधायक आशीष शर्मा एवं समाज सेवी यशवंत मालवीय डाबरी के द्वारा फीता काटकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया द्य इसमें दो हजार से अधिक ज्ञानवर्धक पुस्तकों को रखा गया द्य यह निःशुल्क पुस्तकालय महेश तमोलिया के द्वारा उनकी माताजी श्रीमती गायत्री देवी की स्मृति में खोला गया द्य महेश तमोलिया के द्वारा विधायक आशीष शर्मा एवं यशवंत मालवीय को भारत का संविधान भेट किया गया एवं सभी अतिथियों को पंचशील दुपट्टा एवं माला से स्वागत किया गया। विधायक आशीष शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा आधुनिक भारत के राष्ट्र निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को किसी एक समुदाय का बताना गलत होगा।बाबा साहब ने संपूर्ण भारत के नागरिकों का उद्धार किया है द्य उन्होंने हमें दुनिया का सबसे सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया द्य एक सुदृढ़, सशक्त और उन्नत राष्ट्र के निर्माण तथा सामाजिक उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव अनुकरणीय रहेंगे।



कार्यक्रम का सफल संचालन मदनलाल गुणवान के द्वारा किया गया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से गुड्डू पटेल, लखन मीणा, दिनेश बारवाल, असलम खान, कैलाश साड़ीवाल, सत्यनारायण गुणवान, भीमसिंह राठी, बाबूलाल मौर्य, संतोष बड़ोदिया, बाबूलाल बड़कने , नर्मदा प्रसाद मालवीय , बालमुकुंद गुणवान आदि सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए

# लघु उद्योग एवं व्यापारियों के लिए मोदी सरकार ने दी है कई योजनाएं- चैतन्य कश्यप कैबिनेट मंत्री

45

## जल्द शुरू होगी रेलवे लाइन, विकास कार्यों के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा- सांसद छतरसिंह दरबार

### मनावर में प्रबुद्धजन सम्मेलन संपन्न

जिला ब्यूरो धार /मो. 9424075866

धार । रविवार की शाम मध्य प्रदेश के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री चैतन्य कश्यप मनावर के प्रबुद्धजन सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत सदस्य शिवराम कन्नौज में स्वागत भाषण से की। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री द्वारा पिछले 10 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल पर विस्तार से चर्चा करते हुए उद्योग मंत्री द्वारा मुद्रा लोन और लघु उद्योगों पर सरकार की लगातार नई योजनाओं की जानकारी दी। भाजपा द्वारा हाल ही में जारी किए गए चुनावी वचन पत्र पर भी विस्तार से जानकारी देते हुए मंत्री कश्यप ने कहा, कि लगातार हो रहे औद्योगिक क्रांति के चलते व्यापारियों को तो फायदा हो ही रहा है। इसके साथ-साथ किसने की भी आए बढ़ी है। पूरे देश में मोदी की गारंटी को कोई गलत नहीं साबित कर सकता है सरकार द्वारा किए गए हर बड़े छोटे वादों पर सरकार मजबूती से अपने वचनों को पूरा कर रही है। कश्मीर में धारा 370 हटाकर आम नागरिक





को भी जमीन का अधिकार दिलाया गया है। तीन तलाक जैसे बिल को लाकर सभी महिलाओं को समानता का अधिकार मिला है। वर्षों से चल रहे राम मंदिर के विवाद को सरकार ने न्यायीक रूप से कोर्ट के आदेश पर ही निर्णय के पश्चात निर्माण किया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना पर जानकारी देते हुए बताया, कि पहले 4 करोड़ आवास निर्माण हो चुके हैं, और अब सरकार 3 करोड़ आवास का निर्माण और करने जा रही है। कश्यप ने कहा कि पूर्व में इंदिरा आवास योजना के तहत जो अनुदान राशि मिलती थी। वह कहां गायब होती थी किसी को जानकारी नहीं। पहले केवल 60 हज़ार रुपए स्वीकृत किए जाते थे। जिसमें से भी बीच में लोग कमीशन मार लेते थे। परंतु अब सरकार द्वारा सीधे हितग्राही के खाते में पैसा डाला जाता है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में धार जिला सांसद छतर सिंह दरबार ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके 5 वर्षीय कार्यकाल में कई विकास कार्य हुए। जिसमें गणेश घाट के लिए निर्माण स्वीकृत करवाने से लेकर रेल लाइन धार जिले में लाने, मेडिकल कॉलेज, टेक्सटाइल उद्योग जैसे कई कार्य है। और उनके कार्यकाल पूरे होने के पश्चात भी वह लगातार क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रयासरत रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने अपने उद्बोधन में कहा की पूर्व की सरकारें केवल अपने मंत्रियों का भला करती थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन को खुशहाली से भरने का काम किया जा रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश धड़ीवाल ने भी केंद्र सरकार की योजनाओं और पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक के जन कल्याण के विषयों पर प्रकाश डाला। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि प्रबुद्धजन सम्मेलन में विधानसभा प्रभारी अशोक जैन, संयोजक मोहन भायल, सहसंयोजक कपिल सोलंकी, अजय पाटीदार, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहित तांतेड़ आदि सदस्य मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के विधानसभा मीडिया प्रभारी एवं मंडल उपाध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा किया गया एवं आभार जिला उपाध्यक्ष सौरभ शर्मा ने व्यक्त किया।

# सफलता की कहानी : स्वयं सहायता समूह बना बुज़ुर्ग परिवार का सहारा



**जिला ब्यूरो धार**

मो. 9424075866

धार ङ्क आज हम एक और नई कहानी के साथ आपको बताने जा रहे है ये कहानी एक बुजुर्ग परिवार की है राधा पति उमराव सिह धार जिले के लाबरिया गॉव की रहने वाली है राधा दीदी बताती है की मेरे परिवार की आर्थिक स्थिती काफी दयनीय थी मेरे परिवार में 4 सदस्य है मेरा एक लड़का था जिसकी अचानक मुत्यु हो जाने के कारण मेरे परिवार की आर्थिक स्थिती काफी खराब हो गयी थी हमारे घर में कमाने वाला कोई ना होने के कारण हमारी बहु दुसरो के यहाँ मजदूरी करने जाती लेकिन आज की महंगाई के चलते हमारी दवाई एवं घर खर्च भी पूरा नही निकलता बुजुर्ग होने के कारण हम दूसरा कोई कार्य नही कर सकते इसलियें हमने सोचा की घर बेठे ही कोई रोजगार करे जिससे हम दवाई एवं घर खर्च निकाल सके ! पर हमारे पास इतने पेसे नही थे की हम कोई रोजगार कर सके फिर एक दिन हमारे गॉव में रहने वाली मैना दीदी जो की महिला समूह की अध्यक्ष है हमने मैना दीदी से रोजगार की मांग की और दीदी ने हमें राय दी की हमारे गॉव में स्वयं सहायता समूह का गठन हो रहा है जिसमे आप जुड़कर अपना स्वयं का रोजगार करे व अपने परिवार की आर्थिक स्थिती भी सुधारे दीदी की बात हमें अच्छी लगी और हम स्वयं सहायता समूह से जुड़ गये समूह से जुड़ कर हमें 5 दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण मिला प्रशिक्षण के उपरांत हमें समूह के माध्यम से सोसायटी द्वारा 80 हजार रुपये का ऋ्रण मिला जिससे हमने एक रुई बत्तती बनाने की मशीन खरीदि और 100 रु. किलो में रुई बत्ती बनाना शुरु की, रुई बत्ती बेच कर हमें प्रतिदिन के 300 से 400 रुपये की आमदनी हो जाति जिससे हमारा घर खर्च निकल जाता है और हमारे परिवार की स्थिती भी धीरे ङ्क धीरे ठीक होने लगी जिससे अब हम एक अच्छा जीवन जी रहे है स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आज कई बेरोजगार परिवारों को रोजगार मिला जिससे कई परिवार आज एक अच्छा जीवन जी रहे है कई परिवारों की आर्थिक स्थिती भी सुधर रही है !

# रामनवमीं की तैयारियां पूरी- बंटेगा 5 क्विंटल गुड़ और ड्राई फ्रूट का सिठौरा, 2 दिन में तैयार होंगे 30 हजार पैकेट

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मनोज सिंह /जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।शहर के नजरबाग स्थित रामराजा मंदिर में श्रीराम जन्म महोत्सव की जोर-शोर से तैयारी चल रही हैं। रविवार से मंदिर परिसर में भगवान के जन्म पर बांटे जाने वाले गुड़ के प्रसाद (सिठौरा) का निर्माण शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने बताया कि भक्तों के लिए 5 क्विंटल सिठौरा तैयार कराया जा रहा है। मंदिर के पुजारी सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने बताया कि जब बच्चे का जन्म होता है, तब घर में गुड़, मेवा मसालों से सिठौरा बनाया जाता है। इसी तरह श्रीराम लला के जन्म पर श्रद्धालुओं को सिठौरा बांटा जाएगा। हर साल श्री रामनवमी पर भगवान के जन्म के बाद यह प्रसाद बांटा जाता है। पिछले 20 सालों से यह परंपरा चली आ रही है।

श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने बताया कि रामनवमीं पर इस बार भोपाल की बाबा बटेश्वर कीर्तन के 108 सदस्य आएंगे। ढोल मजीरा के साथ जन्मोत्सव पर प्रस्तुति देंगे। साथ ही शोभायात्रा में भी शामिल होकर उत्साहवर्धन करेंगे।

रामनवमीं पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हों, इसके लिए 4 अप्रैल से सुबह से नजरबाग मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। घर-घर जाकर रामभक्त आमंत्रण पत्र बांटकर श्रीराम जन्म का आमंत्रण पहुंचा रहे हैं।

15 अप्रैल तक प्रभातफेरी निकालने का सिलसिला चलता रहेगा। 16 अप्रैल की शाम मंदिर प्रांगण में दीपोत्सव





का कार्यक्रम होगा। 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जन्म और शाम 4 बजे नजरबाग मंदिर में धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।

श्रीराम जन्म महोत्सव को लेकर नजरबाग मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसके अलावा शोभायात्रा मार्ग को सजा दिया गया है। शहर में दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर श्रीराम जन्म महोत्सव के बैनर पोस्टर लगाए गए हैं।



# 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं को घर में मिली मतदान की सुविधा

## कलेक्टर श्री प्रसाद ने वरिष्ठ मतदाता द्वारा मतदान के प्रति जोश और जज्बे को सराहा

***राजेंद्र खरे कटनी***

कटनी (14 अप्रैल ) - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद की मौजूदगी में सोमवार को कटनी नगर के राम मनोहर लोहिया वार्ड नदीपार निवासी 86 वर्षीय मतदाता श्री बद्री पिता लक्ष्मण ने होम वोटिंग किया। कलेक्टर ने यहां मतदान दल के साथ वरिष्ठ मतदाता बद्री के निवास पहुंचकर मतदान के प्रति उनके जोश, जज्बे ,उमंग और उत्साह की सराहना की। वरिष्ठ मतदाता श्री बद्री प्रसाद ने मतदान के बाद कहा कि सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है, मतदान कर मैंने अपने कर्तव्य का निर्वहन कर दिया है ,अब आप सभी भी मतदान अवश्य करें।

घर के प्रथम तल में रहने वाले वरिष्ठ मतदाता श्री बद्री से मिलने कलेक्टर श्री प्रसाद सीढ़ियां चढ़ कर पहुंचे।

सोमवार को कटनी के राम मानोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 मतदान केन्द्र क्रमांक 81 सेक्रेड हार्ट स्कूल निवासी 86 वर्षीय मतदाता श्री बद्री पिता लक्ष्मण प्रसाद घर पर ही मतदान कर बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा उम्रजनित अस्वस्थता की वजह से मतदान केंद्र तक पहुंचने में बहुत दिक्कत होती। होम वोटिंग सुविधा का प्रावधान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। इससे ऐसे मतदाता जो शारीरिक असमर्थता के कारण मतदान नहीं कर पाते थे, वह भी मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभा रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता, जो मतदान केन्द्र पर पहुंचने में अक्षम है, उन्हे घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है।



## माँ धनौजा मंदिर में प्रिसर मे चैत्र रामनवमी के छष्ठमी को हुआ विशाल भव्य भंडारे का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- जिले सरई क्षेत्र के प्रसिद्ध माँ धनौजा माता के मंदिर प्रिसर में माँ धनौजा भैरव सेवा संस्थान घोघरा द्वारा एवं समस्त क्षेत्र नगर वासी माँ के भक्तों का सहयोग से चैत्र रामनवमी के छष्ठमी तिथि को मंदिर प्रिसर मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें क्षेत्रीय देवसर विधायक सहित सरई तहसीलदार एवं सरई थाना प्रभारी आसपास के क्षेत्र नगर वासी माँ के भक्त माँ धनौजा के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पंहुचे, कन्या भोज कराकर भंडारा प्रारंभ किया गया। बता दें कि वह माँ धनौजा भैरव सेवा संस्थान घोघरा के कार्यकर्ताओं एंव माता रानी की समस्त भक्तों द्वारा सुबह से ही भंडारे का प्रसाद बनाने में जुट गए थे। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए दूर दूर से लोग पंहुचे हुए थे। दोपहर से लेकर देर रात तक चला भंडारा हजारों की संख्या में महाप्रसाद पाने हेतु पहुंचे लोग। क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी व्यापारी संघ ग्रामीण जनों और माता के सभी भक्तों द्वारा भंडारा में अच्छा सहयोग रहा।

## लोकसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन आवश्यक :- स्वरूप नारायण

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी स्वरूप नारायण द्विवेदी ने सीधी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को विजई बनाने की अपील की है, एवं अपना



समर्थन देते हुए कहा है कि हम एक नेता का चयन करके लोकसभा में भेजते हैं इसलिए सोच समझकर मतदान करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सीधी संसदीय क्षेत्र के लिए प्रत्याशी थोप दिया गया है ।जमीन से जुड़े नेताओं को किनारे कर डॉक्टर को प्रत्याशी बनाया गया है। इन्हें 5 वर्ष तो सीखने में लग जाएंगे, फिर जनता का विकास क्या होगा। जबकि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कमलेश्वर पटेल जमीनी नेता है, ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देते हुए लोगों से अपील किया गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी को अपना मतदान करें एवं सत्ता परिवर्तन में सहयोग करें। ज्ञातव्य है कि सिहावल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतुल्खी में हाई कोर्ट के लॉयर पंकज पाठक से गहन चर्चा के उपरांत निर्णय लेते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कमेश्वर पटेल, जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं सैकड़ो लोगों के समक्ष एक तिलकोत्सव में शामिल होकर कांग्रेस पार्टी को विजई बनाने का निर्णय लिया गया।

## बच्चों को संस्कार सीखाना माता-पिता की जिम्मेदारी है : पं. शुभम जोशी

**ओमप्रकाश परमार,**





देवास। समाज में जिस प्रकार शिक्षा का स्तर बढ़ता जा रहा है। उसी क्रम में संस्कार कम होते जा रहे है। हमारे बच्चो को शिक्षा के साथ संस्कार से भी जोड़े। संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी है। यह बात कुसमानिया के राम मंदिर पर आयोजित श्रीराम कथा के दौरान कथा प्रवक्ता पंडित शुभम जोशी ने व्यासपीठ से कही। साथ ही यह भी कहा कि श्रीराम कथा हमें सिखाती है कि भगवान श्रीराम अपने माता-पिता के आज्ञाकारी पुत्र थे। माता-पिता की आज्ञा से 14 वर्ष तक वनवासी बनकर जंगल मे रहे। लेकिन आजकल के बच्चे माता पिता की आज्ञा का पालन बहुत कम कर रहे है। हमारी संतान को माता-पिता के वचनों का अनुसरण करना चाहिए। उनका सम्मान करना चाहिए। अपने माता-पिता का हमेशा अपने बच्चों को ध्यान करना चाहिए। ये माता-पिता की जिम्मेदारी है। सोमवार को विधायक आशीष शर्मा भी कथा श्रवण करने कुसमानिया पहुंचे ओर व्यासपीठ का पूजन किया।

यजमान राजेश परमार, राजकुमार पटेल एवं महेश परमार ने भी व्यासपीठ का पूजन किया। कथा सुनने कुसमानिया, सिया, किटिया, मोहाई, भिलाई, जागठा, नांदोन, डाबरी, ओंकारा, ककड़दी सहित अन्य गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे है।

## तीन वर्ष से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- जिले में आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत रखते हुए फरार वारंटी एवं आदतन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी देवसर राहुल कुमार सैयाम के निर्देशन में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र धुर्वे के नेतृत्व में लंघाडोल पुलिस ने 03 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, लंघाडोल पुलिस ने स्थायी वारंटी शुभकरण पनिका उम्र 35 वर्ष पिता अमरजीत पनिका निवासी ग्राम लंघाडोल को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है कार्यवाही में मुख्य रूप से उप निरीक्षक पुष्पेंद्र धुर्वे प्रधान आरक्षक 401 राजकुमार प्रजापत रक्षक 523 महेंद्र चौरसिया आरक्षक569 अरविंद कुरैशी का सराहनीय योगदान रहा।

## थाना महाराजपुर पुलिस ने 6 साल पुराने चोरी के मामले के फरार स्थाई वारंटी को जिला महोबा उत्तर प्रदेश से किया गिरफ्तार

***सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर/मो. 7509091263**

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा समस्त थाना प्रभारी को थाना क्षेत्र के फरार वांछित अपराधी, स्थायी वारंटियो, जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर जिला बदर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है।*

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी खजुराहो सलिल शर्मा के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुर पुलिस टीम ने 6 साल पुराने चोरी के मामले के फरार स्थाई वारंटी भूरा कुशवाहा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम नहदौरा थाना कबरई जिला महोबा उत्तर प्रदेश को उसी के गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। स्थाई वारंटी भूरा कुशवाहा के विरुद्ध थाना महाराजपुर के अपराध क्रमांक 56/18, न्यायालय के आरसीटी क्रमांक 250/18 धारा 457, 380 भारतीय दंड विधान पर न्यायालय द्वारा वर्ष 2022 में स्थाई वारंट जारी किया गया था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# *आपकी हिस्सेदारी मेरी जिम्मेदारी यही है, कांग्रेस की प्रतिबद्धता - यादव

### भाजपा के घोषणा पत्र को कांग्रेस के न्याय पत्र की नकल बताया सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव ने....

दैनिक केसरिया जिला ब्यूरो हमिद कुरैशी
इन्दौर (प्रकाश महावर कोली)

लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, ऐसे में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र के रुप में जारी कर अपने आगामी विजन को आम जन के समक्ष प्रस्तुत किया, वहीं कल भाजपा ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर मतदाताओं को लुभाने प्रयास किया.

भाजपा का घोषणा पत्र जारी होते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर सम्भागीय पत्रकार वार्ता के जरिए भाजपा के घोषणा पत्र को झूंट का पुलिंदा बताया है. इसी कड़ी में इन्दौर प्रेस क्लब में आयोजित सम्भागीय पत्रकार वार्ता में कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए, भाजपा के घोषणा पत्र कोली कांग्रेस के न्याय पत्र से चुराया हुई छायाप्रति बताया. पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र युवा, किसान, महिला, मजदूर व सर्वहारा वर्ग के हित में होकर कांग्रेस की न्याय ग्यारंटी का दस्तावेज है. सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि झूट बोलना भाजपा का काम है, हम जुमलों की बात नहीं करते हमारा चरित्र रहा है, हम जो कहते हैं, वही करते है, कांग्रेस एक आंदोलन है प्रतिज्ञा है, हम देश के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं.

कांग्रेस ने नेहरु जी, शास्त्री जी, इंदिरा जी, राजीव जी के नेतृत्व मैं देश के विकास की गाथा लिखी है.

पत्रकार वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीतसिंह चढ्डा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, सम्भागीय



प्रवक्ता आनंद कासलीवाल, सेवादल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश यादव आदि मौजूद थे.

सेवादल प्रदेश प्रमुख योगेश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सबको साथ लेकर चलती हैं, इसलिए प्रतिबद्धता यह भी है कि आपकी हिस्सेदारी मेरी जिम्मेदारी। दुख और आश्चर्य का विषय है कि भाजपा ने जो हर दस वर्ष में जनगणना होती थी, वह नहीं करवायी और 2011 में जनगणना हुई थी, उसमें जाति संबंधित आंकड़ों को प्रस्तुत नहीं किया गया। कांग्रेस पार्टी हिस्सेदारी न्याय के तहत कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी।

श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50 प्रतिशत का कैप हटाएगी। कांग्रेस शिक्षा और नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू कराएगी। कांग्रेस अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को एक साल के भीतर भरेगी। कांग्रेस पब्लिक सेक्टर में संविदा की जगह नियमित भर्तियां करेगी, इसके अलावा जो संविदा कर्मी हैं, उनको नियमित करेगी।

योगेश यादव ने कहा कि आज देश में स्थिति ऐसी है कि संसद लगभग चल नहीं रही और सरकार चाहती है विपक्ष न बोल सके और न ही विरोध कर सके। कांग्रेस की सरकार आने पर हम सुनिश्चित करेंगे, कि देश में एक मजबूत न्याय पालिका हो इसके लिए एनजेएसी जैसी संस्थाएं बनायेंगे। कांग्रेस वादा करती है कि संसद के दोनों सदन साल में 100 दिनों के लिए चलेंगे और पूर्व में प्रचलित संसद की महान परंपराओं को पुनर्जीवित किया जाएगा और ईमानदारी से पालन किया जाएगा कांग्रेस वादा करती है कि सप्ताह में एक दिन प्रत्येक सदन में विपक्षी बैंच द्वारा सुझाये गये एजेंडे पर चर्चा के लिए समर्पित किया जाएगा।

### *कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के अधिकारों की गारंटी देगी*

भाजपा लगातार इस वर्ग के अधिकारों के साथ अन्याय कर रही है, इन वर्गों के बैकलॉग भर्ती के लिए कोई व्यवस्था नहीं कर रही है। कांग्रेस की गारंटी है कि बैकलॉग की भर्ती एक साल के भीतर करेंगे। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा का पैसा नहीं दिया और योजना पर जुमलेबाजी की राजनीति की जा रही है। कांग्रेस की गारंटी है सरकार बनने पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति वर्ग की छात्रवृत्ति दोगुनी करेंगे। ज्योतिबा फुले के नाम से प्रत्येक शहर में हास्टलों की संख्या बढ़ायेंगे, आवासीय विद्यालय बनायेंगे, वन अधिकार अधिनियम कानून को प्रभावशाली ढंग से लागू करेंगे।

श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र-2024 जारी किया गया है, जिसमें दिशा भी है और दृष्टि भी है। सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं एवं सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय को लेकर इस न्याय पत्र में प्रावधान किये गये हैं। इस समावेशी एवं सामाजिक न्याय पत्र के माध्यम से कांग्रेस अपनी परंपरानुसार देश के नागरिकों को अधिकार संपन्न बनाना चाहती है।

# अंबेडकर जयंती पर निकला चल समारोह, हाथों में नीले झंडे लेकर चले सैंकड़ों लोग, बाबा साहब के आदर्शों को किया याद

***जिला बयूरो चीफ धनकुमार विश्वकर्मा दमोह/हर्रई तेजगढ़***

दमोह/तेंदूखेड़ा ==जिले के तेंदूखेड़ा मे डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134वी काफी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई है। सबसे पहले नगर मे अहिरवार समाज के लोगो एक जगह इखट्टा हुए ओर मगर के मुख्य मार्गो से चल समारोह निकला गया जिसमे में सेकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए,और उनके द्वारा बाबा साहब अमर रहें के नारे लगाए जा रहे थे। समारोह का कई जगह स्वागत भी किया गया है। बाद मे चल समारोह का समापन गल्ला मंडी मे डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा के सामने किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डाक्टर परम् सिंह लोधी एवं भाव सिंह लोधी मूरत सिंह लोधी, मडल अध्यक्ष गोबिंद यादव, चेतन जैन ने अम्बेडकर जी की प्रतिमा को तिलक लगाकर उन्हें फूलमाला चढाई, बाद मे सामाजिक पदाधिकारियों एवं लोगो ने भी प्रतिमा पर तिलक



एवं माल्यार्पण कर के बाबा साहेब जी का जन्म दिन मनाया। सभी लोगो ने बाबा साहेब अम्बेडकर जी की जीवन से जुडी मुख्य उपलब्धि तथा घटनाओ को याद किया। कुछ लोगो ने आज का दिन समानता का दिन के रूप मे मनाया।लोगो ने बताया की

अम्बेडकर ने सामाजिक स्वतंत्रता का समर्थन करते हुए तर्क दिया कि उत्पीड़ितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता के बिना कानूनी स्वतंत्रता का कोई महत्व नहीं है। अंबेडकर जयंती का महत्व एक स्तरीकृत समाज के भीतर सभी भारतीय नागरिकों को अवसर, विकल्प और सम्मान की समानता प्रदान करने के लिए हमारे निरंतर संघर्ष में निहित है।

आज यानी 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती मनाई जा रही है। भारत के संविधान के जनक, चिंतक, समाज सुधारक और दलित वर्गों के लिए आवाज उठाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था.। जिनका जन्म दी आज यानी 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती मनाई जा रही है.इस कार्यक्रम मे अहिरवार समाज के ब्लाक अध्यक्ष तिलक राज, वंशकार समाज के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद ईश्वर बेन, रेवा मिस्त्री श्याम लाल अहिरवार, हल्के राम बेन,एवं सेकड़ो लोग मौजूद थे



## हर्रई सिंगौरगढ़ में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती, निकाल जुलुस

**जिला बयूरो चीफ धनकुमार विश्वकर्मा दमोह/हर्रई तेजगढ़***

*दमोह--जिले के तेन्दूखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्रई सिंगौरगढ़ में डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम धूमधाम और उत्साह के साथ जुलूस निकाला गया अग्रवाल समाज के लोग एक जगह इकट्ठा हुए और मुख्य मार्ग से चल समारोह निकाला जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए और उनके द्वारा बाबा साहब अमर रहे किनारे लगाए गए समझ में कई जगह स्वागत भी किया गया,कार्यक्रम बड़ी संख्या में लोगो की मौजूदगी रही*

*वही सांगा गाँव में भी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती,बड़ी संख्या में लोगो की रही मौजूदगी, हाथों में हरे झंडे लेकर निकाला ग्राम में जुलूस उसके बाद,डॉ आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर पूजन अर्चन किया गया।उसके बाद प्रशाद वितरण भी किया गया*

# यह राष्ट्र राम का है, जो राम के साथ खड़ा है भारत की जनता उसके साथ खड़ी है: स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य

### *विडंबना- जिस विदेशी युवक ने हिंदू मंदिर की सीढ़ियों पर बैठककर फेसबुक की कल्पना की उसी फेसबुक पर आज हिंदू बालक सनातन धर्म को गाली देते हैं*

*गंजबासौदा।* यह राष्ट्र राम का है,जो राम के साथ खड़ा है भारत की जनता उसके साथ खड़ी है। विपक्षी पार्टियों ने ही केवल एक पार्टी को ही घोषित कर रखा है कि यह राम जी की पार्टी है इसमें उनका क्या दोष है यदि कोई राम के लिए दौड़ लगाता है,राम का नाम लेता है तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। यदि आपको लगता है कि वह राम पर राजनीति कर रहे हैं तो आपको किसने रोका है आप भी करिए क्योंकि राम सबके हैं। एक के नहीं। आमंत्रण मिलने के बाद भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न पहुंचने वालों को उन्होंने दुनिया का ऐसा अभागा बताया जो इतिहास के साक्षी बनने से वंचित रह गए। यूएई, दुबई, अबू धाबी में राम के मंदिर बन रहे हैं यही राम का चरित्र है जो चरित्रवान होता है दुनिया उसको पूजती है। यह बात कथा स्थल पर आयोजित हुई धर्म वार्ता में अयोध्या धाम से पधारे जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने बेबाक रूप मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कही। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सनातन धर्म को बदनाम करने के सवालों पर प्रमाणिकता के साथ जवाब देते हुए रत्नेश जी महाराज ने कहा कि जिस अमेरिकन विदेशी युवक ने भारत में हिंदू मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर फेसबुक की कल्पना की थी और दुनिया को यह बताया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए एक दूसरे को जोड़ने का यह विचार उसे नीम करोली बाबा के यहाँ मंदिर में आया। लेकिन विडंबना



देखिए उसी फेसबुक पर आज हिंदू धर्म के बालक सनातन धर्म को बदनाम करने उसका उपयोग कर रहे हैं,इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि राम का चरित्र ही राष्ट्र का चरित्र है धर्म के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती भारत का एकमात्र सनातन धर्म है जो विश्व बंधुत्व की भावना प्रकट करता है। दुनिया के लोग जब भी दिशाहीन होते हैं तब भारत ही मार्गदर्शन करता है। भारत आज से नहीं पुरातन काल से विश्व गुरु कहा गया है। काशी अयोध्या की भांति मथुरा में भी अब देर नहीं है। भगवान कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा में भी हम कन्हैया का भव्य और दिव्य मंदिर बनते देखेंगे। भारत के हिंदू राष्ट्र सवाल पर महाराज भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने का हिंदू राष्ट्र का समर्थन किया।

### *कथाओं के बदलते ट्रेंड पर बोले, चमत्कार होता तो आज राम से ज्यादा रावण को पूजते*

कथाओं के बदले ट्रेंड में टोने टोटके, के सवालों पर जवाब देते हुए महाराजश्री ने कहा कि कथा जीवन को दिशा देती है ना की भटकाती है।आज कथा पीठ भटकती दिशा की ओर बढ़ रही है इस पर विद्वानों को विचार करना चाहिए है। चमत्कार ना ईश्वर की कसौटी है और ना ही संत की। चमत्कार दिखाना नहीं पड़ता जो स्वत घटित हो जाए वह है। यह कथा पीठ का उद्देश्य नहीं होना चाहिए लेकिन आज बन रहा है। राम से ज्यादा तो रावण चमत्कारिक था जो हर तरह के भेष बदल लेता था यदि ऐसा होता तो आज के लोग राम को नहीं रावण को पूजते और रावण को ही ईश्वर मानते।

### *जीवन में तनाव से बचना हो तो, अध्यात्म का दामन पकड़ लो*

युवा पीढ़ी में बढ़ती आत्महत्या के सवालों पर महाराजश्री ने कहा कि हम सफलता के बड़े-बड़े मापदंड तय कर लेते हैं और जब वह पूरे नहीं होते तो तनाव में आ जाते हैं और आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं यह उस भगवान के साथ न्याय नहीं है जिसने आपको यह सुंदर शरीर दिया है। राम और कृष्ण से ज्यादा किसी ने जीवन में कष्ट नहीं झेला यह उनके जीवन यात्रा हमें सिखाती है।सनातन धर्म में आत्महत्या करना सबसे बड़ा पाप बताया गया है। यदि आपके जीवन में कर्म प्रधानता के साथ-साथ अध्यात्म, संत, और सत्संग की प्रधानता रहेगी तो आप समस्याओं में भी अपने जीवन यात्रा के उद्देश्य को हंसते मुस्कुराते हुए पूरा कर लेंगे।

### *समर्थवान प्रयास करें, गंजबासौदा फिर वासुदेव नगर बने*

गंजबासौदा का प्राचीन नाम पहले वासुदेव नगर था इसका प्रामाणिक रूप से उल्लेख भी मिला है। वासुदेव नगर बहुत ही सुंदर नाम है। अपभ्रंष के रूप में कई शहरों का नाम उनके प्राचीन नाम के अनुसार बदल गया है। इसलिए राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में यहां के समर्थवान लोग प्रयास करें कि गंजबासौदा को पहले की तरह प्राचीन नाम से जाना जाए। नौलखी पर आयोजित हो रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन के सवालों का जवाब देते हुए महाराज श्री ने कहा कि यहां क्षेत्र की धर्मनिष्ठ जनता ने दिखा दिया है कि संतों,धर्म के प्रति उनकी कितनी गहरी आस्था, श्रद्धा और भक्ति है। जिस सात्विकता,विद्वान आचार्यों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे वैदिक कर्मकांड किए जा रहे हैं वह अद्भुत और अकल्पनीय है।

# छतरपुर पुलिस के अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में निरंतर हो रही कार्यवाही

**सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर मो.7509091263**

### थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार देसी तमंचा सहित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा समस्त थाना प्रभारी को उनके क्षेत्र अंतर्गत अवैध हथियार से संबंधित आरोपी, वांछित अपराधी, स्थाई वारंटी, एवं जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर पाए जाने वाले जिला बदर आरोपियों की गिरफ्तारी तथा निगरानी, गुंडा बदमाश, आदतन अपराधियों ,संदिग्ध व्यक्तियों की निरंतर निगरानी हेतु निर्देशित किया गया है*

दिनांक 14 अप्रैल 2024 को रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस को नौगांव रोड क्रिश्चियन स्कूल के पास में एक युवक के अवैध हथियार कट्टा लेकर दहशत फैलाने की सूचना प्राप्त हुई, सूचना प्राप्त होते ही *अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर ने पुलिस टीम को संदेही से संबंधित स्थान में भेजा गया।* मुखबिर के बताए स्थान नौगांव रोड क्रिश्चियन स्कूल के पास में पुलिस टीम पहुंची, पुलिस को आता देख संदेही ने भागने का प्रयास किया। जिसे घेराबंदी कर रोका गया। संदेही हांथ में 12 बोर का देसी कट्टा जिसमे एक जिंदा कारतूस लोड था, लिए था। सावधानी पूर्वक अवैध हथियार को चेक करते हुए कारतूस निकाला गया। आरोपी ने पूछताछ पर नाम शनी खान उर्फ संजय खान उम्र 31 वर्ष शिल्प साल मार्ग टोरिया मोहल्ला छतरपुर का होना बताया। आरोपी का यह कृत्य आयुध अधिनियम के तहत दंडनीय होने से 12 बोर का कट्टा,1जिंदा कारतूस जप्त कर थाना कोतवाली में अभियुक्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। अवैध हथियार लेकर दहशत फैलाने की नीयत से घूम रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# कमलनाथ की दाल में काला नहीं, बल्कि पूरी दाल काली: नेहा




## 2047 के विजन में काम कर रहे प्रधानमंत्री

शहडोल। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर शहडोल पहुंची, यहां पत्रकारों से उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर अनौपचारिक चर्चा की, भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के चुनाव में मध्यप्रदेश इतिहास रचने जा रहा है, प्रदेश की 29 में 29 सीटों के मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट करेंगे। यही नहीं देश में एनडीए गठबंधन 400 पार सीटें जीतकर इतिहास रचेगा, चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के यहां पूछताछ के लिए पहुंचे पुलिस बल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कमलनाथ ने जो कांग्रेस के शासनकाल में किया है, अब उनका किया सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस मामले को लेकर पुलिस कमलनाथ के घर गई है, उस मामले में दाल में काल नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है। सुश्री नेहा बग्गा यही नहीं रूकी, उन्होंने 1984 में हुए सिख दंगों को याद करते हुए कहा कि पंजाब में आज भी उसके साक्ष्य मौजूद हैं, जिस तरह कमलनाथ ने सिख समुदाय के साथ नरसंहार कराया, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## टेक्नोलॉजी की विदेश में सराहना

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता आम जनता के समक्ष रहता है। प्रदेश की भूमि कुशाभाऊ ठाकरे की भूमि है, उन्हीं के संस्कार हमारे कार्यकर्ताओ में है। उन्होंने कहा कि आज टेक्नोलॉजी का समय है, कांग्रेस टेक्नोलॉजी को लेकर हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजाक उड़ाती थी। आज हमारे देश के टेक्नोलॉजी की सराहना विदेशी भी करते हैं। विदेशी भी मानतें है कि डिजीटल तकनीक से भारत सुदृढ़ हुआ है। सुश्री नेहा बग्गा ने आगे कहा कि भाजपा ने संगठन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। 40 लाख महिलायें भाजपा शासन काल में स्व सहायता समूह से जुडी हैं। आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना के तहत गैस का लाभ लोगों को मिल रहा है।

## दुश्मनों से निपटने में भारत सक्षम

सुश्री नेहा बग्गा ने कहा कि जन हितकारी योजनाओ में अब हितग्राहियों का पैसा बिचौलिए नहीं खा पातें, भाजपा शासनकाल में हितग्राहियों के खाते में राशि सीधे पहुंच रही है। आज विकास की बात करें तो विश्व में सबसे बड़ा पुल भारत में है। अमृत भारत योजना के तहत देश के रेलवे स्टेशनो का विकास तेजी के साथ हो रहा है। सडको का कार्य भी तेजी के साथ किया जा रहा है। देश के विकास में भाजपा हर संभव प्रयास करने में लग हुई है। पिछले 10 साल के कार्यकाल में एतिहासिक कार्य किये गये हैं। भारत दुश्मनो से निपटने में आज पूरी तरह से सक्षम है। हमारी पार्टी 370 सीट जीतने के लक्ष्य की प्राप्त तो कर ही लेगी, 400 सीट पार करने की जद्दोजहद में भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ लगे हुये हैं।

## गर्मजोशी से किया गया स्वागत

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से लोकसभा संयोजक प्रकाश जगवानी, जिला महामंत्री संतोष लोहानी, शीतल पोददार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, अरुण कुमार द्विवेदी, उर्मिला कटारे, अंजुला नामदेव आदि पदाधिकरी रहे मौजूद। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा का भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत के दौरान प्रदेश प्रवक्ता ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे हर बूथ में मतदान के अवसर पर पूरी ताकत के साथ सक्रिय रहकर अधिक से अधिक मतदान कराने में अपनी सहभागिता निभायें, कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट द्वारा किया गया।

# कमिश्नर, एडीजीपी एवं कलेक्टर ने कहा- आंधी आए या तूफान, 100 प्रतिशत करें मतदान



## धनपुरी में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, दिलाई मतदान करने की शपथ

शहडोल। शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के नगर पालिका परिषद धनपुरी के नगर पालिका प्रांगण में सोमवार को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि शहडोल संभाग को 100 प्रतिशत मतदान करानें में मतदाता अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व 5 वर्ष में आता है हमें इस महापर्व में भागीदारी निभाते हुए शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में 100 प्रतिषत मतदान का लक्ष्य को लेकर चले और इसे चरितार्थ करें।

## एडीजीपी ने किया संबोधित

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डीसी सागर ने कहा सभी मतदाता 19 अप्रैल को बिना डर व भयमुक्त होकर अपने-अपने मतदान केंद्र जाए और मतदाता शत-प्रतिषत मतदान कर जागरूक मतदाता की पहचान बताएं। उन्होनें मतदाता जागरूकता के दौरान आंधी आए या तूफान, 100 प्रतिषत करें मतदान, यूथ चला बूथ 100 प्रतिशत वोट का सबूत, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे प्रेरक नारे लगाकर मतदान का संदेश दिया।

## अपने मताधिकार का करें प्रयोग- कलेक्टर

मतदाता जागारूकता कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने कहा कि प्रत्येक मतदाताओ को मतदान देने का अधिकार दिया गया है यह अधिकार के साथ-साथ मतदाता का दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने कहा कि हम सब 100 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य लेकर चलें एवं इस लक्ष्य को पूरा करने में पूर्ण रूप से प्रयास भी करें। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि घर-परिवार, आस-पडोस, दोस्तो, आदि को मतदान का महत्व बताए और 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उक्त कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने भी मतदान का महत्व बताया। साथ ही कमिश्नर ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाता, युवा मतदाता एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया।

## ये रहे मौजूद

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर शहडोल संभाग बीएम जामोद, एडीजीपी डीसी सागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के नेतृत्व में नगरपालिका धनपुरी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु दिव्यांग मतदाता नेमा चन्देल ने प्रेरक मतदान गीत भी गाए। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, एसईसीएल महाप्रबंधक सोहागपुर पी. आर. त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बुढ़ार मुद्रिका सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं मतदातागण उपस्थित रहे।



# विशेष पुलिस अधिकारियों को दिया गया चुनाव प्रशिक्षण

शहडोल। आगामी लोकसभा निर्वाचन को के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शहडोल द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के निर्देशन विशेष पुलिस कर्मचारियों को निर्वाचन ड्युटी हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे वे निर्वाचन के दौरान अपने कर्तव्यों का निष्पादन अच्छी तरह से कर सकें। सोमवार को पुलिस लाईन शहडोल स्थित सामुदायिक भवन में इन्हें निर्वाचन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण में सुबेदार राजमती परस्ते के द्वारा पुलिस कर्मचारियों को आगामी चुनाव ड्युटी के दौरान उनके द्वारा किये जाने वाले कर्तव्यों से अवगत कराया गया। ड्युटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और ''क्या करें - क्या न करें'' के संबंध में आवश्यक समझाईश दी गई। इससे पूर्व में भी मार्च 2024 को जिले के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को निर्वाचन प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान रक्षित निरीक्षक दीपेन्द्र कुशवाह, सूबेदार राजमती परस्ते, वं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छात्रओं ने बनाई मतदान की रंगोली, लिया शपथ

## मतदान का संदेश देने आयोजित हुआ कार्यक्रम




शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने एवं मतदाता जागरूक करने के उददेश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में शहडोल नगर के भारत माता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने मतदान का महत्व बताया और मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की तथा मतदान करने के शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं के छात्राओं ने मतदान की रंगोली बनाई तथा लिखा चला चली मतदान करी अपने मन के मान करी। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद के परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं के छात्र-छात्राएं सहित अन्य लोग उपस्थित थें।




# विजयसोता, बराछ सहित अन्य ग्रामों में निकली मतदाता जागरूकता रैली

शहडोल। जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने एवं मतदाता जागरूक करने के उददेश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत विजयसोता, पपरेड़ी, बैरिहा, महदेवा, जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बराछ, चितराव, जमुनिहा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान सारे काम छोड़ दो 100 प्रतिशत मतदान करों, अपना फर्ज निभाना है वोट डालने जाना है जैसे अन्य मतदान संबंधी नारे लगाकर मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की गई।

## मतदान उपरांत सी एवं डी केटगरी के ईव्हीएम एवं व्हीव्हीएपीटी के संबंध में आदेश जारी

शहहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर ब्यौहारी, जयसिंहनगर एवं जैतपुर को आदेश जारी कर कहा है कि मतदान उपरांत सी एवं डी केटगरी के ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीने जो आपके क्षेत्रातर्गत सेक्टर ऑफिसरो को आवंटित की गई है, मतदान के पश्चात विधानसभा स्ट्रांग रूम में नही रखी जावेगी, साथ ही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अस्थाई रूप से भण्डारित की गई तथा उपयोग में न लाई गई ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन को भी स्ट्रांग रूम में नहीं रखा जावेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने समस्त ऑफिसर को निर्देशित करें कि वे मतदान उपरांत सी तथा डी केटगरी ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनो को कलेक्ट्रेट परिसर जिला वेयर हाउस में जमा करेंगे, तथा अस्थाई रूप से भण्डारित की गई तथा उपयोग में न लाई गई ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन को भी जिला वेयरहाउस ईव्हीएम में भेजा जाना सुनिश्चित करेंगे।


## 17 एवं 19 अप्रैल को मतदान दलो के ठहरने की व्यवस्था हेतु आदेश जारी

शहडोल। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र शहडोल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका शहडोल को आदेश जारी कर कहा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 19 अप्रैल 2024 मतदान होना जिसके लिये मतदान दल दिनांक 18 अप्रैल 2024 को रबाना होंगे। इसके लिये मतदान दल 17 अप्रैल 2024 से आना प्रारंभ हो जायेंगे एवं मतदान पश्चात 19 अप्रैल 2024 को सायं देर रात तक मतदान दलो का आना जारी रहेगा। उन्होंने जारी आदेश में कहा है कि मतदान दलो के ठहरने हेतु भवन का चयन कर पेयजल एवं साफ-सफाई के साथ आवश्यक मूलभूत व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

## ईव्हीएम व व्हीव्हीपीएटी मशीनों के संधारण हेतु आदेश जारी

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने आदेश जारी कर कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को होना है। मॉक पोल के दौरान रिजेक्ट ईव्हीएम केटगरी सी तथा डी ईव्हीएम व व्हीव्हीपीएटी का संधारण कलेक्ट्रेट परिसर में निर्मित जिला वेयरहाउस में किया जावेगा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने प्रतीक खरे, नोडल अधिकारी ईव्हीएम कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग शहडोल जिला शहडोल (म.प्र) को निर्देशित किया है कि मतदान पश्चात आने वाली सी तथा डी केटेगरी की ईव्हीएम व व्हीव्हीपीएटी मशीनो को सुरक्षित संधारण कराना सुनिश्चित करेंगे।

# महिलाओं ने मेंहदी लगाकर दिया मतदान का संदेश




**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने एवं मतदाता जागरूक करने के उददेश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में जिले में महिलाओं ने मतदान का संदेश देने के लिए मतदान की मेंहदी लगाई। मतदान की मेंहदी लगाकर कहा कि 100 प्रतिशत मतदान करें, मेरा मतदान मेरा भविष्य, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, देश के मतदाता है वोट देने आता है जैसे अन्य स्लोगन हाथों में लिखवाए गए।

# पुलिस के द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही




शहडोल। थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत रविवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भागा की तरफ कुछ व्यक्ति रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन कर रहे है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा ग्राम भागा सूचना स्थान पर पहुंचकर कुछ समय इंतजार करने के बाद एक ट्रेक्टर मय रेत लोड आते दिखा जिसे रूकवाकर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम ललन सिंह गोंड निवासी बुढ़ार का होना बताया जिससे वाहन एवं रेत परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर कोई वैध दस्तावेज न होना बताया जिस पर कार्यवाही करते हुए बुढ़ार पुलिस द्वारा टेऊक्टर को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक ललन सिंह एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
R.N.I. NO : MPHIN2021/82530
समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक
ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

दरें प्रति स्क्वायर से.मी. में

व्यवसायिक

| कलर | | B & W | |
| --- | --- | --- | --- |
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 40 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 30 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 35 | अंतिम पृष्ठ | 30 |

हार्दिक बधाई / धार्मिक

| कलर | | B & W | |
| --- | --- | --- | --- |
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 35 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 25 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 30 | अंतिम पृष्ठ | 25 |

शोक संदेश / श्रद्धांजलि

| कलर | | B & W | |
| --- | --- | --- | --- |
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 25 | प्रथम पृष्ठ | 20 |
| साधारण पृष्ठ | 18 | साधारण पृष्ठ | 15 |
| अंतिम पृष्ठ | 20 | अंतिम पृष्ठ | 18 |

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

केसरिया हिन्दुस्तान

# मां कालरात्रि की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई

लहरपुर सीतापुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्रके विभिन्न देवी मदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा मां भगवती के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। नगर के प्रसिद्ध पूर्वीन देवी मंदिर व भोलिया बाबा स्थित देवी मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं महिलाओं और बच्चों ने मां कालरात्रि के स्वरूप की पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की कामना की। नवरात्र महोत्सव के तहत क्षेत्रके प्रसिद्ध देवी मंदिर केशरीगंज पर युवा दुर्गा जागरण समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद् भागवतकथा एवं रासलीला में पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने भगवान के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। श्रीमद् भागवतकथा में कथा व्यास पंडित अखिलेश महाराज ने रुक्मणी विवाह का सुंदरवर्णन करते हुए कहा कि प्रभु तो अंतर्यामी हैं उनसे कुछ भी छिपा हुआ नहीं है, वह कण-कण में व्याप्त है, इसलिए प्रत्येक को अपना कर्तव्य



कर्म करते रहना चाहिए और दुर्लभ मानव शरीर की परम गति मोक्ष के लिए प्रभुका ध्यान करना चाहिए। इस मौके पर रात्रि वेला में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने श्री राधा कृष्ण की सजीव झांकियों का भव्य मंचन किया जिसे देखकर उपस्थित दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। रासलीला में अभिमन्यु वध के नाटक का मंचन किया गया।

# डीएम व एसपी ने वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण किया



सीतापुर।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता के सकुशल संपादन हेतु जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र तथा प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह द्वारा थाना बिसवां प्राथमिक विद्यालय झज्जर थाना मानपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोवर्धनपुर सीतापुर में स्थित वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण कर सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान एसडीम बिसवां/लहरपुर/ क्षेत्राधिकारी बिसवां/लहरपुर प्रभारी निरीक्षक बिसवां थानाध्यक्ष मानपुर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।




## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में थाना सदरपुर पुलिस टीम-.उ0नि0 मनोज कुमार सिंह . मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र यादव आरक्षी विपुल कुमार द्वारा मु0अ0सं0 119/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त बुल्लु उर्फ भुल्लु उर्फ बुल्ला उर्फ बबलू उर्फ इन्द्रेश उर्फ इन्द्रजीत पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम लोनियनपुरवा मजरा मानपुर सिकरी थाना रेउसा जनपद सीतापुर को हाजीपुर कांटा के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में लूट/चोरी/नकबजनी/हत्या का प्रयास आदि जैसे अपराधो में करीब दो दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

अभियुक्त का नाम पता-बुल्लु उर्फ भुल्लु उर्फ बुल्ला उर्फ बबलू उर्फ इन्द्रेश उर्फ इन्द्रजीत पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम लोनियनपुरवा मजरा मानपुर सिकरी थाना रेउसा जनपद सीतापुर।

= 005

## अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता चलाया जा रहा कार्यक्रम

लहरपुर सीतापुर। वर्तमान समय में बढ़ रही गर्मी व लू की अधिकता के चलते क्षेत्र में अनेक अग्निकांड हो सकते हैं जिसके चलते धन हानि एवं जनहानि की भी संभावना बनी रहती है इसके अतिरिक्त घरेलू चूल्हे व रसोई गैस से भी अग्निकांड की संभावना पाई जाती है इसी क्रम में अग्निशमन विभाग सीतापुर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अग्निशमन विभाग लहरपुर द्वारा नगर के बीडीएनडी पब्लिक स्कूल में सभी छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को अग्निशमन हेतु प्रशिक्षित किया गया एवं जागरूक किया गया इसके साथ ही अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर आधारित एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कक्षा 6 7 व 8 के बच्चों ने प्रतिभाग किया बच्चों को संबोधित करते हुए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने आज से बचाव हुआ अग्नि आपदा होने पर उसे कैसे निपटा जाए इसकी बिंदुवार जानकारी भी दी इस अवसर पर लहरपुर अग्निशमन पुलिस विभाग के प्रभारी हर्ष कुमार सिंह अशोक कुमार सिंह व विवेक कुमार मौर्य विद्यालय प्रबंधिका मधु सिंह प्रधानाचार्या कंचन सिंह शिक्षक ओमप्रकाश पांडे, दिवाकर अवस्थी अभय सिंह, जयप्रकाश मौर्य ,प्रीति अवस्थी ,गोल्डी वर्मा ,पलक मिश्रा, शालिनी शुक्ला सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे मिला शव पुलिस ने पी एम को भेजा

बिसवां सीतापुर - सदरपुर थाना इलाके के गांव फरदापुर के पास नवजात का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची सदरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। किसी अज्ञात महिला ने अपने शारीरिक सुख के लिये मां की ममता का गला घोट दिया।

सदरपुर के फरदापुर गांव के सामने बिसवां - रेउसा मार्ग के किनारे रहीस अहमद की मोटरसाइकिल सर्विस और धुलाई की दुकान है। सोमवार को सुबह जब रहीस अपनी दुकान खोलने आया तो देखा सड़क किनारे एक सफेद कपड़ा पड़ा है। उसने सोचा कि यह कपड़ा धुलाई के बाद गाड़ियों के पोछने के काम आयेगा। जैसे ही उसने सफेद कपड़ा उठाया तो उसके होश उड़ गये। उस कपड़े के नीचे नवजात का शव पड़ा हुआ था। वह भागता हुआ गया और पड़ोस के सुधीर वर्मा को बताया। सदरपुर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पी एम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि नवजात के शव को पीएम के लिए भेजकर कार्यवाही की जा रही है।

# विकास खंड ऐलिया में ऑनलाइन हाजिरी के शासनादेश का बना मजाक

002

### विकास खंड ऐलिया में मनरेगा कार्य में जिम्मेदारो की मिलीभगत से किया घोटाला

### लिखित शिक़ायत आने पर जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी।

खंड विकास ऐलिया

हमे विकास भवन में 106 न0 में लगाया गया है अभी हम कुछ नही कर सकते

एपीओ ऐलिया

ऐलिया सीतापुर। उपायुक्त श्रम रोजगार सीतापुर के द्वारा नवंबर माह को पत्रांक संख्या 737/2023-24 के माध्यम से आयुक्त ग्राम विकास उत्तर प्रदेश का हवाला देते हुए जनपद के सभी खंड विकास व कार्यक्रम अधिकारी को पत्र जारी कर आदेश दिया था की मनरेगा में कार्य कर रहे श्रमिकों की उपस्थिति एप पर ऑनलाइन दर्ज की जाएगी व मौके की फोटो अपलोड की जाएगी, व अधिकारियों को



निगरानी में ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे मनरेगा कार्यों में श्रमिको की उपस्थिति रोजगार सेवकों के द्वारा दिन में दो बार दर्ज की जाएगी। जिससे की हो रहे कार्यों का वास्तविक निरीक्षण ऑनलाइन किया जा सके।

विकास खंड ऐलिया में खंड विकास अधिकारी उपरोक्त आदेशो को मनाने से इनकार कर रहे है, विकास खंड की अधिक़तर ग्राम पंचायतों में जमकर ऑनलाइन फर्जी हाजिरी दर्ज की जाती है, जिम्मेदार फर्जी हाजिरी दर्ज कर सरकारी धन को चुना लगा रहे है। विकास खंड की ग्राम पंचायत देवई में लगातार लंबे अरसे से मनरेगा कार्यो में फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है, कल दिन सोमवार को ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यो के अंतर्गत दो कार्य संचालित किए जा रहे थे, देवई में भिट्ठा तालाब खुदाई कार्य और गौशाला के पास नया तालाब खुदाई कार्य दोनो ही कार्यो पर 14 मास्टर रोल पर 133 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई, किंतु गौशाला के पास तालाब खुदाई कार्य पर काम बंद चल रहा है, मौके पर एक भी श्रमिक कार्य करता हुआ नही पाया गया, वही दूसरे कार्य भिट्ठा तालाब खुदाई कार्य पर मात्र 8 श्रमिक ही कार्य करते पाए गए, जबकि पूर्व में भी कई बार देवई में मनरेगा कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की खबरे भी प्रकाशित हो चुकी फिर भी जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद से जगने का नाम नहीं ले रहे है।

# जिलाध्यक्ष ने मोर्चा संभालकर पत्रकारों के मंत्री से किए सवालों का जवाब देते रहे

सीतापुर । लोकसभा 30 सीतापुर में पार्टी के प्रत्याशी राजेश वर्मा को जिताने के लिए सीतापुर स्थित भरत पैलेस में पार्टी की योजनाओं और संकल्प पत्र को बताने के लिए सीतापुर सदर विधायक व प्रदेश में राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने संकल्प पत्र को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया ।

सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए संकल्प पत्र के बारे में और सरकार बनने के बाद किए जाने वाले कार्यों की चर्चा की ।

इसी बीच जब पत्रकारों ने मंत्री राकेश राठौर गुरु से सवाल किया तो मंत्री जी बगले झांकते हुए नज़र आये ।इसी बीच मौके को भपाते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने पत्रकारों के सवालों का जवाब किसी तरह दे तो




दिया ।लेकिन पत्रकारों के मंत्री से बढ़ते सवालो की लाइन देखते हुए आनन फानन में प्रेस वार्ता का समापन कर दिया। लेकिन सवाल यह की ऐसे में चार बार चुने जा चुके राजनीति के माहिर खिलाड़ी राजेश वर्मा के खेवाइया बने राज्य मंत्री राकेश राठौर कैसे पार लगा पायेंगे नैया, यह सवाल तब ओर बड़ा हो जाता है जब उनके सजातीय वोट बैंक पर कांग्रेस के प्रत्याशी ही कब्जा किए बैठे है, ऐसे में राजेश वर्मा को खुद ही चुनाव की कमान संभालनी पड़ेगी, उधर दूसरी तरफ पार्टी के दिग्गज नेता बसपा के टिकट पर चुनाव लडने की ताल ठोक रहे है ऐसे में मंत्री राकेश राठौर गुरु को अपनी साख बचाने को लेकर बड़ी चुनौती होगी। वही नए संकल्प पत्र के आने के बाद कई सवाल और खड़े हो गए है कि 2014 में जारी किए गए संकल्प पत्र को अभी तक पूरा नही कर पाए है, महंगाई ,बेरोजगारी, जैसे ज्वलन्त मुद्दों की मार झेल रही जनता क्या नए संकल्प पत्र पर भरोसा कर पायेगी। पूर्व सदर विधायक व वर्तमान विधायक के बीच चल रहा है वाक युद्ध जँहा राज्य मंत्री ने इस चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जमानत जब्त करने का दावा कर रहे है वही दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी याद दिला रहे की कैसे दो बार अलग अलग थाना क्षेत्रों में इनकी उन्होंने खुद जमानत ले रखी है।

# आयुर्वेदिक चूर्ण पर लगा प्रतिबन्ध हटा दिया गया

सीतापुर । क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सचान ने बताया कि लाइसेन्स प्राधिकारी व निदेशक के आदेश दिनांक-09.04.2024 मेंसर्स गोपाल हर्बल फरीदाबाद हरियाणा प्रो0 द्रविन्द्र सिंह सेठी पुत्र अजीत सिंह सेठी फर्म द्वारा निर्मित सात आयुर्वेदिक औषधियों कमशः पेननिल चूर्ण, स्लीमक्स चूर्ण, एजफिट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण पर लगा प्रतिबन्ध हटा दिया गया है, इससे पूर्व लाइसेन्स प्राधिकारी च निदेशक के आदेश दिनांक-20.03.2024 हिमालया वेलनेस कम्पनी बेगलरू, कर्नाटक की औषधियाँ यथा लिव-52, सिस्टोन सीरप तथा लाइसेन्स प्राधिकारी व निदेशक के आदेश दिनांक-10.04.2024 मेसर्स धनवन्तरी हर्बल्स जनपद अमृतसर पंजाब द्वारा निर्मित अयुर्वेदिक अनुभूत औषधि रूमो परवाही (त्राश्वस्ल्ह क्क्रद्ध्र ढ्ढ) एवं लाइसेन्स प्राधिकारी व निदेशक के आदेश दिनांक-10.04.2024 मेसर्स अक्षय आयुर्वेद भवन श्यामनगर मण्डी रोड जनपद फर्रूखाबाद द्वारा निर्मित दो अयुर्वेदिक औषधियां बायना आयल एवं बायना प्लस कैप्सूल को नियमों एवं मानक के अनुसार बिक्री योग्य पाया गया था, जिसके सम्बन्ध में लखनऊ के लाइसेन्स प्राधिकारी व निदेशक ने आदेश निंगत कर दिया है कि उपरोक्त सभी दवायें उत्पादन परिवहन एवं बिक्री हेतु प्रतिबन्धित नहीं है तथा जनसामान्य में चिकित्सकीय लाभ के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है।

## सिधौली आबकारी टीम के द्वारा छापेमारी कच्ची शराब बरामद लहन किया नष्ट

सिधौली / आज दिनांक 15/4/24 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की दृष्टिगत जिला आबकारी अधिकारी सीतापुर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सीतापुर के क्षेत्र 3 सिधौली में थाना कमलापुर अंतर्गत ग्राम सुजौलिया व गढ़ी में दबिश देकर कुल 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई व लगभग 400 किलोग्राम लहन को बरामद किया, बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ,1 भट्ठी भी नष्ट की गई। दबिश में कुल 5 अभियुक्त के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया इस दौरान आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार हेड कांस्टेबल विनय श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह कांस्टेबल तसनीम अहमद कांस्टेबल शुभम कुमार टीम मौजुद रही




## मुरहार समिति की चल रही खुलेआम मनमानी अन्नदाता किसानों को किया जाता है परेशान

जिला ब्योरो नीरज दुबे

त्योंदा = मुरहार समिति के अंतर्गत आने वाले तुलाई सेंटर सुमेर मैं अन्नदाता किसानों को परेशान किया जा रहा ऐसा ही मामला देखने को मिला जहां पर एक किसान 5 दिन पहले अपना गेहूं तुलवाने के लिए आया था मगर उसे बेवजह परेशान किया गया पहले उसकी 100 कुंटल गेहूं को हाथ छन्नी से छन्वया दिया फिर 50 किलो 500 की जगह 51 किलो गेहूं तोला गया तुलाइ हम्मालो के पैसे भी किसान से ही दिलवाए इस क्षेत्र की सोसाइटी में समिति की खुलेआम मनमानी चल रही है खुलेआम पैसे लिए जा रहे हैं कस्बा बगरोट कोई भी अधिकारी गण किसी को ध्यान नहीं दे रहे

# एसडीएम अनिल कुमार के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक मतदाता जागरूकता

लोकतंत्र में?? शत प्रतिशत मतदान से ही राष्ट्र का समुचित विकास संभव है= जयप्रकाश पाण्डेय

सिधौली। आज सोमवार को तहसील क्षेत्र सिधौली के ग्राम सोनारी स्थित जय शिक्षा निकेतन शिक्षण संस्थान के द्वारा उपजिलाधिकारी अनिल कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया आगामी 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावो में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से ग्राम रघुराजपुर तथा सोनारी में जन जागरूकता रैली के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता चंद्रशेखर प्रजापति ने बताया मतदान ही लोकतंत्र का प्राण है इसलिए गांव के लोगों को जागरूक करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए लोगों को मतदान करने के लिए अपील की। प्रबंधक जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा लोकतंत्र में?? शत प्रतिशत मतदान से ही राष्ट्र का समुचित विकास संभव है। प्रधानाचार्य आशीष पाण्डेय ने बताया महिलाओं, विकलांगो और वृद्धों को मतदान के लिए प्रेरित करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है कार्यक्रम के मौके पर दिव्यांशी पांडे, दिनेश मिश्रा, श्री कृष्ण, संदीप मिश्रा शिवानी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रामनवमी पर होगा रामलला का 'सूर्य तिलक'

***रात 11 बजे तक होंगे दर्शन***



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। रामनवमी को लेकर राम मंदिर में कई आयोजन होंगे। सबसे खास होगा राम नवमी पर भगवान राम का %सूर्य तिलक%, भगवान राम के सूर्यतिलक पर, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि, ÷हमने राम नवमी पर यहां आने वाले सभी भक्तों के लिए भगवान राम के %दर्शन% की सुविधा सुनिश्चित की है। हम अभ्यास कर रहे हैं कि सूर्य की किरणें दोपहर 12.16 बजे 5 मिनट के लिए भगवान के माथे पर पड़े। हम इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्था कर रहे हैं और इसे सफल बनाने के लिए ट्रस्ट और वैज्ञानिक मिलकर काम कर रहे हैं। निर्माण कार्य चल रहा है और हम आश्वस्त हैं दिसंबर 2024 तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। रामनवमी को लेकर राम मंदिर ट्रस्ट ने पूरी गाइडलाइंस जारी की है। रामलला के वस्त्र बदलना और भोग लगाना यह सब चलते रहेंगे और साथ ही रामलला के दर्शन भी चलते रहेंगे। लोकाचार है कि भगवान का भोग एकांत में होना चाहिए।

वस्त्र पहनने का काम दो-चार मिनट के लिए होगा, भोग लगाने के लिए वस्त्र पहनाने के लिए, अधो वस्त्र पहनाने तक के लिए पर्दा रहेगा। भगवान को चार बार भोग लगता है- प्रातः काल 6~30 बजे उसके पश्चात 9~00 बजे का भोग, जिसे निवेद कहते हैं।

दोपहर को 12~30 बजे फिर शाम को 4~00 बजे भोग लगेगा, यह अल्पकालिक क्रिया हैं, इसमें 2 मिनट से 5 मिनट तक का वक्त लगता है। तबतक धैर्य रखना होगा।

भारतवर्ष से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से हम हाथ जोड़कर निवेदन करेंगे कि भगवान का भोग लगाने, वस्त्र पहनाने के लिए चार बार थोड़ा वक्त देना होगा। भगवान को वस्त्र बदलना वस्त्र पहनाना और उस समय लगे परदे के लिए थोड़ा सा धैर्य रखना होगा। 5 मिनट में पर्दा खुल जाएगा दर्शन चलते रहेंगे। प्रातः काल श्रृंगार आरती के बाद मंगला आरती के बाद भगवान का श्रृंगार, पूजा सब चलती रहेगी और दर्शन भी चलते रहेंगे। दोपहर को 12~00 बजे के पहले भगवान का अभिषेक होगा, उत्सव मूर्तियों का अभिषेक होता रहेगा, रामलला के वस्त्र बदलने का काम चलेगा दर्शन भी चलेंगे।

अभी 9~30 बजे प्रवेश बंद हो जाता है, मगर रामनवमी के दिन, 17 तारीख को दर्शन रात्रि 11~00 बजे तक होंगे। अगर हम दर्शन सुबह 3~30 से या 4~00 बजे से प्रारंभ करें तो यह लगभग 19 घंटे का होगा, सब मिलाकर दर्शन 19 घंटे तक होंगे। 18 तारीख से फिर वही पुरानी व्यवस्थाएं चालू हो जाएगी जो 15 और 16 को रहेंगी। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता-चप्पल, बड़े बैग और प्रतिबंधित सामग्री जितनी दूर हो उतनी दूर रखें।

अप्रैल 16, 17,18 और 19 को किसी भी तरह के पास जारी नहीं किये जाएंगे।

# टांडा क्षेत्र में फैला गांजा और स्मैकियों का मकड़ जाल



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। पुलिस की लापरवाही के चलते धीरे-धीरे जिला मुख्यालय सहित टांडा क्षेत्र के युवा गांजे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। जिले में शहर से लेकर छोटे-छोटे गांव के हर हिस्से में गांजे का नशा करने वाले युवाओं को यह जहर आसानी से उपलब्ध हो रहा है। शहर में कुछ परिवार तो एसे हैं, जो अपने घर पर परिवार सहित खुलेआम गांजे का व्यापार करते हैं। वहीं कुछ लोग अपने वाहन पर सवार होकर गांजे को खरीददार के बताए स्थान पर उपलब्ध कराते हैं। इस बात की जानकारी संबंधित थाना प्रभारियों को भी है, इसके बाद भी कार्रवाई न होने से अवैध गांजे का व्यापार करने वालों के हौसले बुलंद हैं।जिला मुख्यालय पर एक दर्जन से अधिक ऐसे स्थान हैं, जहां आसानी से गांजा उपलब्ध हो रहा है। कई स्थानों पर पुलिस संरक्षण में तो कुछ स्थानों पर चोरी छिपे अवैध गांजे का व्यापार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ मीडिया कर्मियों के पास अवैध रूप से गांजा और स्मैकियों के बेचने के वीडियो भी सुरक्षित रखे हुए हैं आखिर क्यों?

## थाने में पिटाई व अवैध वसूली के मामले में एक ऑडियो जहांगीरगंज थाना प्रभारी की बढ़ा सकता है मुश्किल

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। थाने में पिटाई व अवैध वसूली के मामले में एक ऑडियो जहांगीरगंज थाना प्रभारी की मुश्किल बढ़ा सकता है। वे पहले ही एसआईटी जांच के दायरे में हैं। पीड़ितों ने बताया कि थाने के सिपाही संबंधित ऑडियो में यह कहते सुने जा रहे हैं कि वसूली गई पूरी रकम तो उन सबको मिली ही नहीं। इस बीच पीड़ितों ने कहा है कि थाना प्रभारी पर भी कार्रवाई न हुई तो वसूली का केस दर्ज कराने के लिए वे सब नियमानुसार तहरीर भी देंगे।जहांगीरगंज थाने के लॉकअप में बंद कर युवकों से अवैध वसूली करने के मामले में तीन सिपाहियों के निलंबन के बाद थाना प्रभारी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। संतकबीरनगर जनपद निवासी दो पीड़ित सुरेंद्र सिंह व प्रवीण यादव के अलावा वहां के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राणाप्रताप सिंह ने लिखित बयान दर्ज कराकर एसओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को पीड़ितों ने थाने के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर जोर दिया था जिससे एसओ की भूमिका भी सामने आ सके।इस बीच रविवार को संतकबीरनगर जनपद के हकीमपुर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि राणाप्रताप सिंह ने कहा कि उनके पास एक ऑडियो है जिसमें थाने के सिपाही कुछ लोगों से आमने सामने की बात में यह कहते हुए सुने जा रहे कि हम सबको पूरा पैसा भी नहीं मिला। राणा ने कहा कि ऐसे में यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि थाने में हुई वसूली का बाकी पैसा कहां गया।राणा के अलावा दोनों पीड़ितों ने रविवार को कहा कि मामले में एसओ पर भी कार्रवाई हो। ऐसा न होने पर वे सब थाने में अवैध वसूली करने को लेकर केस दर्ज करने के लिए विधिवत तहरीर देंगे। यह भी बताया कि जहांगीरगंज पुलिस ने अवैध वसूली के लिए प्रवीण यादव को संतकबीरनगर जनपद के धनघटा से पकड़ा था। इसलिए सोमवार को संतकबीरनगर के एसपी से मिलकर अपहरण व अवैध वसूली करने की लिखित शिकायत की जाएगी। इसमें एसओ की भूमिका को भी लिखापढ़ी में शामिल किया जाएगा। ऑडियो भी पुलिस को सौंपा जाएगा। उधर एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि आंबेडकर जयंती में व्यस्तता के कारण एसआईटी जांच की रिपोर्ट पूरी नहीं हो पाई। सभी तथ्यों को शामिल कर उसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# भारतीय संविधान निर्माता डां भीम राव अम्बेडकर की मनाई गई धूम धाम से जयंती

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जनपद के विकास खण्ड़ जहांगीरगंज अन्तर्गत जब जब जुल्मी जुल्म करेगा सत्ता की गलीयारों से चप्पा चप्पा गूंज उठेगा जय भीम के नारों से ।गांव मुबारकपुर पिकार मे बड़े धूमधाम से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल 133 वी जयंती मनाई गई। आपको बता दें कि पूरे भारत देश में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई । वहीं कार्यक्रम गांव मुबारकपुर पिकार में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती अवसर पर गांव के युवा व युवतियों ने डीजे के धुन पर थिरकते दिखे लोग एवं महिलाएं भी बाबा साहेब की जन्म दिन पर सोहर गीत भी गाये डीजे की धुन पर महिलाएं भी खूब जमकर डांस किए। वही यह कार्यक्रम गांव के ही कार्यकर्ताओं के द्वारा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष शत्रुघन एवं उपाध्यक्ष संदीप भारती रहे।वही कार्यक्रम के अध्यक्ष शत्रुघन ने



बताया कि भीमराव रामजी अम्बेडकर, जिन्हें बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से भी जाना जाता है इनका जन्म 14 अप्रैल, 1891वे को भारत के मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उनकी मृत्यु 6 दिसंबर 1956 को नई दिल्ली में हुई थी। उनकी माता का नाम भीमाबाई और पिता का नाम रामजी सकपाल था। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला संपूर्ण समाज के दबे कुचले लोगों का ध्यान बाबा साहब के किए गए। दलितों के साथ किस स्तर का भेदभाव छुआछूत किया जाता था। जनहित कार्यों की तरफ आकृष्ट कराया। कहा कि बाबा साहब दलितों के पुरोधा तो थे ही साथ-साथ सर्व समाज के हितों की रक्षा शिक्षा सुरक्षा नारी सम्मान नारी सशक्तिकरण व समतामूलक समाज की स्थापना जाति विहीन समाज को अग्रसर कर देश व समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान करने का कार्य किया है गया बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर देशभर के लोगों ने 14 अप्रैल के दिन बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने किया याद । इस मौके पर कार्यक्रम के व्यवस्थापक श्याम नारायन ,गोलू, कन्हैयालाल, वीर बहादुर ,पंकज कुमार, अजय कुमार, अवधेश कुमार, सभाजीत मास्टर सहित गांव की महिलाएं आदि लोग मौजूद रहे।

## आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल मदद पहुंचाने हेतु लाभार्थी को भुगतान सीधे अकाउंट में कर दिया गया

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल मदद पहुंचाने हेतु जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में मण्डी समिति अकबरपुर क्षेत्रान्तर्गत ÷मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता योजना के अन्तर्गत कृषको / लाभार्थियों द्वारा अग्निकाण्ड पीडित का ऑनलाइन आवेदन दावा प्राप्त होने के उपरांत इसकी जाँच आख्या के आधार पर अकबरपुर क्षेत्रान्तर्गत कुल 24 कृषक / लाभार्थी को प्रभावित क्षेत्रफल 2.637 हेक्टेयर,सहायता हेतु देय रु 79110.00 भुगतान सीधे अकाउंट में कर दिया गया है। मण्डी परिषद द्वारा मण्डी समितियों के माध्यम से संचालित योजना मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता योजना÷ के अन्तर्गत यह प्रावधानित है कि अग्निकाण्ड दुर्घटना की सूचना प्रभावित कृषक/उत्पादक को निर्धारित प्रारूप पर आवेदन 90 दिन के अन्दर क्षेत्र के मण्डी समिति के सचिव अथवा उपजिलाधिकारी को देना होता है। इस हेतु अकबरपुर क्षेत्रान्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्र की जॉच मण्डी समिति के सचिव स्वयं अथवा अपने अधीनस्थ मण्डी सहायक से अन्यून किसी कर्मचारी से स्थलीय जाँच कराने के उपरान्त सम्बन्धित मण्डी समिति क्षेत्र के उप जिलाधिकारी को दावा आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया एंव सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से स्वीकृति उपरान्त लाभार्थी को भुगतान सीधे अकाउंट में कर दिया गया है ।

# गोशाईगंज चेयरमैन ने बाबा साहब के जन्मदिन पर काटा केक



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या।गोशाईगंज( अयोध्या ) !भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीम राव अंबेडकर के 133वीं जयंती पर वार्ड नंबर 6 स्थित अंबेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम मे सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल ÷पत्रकार÷ तथा अन्य की मौजूदगी मे चेयरमैन डॉ0 विजय लक्ष्मी जायसवाल ने बाबा साहब के चित्र पर धूप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया !इस दौरान बाबा साहब के अवतरण दिवस पर सैकड़ो लोगो की मौजूदगी मे चेयरमैन श्रीमती जायसवाल ने केक काटा !पूर्व सभासद विजय सोनी, काशीनाथ सोनी,प्रदुम कुमार,राम नयन,विष्णु,किशन कुमार,महादेव कुमार,रोहित कुमार,वसीम शेख, साहिल कुमार,शिव कुमार,अभिषेक कुमार,आकाश कुमार,भोला कुमार, अरुण कुमार,लकी शेख,रितिक कुमार, राम कृपाल पटवा सहित 2 दर्जन से अधिक महिला जहाँ मौजूद रही वही एक अन्य कार्यक्रमानुसार ग्राम पंचायत रामापुर में चेयरमैन गोसाईगंज डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर 133वी जयंती मनाई।ग्राम प्रधान शैलेंद्र सहाय,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजित राम पटेल,सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल पत्रकार÷, राजेश शुक्ल,परमजीत,आकाशदीप, लवेवंत कुमार, मोहित कुमार,सत्य प्रकाश, विराट,रिंकू ,रामप्रसाद, राम नयन,संतोष कुमार तिवारी,सत्यम सिंह,रामकृपाल पटवा एवं सैकड़ो की संख्या में ग्राम पंचायत के लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या में वाहनों का प्रवेश रहेगा पूरी तरह बंदः 22 घंटे राम धाम में ट्रैफिक डायवर्जन रहेगी व्यवस्था लागू

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या।राम नवमी मेला में भीड़ को देखते हुए राम नगरी में 22 घंटे ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। मंगलवार दोपहर दो बजे से बुधवार दोपहर 12 बजे तक राम नगरी में किसी भी प्रकार का वाहन प्रवेश नहीं करने पाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। अयोध्या धाम आने वाले वाहनों को विभिन्न रूटों से डायवर्ट किया जाएगा।

***इन रास्तों से वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद***

रामपथ से अयोध्या धाम आने वाले कामर्शियल वाहन / आटो विक्रम, ई-रिक्शा वाहनों का उदया चौराहे से प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा व उदया फ्लाईओवर से महोबरा (चूडामणि) चौराहा, आशिफ बाग चौराहा, तक ही जा सकेंगे, पुनः उसी रास्ते अयोध्या शहर की तरफ वापस जाएंगे। व अयोध्या धाम मेले में जाने वाले वाहन गैस गोदाम पार्किंग में वाहनों को पार्क करेंगे। उदया चौराहे से टेढ़ी बाजार की तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

गोण्डा की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को लकडमंडी चौराहे से एनएच-27 लोलपुर की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। दुर्गागंज माझा बैरियर से सभी प्रकार के वाहन अयोध्या धाम की ओर प्रतिबंधित रहेंगे। हनुमानगुफा बैरियर से लता मंगेशकर चौक की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय से छोटी छावनी की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

रामघाट चौराहे से तपशी छावनी की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

टेढ़ी बाजार (गुरु वशिष्ठ चौक) से श्रीराम अस्पताल की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। द्वारिकाधीश मन्दिर राजघाट चौराहा से अशर्फी भवन, पुरानी सब्जी मण्डी (पोस्ट आफिस की तरफ) की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परिक्रमा मार्ग से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को गैस गोदाम के पास बनी पार्किंग में वाहन को पार्क करेंगे, गैस गोदाम के आगे सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।

गुप्तारघाट बन्धा मार्ग होकर आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को राजघाट के पास बनी पार्किंग में वाहन को पार्क करेंगे, राजघाट के आगे सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## ग्राम समाज की भूमि पर रात के अंधेरे में हो रहा था निर्माण

***शिकायतकर्ताओं ने लगाई प्रशासन से मदद की गुहार***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुलतानपुर। देहली बाजार-अयोध्या मार्ग पर बेशकीमती ग्राम समाज की जमीन में कब्जा करने की ग्रामीणों ने की शिकायत।बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ऐंजर गांव में ग्रामसभा की जमीन पर हो रहे कब्जे की शिकायत ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) से कर निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग की थी। मिली जानकारी अनुसार कार्य रोक दिया गया है ग्राम पंचायत ऐंजर गांव निवासी वेद प्रकाश तिवारी,महेश कुमार,शशि बिंद कुमार व अरविंद कुमार ने दिए शिकायती पत्र में बताया ग्राम पंचायत के गाटा संख्या 2416 व 2417 पर ग्राम सभा की आरक्षित भूमि है।आरक्षित भूमि पर सुमन यादव पत्नी बम्ब बहादुर यादव निवासिनी पडरे कब्जा करने जुटे हैं जो कि रात के अंधेरे में मजदूरों से निर्माण कार्य कराने में मशगूल है।जिसमे विवाद की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) से अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग की है। मामले में कानून गो राम सुभावन ने बताया क्षेत्रीय लेखपाल न होने के कारण पैमाइश नहीं हो पाई थी लेखपाल निर्वाचन संबंधी कागज जमा करने के लिए तहसील गए थे आज पैमाइश की जाएगी।

# भाजपा चुनावी वादे नहीं करती है अपितु संकल्प पत्र जारी करती है:कमलेश मिश्र

**भाजपा ने पिछले चुनाव में जो भी संकल्प लिया था उसे पूरा भी किया्कमलेश मिश्र**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

6

अम्बेडकर नगर।अम्बेडकर नगर लोक सभा चुनाव चुनाव में भाजपा के लोक सभा प्रत्याशी की जीत का परचम लहराने के लिए भाजपा लगातार कार्यक्रम और बैठकें कर रही है। भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने की कोई कोर कसर भाजपा बाकी नहीं छोड़ना चाहती है।लोक सभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया।भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024 जारी नाम दिया गया है।

भाजपा की संकल्प पत्र जारी होने के बाद जनपद में तूफानी चुनावी दौरे पर आए भाजपा के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी,लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,सह जिला मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक के साथ प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा चुनावी वादे नहीं करती है अपितु संकल्प पत्र जारी करती




है जिसमें संकल्प को पूरा करने की गारंटी भी होती है।भाजपा की चुनावी संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जारी करते हुए भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024 जो नाम दिया है वह भाजपा सरकार नई कार्यकाल में पूरा करेगी।कहा कि भाजपा ने पिछले चुनाव में जो भी संकल्प लिया था उसे पूरा भी किया है।यही मोदी की गारंटी है। कहा कि भाजपा ने कहा कि देश के 70 वर्ष की आयु पूरा कर चुके सभी की 5 लाख रुपए तक फ्री इलाज,देश भर में समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव,गरीबों को 3 करोड़ घर,देश 3 करोड़ दीदियों को लखपति बनाना, बुलेट ट्रेन का विस्तार,युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाला पेपर लीक पर कड़ा कानून,गरीबों को 5 वर्ष तक फ्री राशन उपलब्ध कराए जाने का संकल्प शामिल है।

भाजपा जिला कार्यालय पर लोक सभा कोर कमेटी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता और लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू,लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी,लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय की उपस्थिति में हुई जिला पदाधिकारी,विधान सभा प्रभारी /संयोजक,मोर्चा जिलाध्यक्ष,मण्डल अध्यक्ष/प्रवासी/प्रभारी की बैठक को सम्बोधित करते हुए सांगठनिक संरचना और कार्यों की समीक्षा करते हुए पन्ना प्रमुखों के भूमिका की समीक्षा किया।

केंद्रीय लोक सभा चुनाव कार्यालय में लोक सभा संचालन समिति की बैठक के बाद विधान सभा कटेहरी में विधान सभा संचालन समिति/शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारी/प्रवासी की बैठक और कटेहरी मण्डल की प्रतापपुर चमुरखा के बूथ समिति/पन्ना प्रमुखों की बैठक कर चुनावी मैदान को जीतने का संकल्प और गुर सिखाया।

उपरोक्त बैठकों में मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,राम प्रकाश यादव,शिव नायक वर्मा,लोक सभा सह संयोजक राम मोहन भारती,विधान सभा संयोजक आदर्श चौधरी, आदि शामिल रहे।

# बाबा उमाकान्त जी महाराज कि सरकार, विद्वानों से अपील- आयुर्वेद, प्राकृतिक जड़ी-बूटियों, नियम-संयम, सदाचारिता को दो बढ़ावा




## आज विद्वानों, धार्मिक लोगों द्वारा बताने की जरूरत है कि शाकाहारिता से रोग नहीं आते*

उज्जैन (म.प्र.)इस समय के पूरे समर्थ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि नियम के अनुसार जो काम करता है, वह नियमित होता है। अनियमित वो जो नियम से काम नहीं करता जैसे सुबह देर से उठना। वह अपने स्वास्थ्य के लिए ठीक काम नहीं करता है। और जो प्रातः काल ब्रह्ममुहूर्त में उठ गया, उसका स्वास्थ्य, दिल-दिमाग भी सही, ताजा रहता, भजन-ध्यान में मन लगता, शरीर में थकावट नहीं रहती। उसका जो दैनिक नियम है, वो चलता रहता है, नियमित काम करता है। और जो देर से उठता है, जिसका खान-पान, आहार-विहार का समय सही नहीं है, उसके लिए अनियमितता हो जाती है, आदमी का जीवन अनियमित हो जाता है जिससे तकलीफें होती हैं। आजकल अनियमित जीवन हो गया।

## *शाकाहारिता से रोग नहीं आते*

इस धर्म देश की पौराणिक कथाएं, धार्मिक कथाएं, इनके बारे में (आजकल) कोई बताता है? पहले जितने भी (धर्म प्रचारक) थे, सब शाकाहारी थे, सब शाकाहारी का प्रचार करते थे, शाकाहारी लोगों को बनाते थे। लेकिन आजकल कोई विद्वान है, धार्मिक अपने को मानता है, धर्म का प्रचार करता है, उसको यह बात बतानी चाहिए कि शाकाहारी जीवन बिताना चाहिए। शाकाहारिता से रोग नहीं आते हैं। मदहोश कर देने वाली चीज शरीर के सिस्टम को बिगाड़ देती हैं। जो शराब पी लेते, नशे की गोलियां खाते, नशे वाली जड़ी-बूटियां खाते, उनके शरीर के सिस्टम में तेजी आ जाती है। नींद आने वाली चीजें भी इसी प्रकृति में है। जो आदमी होश में नहीं रह जाता, वही तो नींद होती है। वही जब इस्तेमाल कर लेते हैं, होश में नहीं रह जाता तो गिर जाते हैं। शराब गांजा अफीम भांग के नशे में गिर गए, हाथ-पैर तक टूट जा रहा है। इनको बताने समझने की जरूरत है। यह चीज मनुष्य के लिए नुकसानदेह है। अगर यही आदत बनी रही तो यह रोग ज्यादा फैल जाएगा। रोग ज्यादा हो जाने पर दवा भी कम फायदा करती है क्योंकि दवा खाते-खाते खुराक बन जाता है। फिर दूसरी, तीसरी दवा खोजनी पड़ती है। यह जड़ी-बूटियां, आयुर्वेद है, इसको लोग भूलते चले जा रहे हैं क्योंकि समय लोगों के पास नहीं है।

## *काम, औरत, बच्चों धन दौलत के पीछे कितना रिस्क ले रहा है आदमी*

अभी यह कह दिया जाए की मौत तुम्हारे सामने खड़ी है, मौत को क्यों दावत दे रहे हो, उधर क्यों जा रहे हो तो भी आदमी नहीं मानता है। अपने काम, बच्चे, औरत, धन-दौलत के लिए कितना रिस्क ले रहा है आदमी, मौत को भी भूल जा रहा है। आज विद्वानों, लोगों, आयुर्वेद वालों, सरकारों को चाहिए कि इनको बढ़ाया जाए, इसका ज्ञान कराया जाए, लोगों को बताया जाए, नियम-संयम लोगों को सिखाया जाए। जो प्रकृति ने दिया, ऋषि मुनियों, जानकारों ने बताया है उसको बताया जाए।

## *स्वस्थ शरीर व सुखी जीवन का फार्मूला*

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सरल तरीका यह है कि नियम-संयम समय से रहना, समय से खाना, उठना, शाकाहारी भोजन खाना, (भूख से) थोड़ा कम खाना। टेंशन न हो, पैसा ज्यादा खर्च न हो, परेशानी न हो, दौड़-धूप ज्यादा न करनी पड़े उसके लिए लड़ाई, झगड़ा-झंझट को हटाना, दूर रखना, यह सब सुखी जीवन की चीज हैं।

# प्रत्येक मतदान एजेंट माकपोल के दौरान डालेंगे 10 वोट, 90 मिनट पहले पहुंचना होगा पोलिंग बूथ

## *रीवा लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को है मतदान, प्रशासनिक तैयारी जोरों पर*

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 में मतदान 26 अप्रैल को कराया जायेगा। मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्रवार मतदान दल गठित कर दिये गए हैं। इनमें शामिल पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण 14 से 16 अप्रैल तक निर्धारित केन्द्रों में आरंभ कर दिया गया है। शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा शासकीय विधि महाविद्यालय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में सभी पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों से कहा गया कि प्रशिक्षण जितना ध्यान से लेंगे चुनाव उतनी ही आसानी से होगा। वोटिंग मशीन व्हीव्हीपैट के संचालन में पूरी कुशलता प्राप्त कर लें। इसके कनेक्शन आदि में यदि किसी तरह कि कठिनाई हो तो उसका समाधान कर लें। प्रशिक्षण के संबंध में सभी तरह के संशयों का निराकरण करके चुनाव कार्य के लिए जाएं। मतपत्र लेखा तैयार करने, मतदान केन्द्र कि व्यवस्था, माकपोल, मतदान ऐजेंटो कि नियुक्ति, वोटिंग मशीनों की सीलिंग तथा चुनाव सामग्री के संबंध में दिए गये निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया।




### गोपनीयता का रखें पूरा ध्यान

प्रशिक्षण देते हुये मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतदान केन्द्र में मतदान के लिए गोपनीय कक्ष का निर्माण करें। इसमे प्रकाश तथा मतदान कि गोपनीयता बनाए रखने कि उचित व्यवस्था करें। मतदान केन्द्र में दिव्यांग मतदाताओं कि संख्या प्रदर्शित रहेगी। शत-प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करें। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की सुविधा देने के लिए व्हीलचेयर भी प्रत्येक मतदान केन्द्र में उपलब्ध रहेगी। मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता पर्ची का उपयोग करें। जिन मतदाताओं के पास में मतदाता पर्ची नहीं है उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अभिलेखों

### *वोटिंग से 90 मिनट पहले एजेटों को बुलाएं–*

उन्होंने बताया कि मतदान दल सभी उम्मीदवारो के मतदान एजेंट निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार नियुक्त करें। उन्हें क्रम अनुसार मतदान केन्द्र में बैठने की व्यवस्था करें। मतदान एजेंटों को मतदान से 90 मिनट पूर्व माकपोल के समय उपस्थित रहने की लिखित सूचना दें। माकपोल निर्धारित समय में मतदान ऐजेंटों कि उपस्थिति में सम्पन्न कराएं। माकपोल में कम से कम 50 मतों का मतदान होगा। उम्मीदवारों कि संख्या के अनुसार प्रत्येक मतदान एजेंट को 10 मतों का माकपोल में मतदान निर्धारित करें। माकपोल का परिणाम दिखाने के बाद मशीन को क्लियर करके निर्धारित समय पर वास्तविक मतदान आरंभ कराएं। माकपोल के समय उपस्थित सभी मतदान एजेंटों के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से कराएं। मतदान समाप्त होने के बाद ईव्हीएम कि सीलिंग के समय भी मतदान एजेंटों के हस्ताक्षर कराएं।

### *दिव्यांग तथा बुजुर्गों को बिना लाइन कराएं मतदान*

मतदान दलों को प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि मतदान केन्द्र में सुरक्षा व्यवस्था, दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं को बिना लाइन मतदान करने की सुविधा देने, मतपत्र लेखा तैयार करने, चुनाव की आदर्श आचरण संहिता का पालन करने के संबंध में निर्देश दिये गए। पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद उसका चेकलिस्ट के अनुसार मिलान कर लें। इसी तरह मतदान समाप्त होने के बाद ईव्हीएम तथा अन्य मतदान सामग्री जमा करने के बाद ही उन्हें चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जायेगा। के अनुसार मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उपयोग करें।

# स्पेशल पुलिस अधिकारी के दायित्व हेतु अतिथि शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

दमोह। मॉडल कॉलेज बरपटी में समस्त अतिथि शिक्षक वर्ग 2 एवं वर्ग 3 को लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशेष पुलिस अधिकारी के दायित्व हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जिले भर के लगभग 1300 अतिथि शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र भी जारी किए गए, ताकि वह अपने मतदान का प्रयोग कर लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत को शत प्रतिशत तक बढ़ा सके। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीपीटी के माध्यम से उन्हें उनके दायित्व के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी मुकेश द्विवेदी, एस.एन. हसन, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मोहन राय, मुकेश गुजरे, दिलीप जोशी, हरिओम दुबे, अनिल तिवारी, नाजनीन खान, बी.डी. रैकवार आदि मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



# डेल्हा में दीप प्रज्ज्वलित कर और केक काट कर मनाया गया डॉ भीम राव आंबेडकर का जन्म दिवस

पुष्पेंद्र कुशवाहा मैहर

मैहर के डेल्हा पंचायत में संविधान निर्माता डॉ भीम राव आंबेडकर जी की जयंती बड़े ही धूम धाम तरीके से मनाई गई बाबा भीम राव अम्बेडकर जी के द्वारा किए गए कार्यों को भी याद किया गया और इसके बाद उनकी। जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमे सबसे पहले उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका अभिवादन किया गया और उसके बाद उनके द्वारा किए गए कार्यों के विषय पर लोगो को भी जानकारी दी गई कार्यक्रम में डेल्हा सरपंच अभिषेक जायसवाल सचिव बी एल चौधरी के द्वारा केक काट कर उनका जन्म दिवस मनाया गया और धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे रामदीन साकेत , दशरथ साकेत , स्वामिदीन साकेत, सुग्रीव साकेत, वीरेंद्र साकेत, राकेश साकेत, हेमचंद्र साकेत, अमर साकेत, सोनू साकेत, विवेक साकेत, अंकित साकेत, अभय साकेत ,रामसुमेर साकेत, इंद्रपाल साकेत, मोतीलाल साकेत, बाल्मिक साकेत, रवि साकेत , अभिनव साकेत और तमाम ग्रामीण मौजूद रहे

# एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं बोर्ड का रिजल्ट अप्रैल के अंत में होगा घोषित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की एक करोड़ 10 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब सिर्फ एक प्रतिशत वो उत्तरपुस्तिकाएं जांची जा रही हैं, जिन्हें किसी कारण से होल्ड कर दिया गया था। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है।अब रिजल्ट तैयार करने का काम चल रहा है। इसमें 10 दिनों का समय लगेगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह यानी 22 से 25 अप्रैल तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। एमपी बोर्ड दोनों कक्षाओं का रिजल्ट इस बार भी एक साथ ही आएगा।




बता दें कि 10वीं व 12वीं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इस बार 12वीं के विद्यार्थियों को रसायनशास्त्र में दो बोनस अंक भी मिलेंगे। मंडल के अधिकारियों ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का लक्ष्य पांच अप्रैल तक रखा गया था, लेकिन समय से मूल्यांकन कार्य पूरा नहीं हो सका। शिक्षकों को तेजी से डाटा एनालिसिस कर मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि इस माह के अंतिम सप्ताह तक रिजल्ट घोषित किया जा सके।

# कन्या विद्यापीठ के बैगा बालिकाओं ने राष्ट्रपति से की मुलाकात, भेट की गोंडी पेंटिंग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे

अनूपपुर/पुष्पराजगढ़ । पुष्पराजगढ़ विकासखंड केग्राम पोंडकी में संचालित मां शारदा कन्या विद्यापीठ की छात्राओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। इस दौरान विद्यालय के 30 छात्रों के साथ ही छह सदस्यीय शिक्षक दल उपस्थित रहा। विद्यालय की छात्राओं के साथ राष्ट्रपति ने मुलाकात करते हुए उनसे शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किया जा रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी शिक्षकों के द्वारा राष्ट्रपति को प्रदान की गई। इसके पश्चात विद्यालय की छात्र के द्वारा स्वयं की बनाई हुई गोंडी पेंटिंग भी राष्ट्रपति को भेंट की गई।



## बैग बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा देती है संस्था

मां शारदा कन्या विद्यापीठ स्थानीय बैगा बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। जहां प्रतिवर्ष 100 छात्राओं को शिक्षित किया जाता है यह विद्यालय आवासीय विद्यालय है। पूर्व में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डॉ प्रवीर सरकार जो कि मुख्य रूप से कोलकाता के रहने वाले थे तथा नर्मदा परिक्रमा के लिए अमरकंटक आए हुए थे और यहां के बैगा ग्रामीणों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने यहां विद्यालय प्रारंभ करते हुए बैगा बालिकाओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से इस विद्यालय को 1995 में प्रारंभ किया था।

# अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ ने मनाया स्थापना दिवस

## फ़िलिस्तीनी मुक्ति संघर्ष, भारतीय संविधान व अंबेडकर आदि विषयों पर हुई परिचर्चा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे
अनूपपुर

प्रलेस अनूपपुर ने 14 अप्रैल को एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें प्रलेस के स्थापना दिवस के साथ ही फ़िलिस्तीनी मुक्ति संघर्ष तथा भारतीय संविधान और अंबेडकर आदि विषयों पर परिचर्चा हुई । यद्यपि अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना 9 अप्रैल 1936 को लखनऊ में हुई थी लेकिन 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती थी अतः यह कार्यक्रम 14 अप्रैल के लिए तय किया गया । प्रगतिशील लेखक संघ के स्थापना की योजना सन् 1935 में लंदन के एक रेस्टोरेंट में बनी जब वहाँ पर सज्जाद ज़हीर, मुल्कराज आनंद, प्रमोद रंजन सेन गुप्ता, मुहम्मद दीन तासीर ज्योतिर्मय घोष, हाजरा बेगम तथा उनके कुछ अंग्रेज मित्रों ने गहन मंथन किया और प्रगतिशील लेखक संघ का एक प्राथमिक खाका तैयार किया । सज्जाद ज़हीर जब लंदन से भारत वापस लौटे तो उन्होंने कई प्रदेशों का दौरा कर वहाँ के लेखकों से संपर्क किया और प्रेमचंद से मंत्रणा कर के लखनऊ में 9 और 10 अप्रैल 1936 को एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना की गई जिसमें प्रेमचंद ने अध्यक्षता की इसमें सज्जाद ज़हीर,मुल्कराज आनंद , कन्हैया लाल मुंशी सहित कई प्रसिद्ध लेखकों ने हिस्सा लिया पर कुछ बड़े लेखक इससे दूर रहे । निराला और रामविलास शर्मा लखनऊ में उपस्थित थे फिर भी इस कार्यक्रम में नहीं आए , जैनेंद्र कुमार को ज़रूर प्रेमचंद उस बैठक में ले गए पर इसके बाद जैनेन्द्र हमेशा ही इस संघ से दूर रहे । प्रेमचंद के अध्यक्षीय भाषण से प्रभावित होकर तमाम लेखकों ने इसकी सदस्यता ली और इस तरह से इसका गठन हुआ। प्रलेस का यह कार्यक्रम




मंदाकिनी होटल में सायं 4 बजे से प्रारंभ हुआ । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र ने कहा कि ÷आज हम काफ़ी विषम परिस्थितियों में जी रहे हैं , राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र भक्ति का पैमाना बदल दिया गया है और उस बदले हुए पैमाने की फ़्रेम पर कस कर हम राष्ट्र प्रेम को आंक रहे हैं । यदि हम राष्ट्र से प्रेम करते हैं तो राष्ट्र तो एक सौ चालिस करोड़ लोगों से मिलकर बना है इतना ही नहीं इस देश का सारा भू-भाग ,खेत-खलिहान , नदी-पर्वत, कल-कारख़ाने सब कुछ तो राष्ट्र में समाहित हैं तो हमें इन सब प्रेम होना चाहिए तभी तो हम सच्चे अर्थों में राष्ट्र से प्रेम कर सकेंगे । क्या ऐसा हो रहा है ? जाति , धर्म, संप्रदाय, रहन-सहन , भाषा-प्रांत आदि रूपों में विभाजित होकर यदि एक दूसरे से घृणा करेंगे तो प्रेम कहाँ रह जाएगा, फिर कैसा राष्ट्र प्रेम और कैसी राष्ट्र भक्ति । हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, गांधी , नेहरू, पटेल, बोस, भगत सिंह आदि को एक दूसरे का विरोधी बता कर हम दोनों तरह की विचारधाराओं को समाप्त करने पर नहीं तुले हुए हैं ? सभी की विचारधाराओं में भले अंतर रहा हो पर सभी का उद्देश्य पवित्र और नेक था और एक था , तो इन सब को ख़ारिज करके हम कौन सी विचारधारा का प्रतिपादन कर रहे हैं और किस लोकतंत्र की चर्चा हो रही है जो संविधान सम्मत है भी या नहीं । जब हम व्यथित होते हैं, तनाव में होते हैं, चिड़चिड़ाहट हम पर हावी होती है और थकान महसूस होती है तब हम माँ की गोद में सिर रख कर लेटते हैं और उसका वात्सल्य पूर्ण हाथ हमें सहला रहा होता है तो हम पुनः शांत ,ऊर्जान्वित ,तनाव मुक्त और प्रसन्न हो उठते हैं ठीक उसी तरह की मनोदशा में जब हम गांधी के पास जाते हैं तो हमें शुकून मिलता है तो फिर हम गांधी को ख़ारिज कैसे कर सकते हैं ।राष्ट्र को संविधान सम्मत होना होगा, तभी संविधान की इज़्ज़त और रक्षा होगी । फ़िलिस्तीन का संघर्ष बहुत पुराना है यह यकायक पैदा नहीं हुआ , उसकी जड़ों में जाकर समस्या का पता लगाकर मोहब्बत से उसका हल ढूँढना होगा तभी उसका समाधान हो सकेगा। जब तक शैलेंद्र बोलते रहे , लोग मंत्रमुग्ध हो कर सुनते रहे । ऐसा लग रहा था कि काश समय ठहर जाए शैलेंद्र बोलते रहें और सब सुनते रहें और यह क्रम अनंत काल तक चलता रहे ।जब कक्ष में शैलेंद्र की आवाज़ गूंज रही थी फिर भी एक सन्नाटा पसरा था और कोई आवाज़ नहीं और कोई प्रतिक्रिया नहीं । शैलेंद्र की आवाज़ और श्रोताओं के कानों के बीच एक अजीब तादात्म्य स्थापित हो चुका था।

# अतिक्रमण पर सब मौन : तेजगढ़ में नहरों की जमीनो पर रसूखदारो ने बनाये मकान बाउंड्री



*जिला बयूरो चीफ-धनकुमार विश्वकर्मा दमोह/हर्रई तेजगढ़*

*दमोह हर्रई तेजगढ़/ दमोह--जिले के तेंदूखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत तेजगढ़ में,पूर्व छेत्र में बने परेवा तालाब से निकली नहर की जमीन पर रसूखदारो ने बनाये मकान ओर बाउंड्री-ज्ञात हो कि सिंचाई विभाग द्वारा,नहरों के दोनों ओर भविष्य की जरूरत के लिए पार के अलावा भी,अपने कार्यो के लिये जमीन सुरक्षित रखी जाती है।जिस समय नहर बनती है।उस दौरान अधिग्रहित जमीन का मुआबजा भी दिया जाता है।लेकिन अब नहरों पर अतिक्रमण किया जा रहा है।इस पर सब मोन हैं।मामला दमोह जिले के तेन्दूखेड़ा तहसील अंतर्गत तेजगढ़ ग्राम का हैं।जहाँ सुनवाही उमरिया गांव के ऊपरी दिशा में बहुत पुराना तालाब बना हुआ है।जिसको परेवा तालाब के नाम से जाना जाता है।तेजगढ़ थाना क्षेत्र के कई ग्रामो में तालाब की नहर सिचाई विभाग द्वारा बनाई गई थी।जिससे किसानों को फसलों में पानी का लाभ मिल सके,नहर उमरिया, टपरियों, पिपरिया, पतलोनी, हर्रई, तेजगढ़ करोड़ी पड़रिया, तेजगढ़ रेस्टहाउस, तेजगढ़ गंज तरफ सहित कई इलाको में बनाई गई थी।लेकिन तेजगढ़ में दोनों तरफ दबंग लोगो ने कब्जा कर लिया है।ओर नहर पर मकान बना लिए हैं।जिससे आगे के खेतों में पानी नही पहुँच पाता है।जिससे किसानों को परेसानी बनी हुई है।विभाग के अधिकांश अफसर इस सड़क से आये दिन गुजरते हैं।लेकर इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है।और हैरानी की बात यह है कि अब तक किसी की भी नजर इस पर नही पड़ी।ऐसा नहीं है कि विभागीय अधिकारी इनसे अनजान हैं।सब कुछ जानने के बाद भी जमीन को बचाने के लिए कोशिश नही कर रहे हैं।जिससे दबंगो के हौसले बुलंद हैं।और शासकीय जमीन पर अतिक्रमण जमाये हुए हैं।और जमाते जा रहे हैं।*

## *इनका कहना है*

*सिंचाई विभाग को बोल दिया जा रहा है देखें नहरों को व्यवस्थित रूप से संचालित हो और नहरो में अवरोध ना हो और नहरो की भूमि पर अनाधिकृत कब्जा ना हो सुनिश्चित करें जो बेजा कब्जा है उन्हें हटाने की कार्यवाही करें*

*एसडीएम अविनाश रावत तेन्दूखेड़ा*

# ऑल मुस्लिम इज्तिमाई शादी प्रोग्राम 27 अप्रैल को

## हज़रत सैयद पीर की दरगाह शरीफ बाड़ी कलां पर होगा आयोजन

शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर

केसरिया हिंदुस्तान बाड़ी आल मुस्लिम इज्तिमाई शादी प्रोग्राम हज़रत सैयद पीर गुलाम अली शाह की दरगाह बाड़ी कलां में लगातार चौथी बार आयोजित किया जा रहा है ज्ञात रहे की गुलाम अली शाह की दरगाह पर जो भी लोग अरदास लगाते हैं उनकी अरदास को पीर गुलाम अली शाह मुराद को पूरी करते हैं।



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शादी आयोजन के लिए समिति द्वारा आने वाले मेहमानों एवं विवाह में सम्मिलित सभी लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था और हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है। नगर बाड़ी में ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित होने वाले मुस्लिम शादी प्रोग्राम के लिए समाज बंधुओ में उत्साह दिखाई दे रहा है लगातार 4 वर्षों से लोगों का शादी प्रोग्राम के प्रति उत्साह बढ़ता लोगों का आकर्षित होना आयोजन समिति के लिए उत्साह वर्धन साबित हो रहा है। यह आयोजन के लिए वर एवं वधू एवं आने वाले मेहमानों के लिए सर्व सुविधा प्रदान की गई है। इस हेतु समिति का पंजीयन चल रहा है इस शादी प्रोग्राम में लगभग 40 से 50 जोड़े निकाह कबूल करेंगे काजी साहब द्वारा सामूहिक रूप से निकाह कराया जायेगा पंजीयन एवं निकाह शादी प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल रखी गई है ।

प्रदेश सचिव सलीम भाई मंसूरी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि शादी प्रोग्राम के नियम और शर्तें का पालन करना जरूरी है निकाह शादी प्रोग्राम अच्छे तरीके से आयोजित किए जाएंगे नाबालिग जोड़ों का रजिस्ट्रेशन नहीं स्वीकार होगा । वकील वा मेहर रजिस्ट्रेशन के वक्त प्रोग्राम के समय लाना होगा। पंजीयन के समय जन्म प्रमाण पत्र एवं डॉ. रिपोर्ट शादी की उम्र शासन नियम अनुसार की जाएगी मंसूरी ने बताया कि आए हुए मेहमानों के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था की जा रही है । जिससे लोगों में शादी प्रोग्राम के प्रति उनकी भागीदारी इस हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं।

# थाना कोतवाली पुलिस ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले 3 लोगों के विरुद्ध पृथक पृथक की कार्यवाही



*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छतरपुर*
मो. 7509091263

*मोबाइल डीजे मशीन ज़ब्त कर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, मध्य प्रदेश म्यूजिक ध्वनि प्रदूषण अधिनियम, मोटर अधिनियम तथा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर की गई कार्यवाही*

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन ने आगामी लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता, निर्विघ्न संपन्न हेतु आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव में दुष्प्रभाव डालने तथा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त एक्शन कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है*

जिले में समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 14 अप्रैल 2024 की रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान थाना कोतवाली में संकट मोचन तालाब के किनारे बनी बाउंड्री की दीवार पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा राजनीतिक प्रचार हेतु उनके स्टार प्रचारक की फोटो एवं चुनाव चिन्ह इत्यादि पेंट करने हेतु सूचना प्राप्त हुई।

पुलिस टीम ने मौके पर जाकर मुआयना किया एवं संकटमोचन पहाड़ी के पास दीवार पर एक राजनीतिक पार्टी के स्टार प्रचारक एवं चुनाव चिन्ह संबंधी पेंटिंग पाई गई। अवैध तरीके से प्रचार करने हेतु दीवार पर की गई पेंटिंग वैधानिक होने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में मध्य प्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया फरार आरोपी की तलाश जारी है।

रात्रि गस्त के दौरान विगत रात्रि करीब 2:00 बजे सैफरन लॉन तरफ से महिंद्रा कंपनी की कमांडर जैसी जीप मोबाइल डीजे कसे हुए साउंड फिट किए हुए तेज ध्वनि से बजाता हुआ निकल रहा था। रात्रि 2:00 बजे अवैध तरीके से डीजे मशीन बजाते हुए ले जाते हुए 2 आरोपी को मोबाइल डीजे सिस्टम महिंद्रा कमांडर जीप सहित अभीरक्षा में लेकर थाने लाया गया। मोबाइल डीजे सिस्टम महिंद्रा कमांडर वाहन सहित जप्त कर आरोपी अनूप विश्वकर्मा निवासी ग्वाल मगरा तालाब के पास एवं रज्जू उर्फ राजेश कुशवाहा टोरिया मोहल्ला छतरपुर के विरुद्ध थाना कोतवाली में भारतीय दंड संहिता की धारा 188 मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 7/15, मध्य प्रदेश म्यूजिक एवं ध्वनि प्रदूषण एक्ट 3/10 व धारा 7 मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 130,177 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर उपनिरीक्षक राहुल शुक्ला एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अपने खेत में बोरवेल के गड्ढे को खुला छोडनें एवं गैर इरादतन हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा महेन्द्र सिंह सिकरवार,उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र रीवा साकेत पाण्डेय के निर्देशन मे पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) त्योंथर उदित मिश्रा के नेतृत्व में थाना जनेह पुलिस के द्वारा अप क्र. 75/24 धारा 304 भादवि के आरोपी बृजेन्द्र प्रसाद मिश्रा को किया गया गिरफ्तार।

दिनांक 12/04/24 को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मनिका में एक लडका मयंक आदिवासी पिता विजय आदिवासी उम्र 06 वर्ष निवासी मनिका का अपने गांव से ही लगे बृजेन्द्र मिश्रा के खेत में गेहूँ की बालिया वीनने के लिये अपने साथियों के साथ गया था जो बालिया वीनते समय बृजेन्द्र मिश्रा के खेत मे बने खुले बोर मे अचानक गिर गया है।सूचना उपरांत सूचना से कन्ट्रोल रूम रीवा एवं सभी वरिष्ट अधिकारियों को एवं एसडीआरएफ टीम व एनडीआरएफ टीम को सूचित किया गया जो घटना स्थल पर सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर प्रतिभा पाल,पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह,जिला पंचायत सीईओ सौरभ सोनवणे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात विवेक लाल एवं शहर अनिल सोनकर,एसडीओपी त्यौथर उदित मिश्रा,एसडीएम सर त्यौथर, सीईओ त्यौथर,जनसंसाधन विभाग के अधिकारी गण व डाक्टरो की टीम मौके पर पहुंचे जिनके निर्देशन में घटना स्थल खुले बोर के आस पास जे.सी.बी. एवं बेन माउन्टेन मशीन से रेस्क्यू कार्य लगातार कलेक्टर एवं पु.अ. रीवा के निर्देशन में लगातार 45 घण्टे जारी रहा जिसके बाद बोर में गिरे बच्चे को दिनाक 14/04/24 को समय करीबन 12.40 बजे निकाला गया।जिसे तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी त्यौथर ले जाया गया जहां डाक्टर टीम के द्वारा बच्चे की मृत्यु हो जाना बताया गया।पीएम कार्यवाही की गई जांच के दौरान पाया गया कि भूमि स्वामी बृजेन्द्र मिश्रा के द्वारा अपने खेत मे बोर कराया गया था लेकिन पानी न होने के कारण उसको असुरक्षित ही खुला छोड दिया गया था सुरक्षा की दृष्टि से बोर में कैपिंग नहीं की गई थी।जिस कारण मृतक मयंक आदिवासी पिता विजय आदिवासी की गेहू की बालिया बीनते समय अचानक खुले असुरक्षित बोर बेल में गिर जाने से मृत्यु हो गई है।मौके पर देहाती मर्ग इन्टीमेशन धारा 174 जा. फौ. एवं देहाती नालिसी धारा 304 भादवि का आरोपी बृजेन्द्र मिश्रा पिता हीरामणि मिश्रा निवासी मनिका के विरूद्ध पंजीबद्ध किया।

*विवेचना में लिया जाकर आरोपी की तलास की गई जो आरोपी बृजेन्द्र मिश्रा को दिनांक 15/04/24 को गिरफ्तार किया जा कर विधिअनुसार वैधानिक कार्यवाही की गई है।*

*गिरफ्तार आरोपी का नाम पता- बृजेन्द्र मिश्रा पिता हीरामणि मिश्रा उम्र 38 वर्ष निवासी मनिका थाना जनेह जिला रीवा म.प्र.*

*अपील* रीवा पुलिस सभी किसान भाइयो एवं आमजन से अपील करती है कि आप लोग किसी प्रकार के बोर वेल/ कुएं को असुरक्षित तरीके से खुली अवस्था में न छोडे जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# छतरपुर पुलिस के अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में निरंतर हो रही कार्यवाही

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

विनोद कुमार पांडे

अनूपपुर/जैतहरी

जिले के वन परिक्षेत्र जैतहरी अंतर्गत पोडी बीट के ग्राम सिंघौरा में सोमवार की सुबह जंगल में विचरण कर रहे नर चीतल पर कई आवारा कुत्तों द्वारा दौड़ा कर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल नर चीतल अपनी जान बचाने के लिए भाग कर सिंघौरा निवासी राकेश सिंह पिता प्रताप सिंह सेंगर के गेहूं लगे खेत में आकर बैठ गया नर चीतल के घायल स्थिति में आने की जानकारी पर परिक्षेत्र ससा,वेंकटनगर रामसुरेश शर्मा बीट प्रभारी पोंडी तरुण सिंह मसराम एवं आसपास के





परि,सहा,वनरक्षक,सुरक्षाश्रमिको के साथ जिला मुख्यालय अनूपपुर के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल मौके पर पहुंचे तथा वनविभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए जाने पर उनके निर्देशन में प्रारंभिक उपचार की कार्यवाही की जा रही थी तभी गंभीर रूप से घायल नर चीतल ने दम तोड़ दिया जिसे शासकीय वाहन से वन डिपो जैतहरी ला कर पशु चिकित्सा जैतहरी सचिन समैया से पी,एम,कराने बाद एसडीओ वन अनूपपुर पी,के,खत्री,नायब तहसीलदार जैतहरी धनीराम सिंह,वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल,वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर एवं जैतहरी स्वर्णगौरव सिंह,विवेक मिश्रा,विभिन्न बीटो के परि,सहा, वनरक्षकों,सुरक्षाश्रमिकों की उपस्थिति में पूरे सम्मान के साथ मृत नर चीतल का दाह संस्कार किया गया।

# राम जन्मोत्सव एवं रामनवमी शोभायात्रा 17 अप्रैल को

रामेश्वर मद्धेशिया केसरिया हिंदुस्तान / तहसील प्रभारी/भाटपार रानी देवरिया।



भाटपार रानी नगर के सुप्रसिद्ध प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव 17 अप्रैल को दिन में 12:00 बजे धूमधाम से मनाया जाएगा उक्त सूचना श्री राम जानकी मंदिर समिति के प्रबंधक रामदरश गुप्ता संजय कुमार जायसवाल एवं राजेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दिया। राम जन्मोत्सव के उपरांत रामलला समिति के अध्यक्ष गोली त्रिकाल एवं राजेश गुप्ता के नेतृत्व में भगवान श्री राम की विशाल प्रतिमा का पूजन के उपरांत पूरे नगर में शोभा यात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी जो श्री राम जानकी मंदिर परिसर से चलकर शिव मंदिर रोड होते हुए नगर पंचायत गेट से होते हुए दुर्गा मंदिर रोड स्टेशन रोड से होते हुए बेलपार दाला से वापस मालवीय रोड बापू रोड होते हुए रतसिया मोड़ से वापस मस्जिद रोड आर्य चौक होते हुए राम जानकी मंदिर परिसर में जाकर भगवान श्री राम का शोभा यात्रा का समापन होगा। उक्त शोभा यात्रा में हाथी घोड़ा रथ विभिन्न प्रकार की झांकियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ है रामलला समिति के अध्यक्ष गोली त्रिकाल एवं राजेश गुप्ता तथा श्री राम जानकी मंदिर समिति के अध्यक्ष रामदरश गुप्ता एवं संजय कुमार जायसवाल ने सभी क्षेत्रवासियों एवं नगर वासियों से अपील किया है कि 17 अप्रैल को सुबह 10 बजे आप सभी राम जानकी मंदिर परिसर में पहुंचकर राम जन्मोत्सव के उपरांत शोभायात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का हुआ भव्य स्वागत





सीधी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ स्टार प्रचारक और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के सीधी संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के चुनाव प्रचार हेतु सीधी पहुंचे, जहां स्थानीय हेलीपैड पर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में शानदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री चुरहट के पूर्व विधायक शरदेन्दू तिवारी, भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ,भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, सिंगरौली के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ,जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह , जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, अंजू केसरी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल में रोबोटिक्स फेस्टिवल रोबोफेस्ट 2024 का आयोजन किया गया








सीधी ब्यूरो प्रमुख

सीधी जिले के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल में इस आयोजन के लिए टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन इंजीनियर आर बी सिंह एवं विद्यालय की निदेशिका श्रीमती रचना राजे सिंह जी एवं प्राचार्य श्री बेनी मैथ्यू ने अपनी लिखित शुभकामनाएँ प्रेषित की ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नलिन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि टाटा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. राघवेंद्र द्विवेदी एवं टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के मीडिया प्रभारी प्रो.ओम प्रकाश वर्मा रहे ।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कंप्यूटर विभाग की प्रमुख इंजी. अंकिता सिंह ने बताया कि रोबोटिक्स एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कॉम्पोनेन्ट है। जिसके जरिए स्कूली बच्चों को आईओटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी लेटेस्ट तकनीकों के क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा छात्रों को कार्यक्रम ट्रेनिंग के दौरान रचनात्मक सोच और समस्या को सुलझाने की क्षमता को बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही बच्चों को सभी विषयों को सीखने में भी मदद मिलेगी।

रोबोटिक्स और ऐरो मॉडलिंग ट्रेनिंग विद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है, यह सीधी जिले में पहली बार किया गया है । ज्ञातव्य है कि सिद्धभूमि विद्यालय द्वारा समय प्रति समय नई तकनीकियों को सीखने और सिखाने के लिए कंप्यूटर साइंस, रोबोटिक्स और ऐरो मॉडलिंग का प्रशिक्षण बेंगलोर और हैदराबाद जैसे इंडस्ट्रियल आई टी एक्सपर्ट्स द्वारा दिया जाता है । जिससे सभी विषय विशेषज्ञ सभी टेक्नोलोजिज का प्रयोग अध्यापन में कर सकें ।

प्रोग्रोमिंग माड्युल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सर्किट्स को इंजी. अंकिता सिंह और अभिमन्यु सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा बनाया गया । ऑटोमैटिक टोलगेट, ट्रांजिसन एल ई डी, वॉटर लेवल इंडिकेटर, स्मार्ट लॉक, स्मार्ट डोर बेल, रॉक पेपर सीजर यूजिंग अर्डिनो, ट्रैफिक लाइट जैसे रोबोटिक्स अनुप्रयोगों पर आधारित मॉडल्स का अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया । विद्यार्थियों ने अपने मॉडल्स के बारे में सभी को अवगत कराया । आमंत्रित अतिथियों द्वारा विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में इस तरह के इनोवेटिव और रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया गया । टाटा कॉलेज के प्राचार्य श्री राघवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि जिले में 26 वर्ष पूर्व कंप्यूटर साक्षरता और उच्च शिक्षा का शुभारंभ टाटा समूह द्वारा किया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप जिले के विद्यार्थी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में और शासकीय संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहें हैं । आज रोबोटिक्स फेस्टिवल के द्वारा टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन ने अंतराष्ट्रीय मानकों और विश्व स्तरीय शिक्षा देने की अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है ।

यह प्रयास जिले और क्षेत्र के शिक्षा के गुणवत्ता स्तर को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा । कार्यक्रम का समापन अंकिता सिंह द्वारा वोट ऑफ थैंक्स के साथ किया गया । जिसमें उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य अभिभावकों, आमंत्रित अतिथियों, एडुवेट टीम के सदस्यों, सहायक स्टाफ सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया ।


# भाजपा संकल्प पत्र देश वासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक: गोविंद नारायण शुक्ला

## मोदी का विजन, 140 करोड़ लोगों का मिशन...गोविंद नारायण शुक्ल

## भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर प्रेस वार्ता में बोले प्रदेश महामंत्री।

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायन गुप्ता

बाराबंकी।भाजपा के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक दल नहीं बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के शिल्पी बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर 18 वीं लोकसभा के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया।यह संकल्प पत्र नए भारत का,श्रेष्ठ भारत का,आत्मनिर्भर और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है।यह संकल्प पत्र देश को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का,अंत्योदय से सर्वोदय का एवम ग्लोबल



भारत बनाने की मोदी गारंटी देता है।भाजपा प्रदेश महामंत्री सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर मीडिया से मुखातिब थे।कहा हर भारतवासी मोदी के विजन को अपना मिशन मानकर योगदान देगा।कहा यह पहला आम चुनाव है जिसमे लोग 4 जून को आने वाले परिणाम के प्रति आश्वस्त है।कहा देश के विभिन्न सेक्टरों और प्रत्येक तबके को यह संकल्प पत्र स्पर्श करता है।80 करोड़ लोगो को अगले पांच वर्ष मुफ्त राशन तथा 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा के साथ इसका दायरा बढ़ाने की गारंटी देता है। जिसके सभी वर्गो के 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो को आयुष्मान योजना का लाभ सुनिश्चित कराना है।इसके अलावा भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ने,समान नागरिक संहिता लागू करने,अदालती कार्यवाही में तेजी लाने के साथ ही वन नेशन - वन इलेक्शन की प्रतिबद्धता भी संकल्प पत्र में दोहराई गई है।

उन्होंने कहा पीएम सूर्य योजना के तहत हर गरीब परिवार का बिजली बिल शून्य करने के साथ ही उनकी कमाई बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया है।मोदी ने विगत दस साल में जो परिवर्तन करके दिखाया है उसी नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं जिसमे विरासत पर गर्व और अपनी संस्कृति पर स्वाभिमान का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है।कहा कि गांव,गरीब,किसान एवम नौजवान पर फोकस करते हुए योजनाओं को जमीन पर उतारने का जो काम हुआ है , वो मोदी की गारंटी का आधार है। योजनाओं का शत - प्रतिशत लाभ हर तबके को मिलते हुए देश ने पहली बार देखा है।उन्होंने संकल्प पत्र के सभी बिंदुओं पर मीडिया से चर्चा की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई,संदीप गुप्ता,गुरुशरण लोधी,प्रमोद तिवारी, आशुतोष अवस्थी,रोहित सिंह,रामेश्वरी त्रिवेदी मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी ने संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाई बाबा साहेब की जयंती

## वर्तमान परिस्थितियों में संविधान के मूल्यों की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक - अर्चना गुप्ता

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान झाँसी से ब्यूरों गिरबर सिंह की रिपोर्ट

झांसी मे 14 अप्रैल 24 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को आम आदमी पार्टी द्वारा संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ के रूप में मनाया गया जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम प्रातः 10:30 पर बजे कचहरी चौराहे पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन के दलों के साथियों के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात 12 बजे शिवाजीनगर स्थित जिला कार्यालय पर बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ विषय पर संगोष्ठी हुई जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य में संविधान पर मंडरा रहे खतरे पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित तिरंगा शाखा की कॉर्डिनेटर कायनात सिद्दीकी ने कहा कि संविधान के प्रावधानों को जन जन तक पहुंचाने के लिए नियमित रूप से तिरंगा शाखाओं का आयोजन किया जाना अति आवश्यक है।




प्रांतीय उपाध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा वर्तमान परिस्थितियों में संविधान के मूल्यों की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक। जिलाध्यक्ष अरशद खान ने कहा कि संविधान बचाओ - तानाशाही हटाओ आज की सबसे बड़ी जरूरत है। महानगर अध्यक्ष गयादीन कुशवाहा ने कहा कि संविधान बदलने के मंसूबों को किसी भी कीमत पर पूरा नहीं होने देंगे।महिला जिला उपाध्यक्ष भाग्यलक्ष्मी अय्यर ने कहा कि प्रारंभिक स्तर से ही संविधान को बच्चों के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। संविधान के प्रति शपथ के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरशद खान, प्रांतीय उपाध्यक्ष अर्चना गुप्ता, तिरंगा शाखा कॉर्डिनेटर कायनात सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष ग्यादीन कुशवाहा, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी परवेज, जिला उपाध्यक्ष तुलसीदास कुशवाहा, महिला जिला उपाध्यक्ष भाग्यलक्ष्मी अय्यर, ष्टुड्ढस्र् प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन साहू, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रविन्द्र रायकवार, आशीष तिवारी, नरेंद्र जयसवाल, नीलम चौधरी, सोनू पीटर, मुन्नालाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुत्तुसिंह कुशवाहा ने तथा सभी के प्रति आभार महिला जिलाध्यक्ष सीमा कुशवाहा ने व्यक्त किया।